4 रायपुर संभाग
नगरीय निकाय निर्वाचनः नामांकन के पहले दिन प्रत्याशियों ने खरीदे...

6 अभिमत
इमरान खान को सजा पाकिस्तानी राजनीति

09 छत्तीसगढ़
महाकुंभ में संस्कार भारती द्वारा भारत की नारी शक्ति का गौरव...

10 छत्तीसगढ़
सीएमओ ने दुकानों में दी दबिश, 36 सेट चाइनीज...

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, शुक्रवार 24 जनवरी 2025 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-154 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### पराक्रम दिवस पर धनखड़ ने नेता जी को किया नमन



**नई दिल्ली (वार्ता)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने पराक्रम दिवस पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस को भावपूर्ण नमन करते हुए कहा है कि उनकी निर्भीक देशभक्ति ने करोड़ों लोगों को प्रेरित किया है। उपराष्ट्रपति सचिवालय की ओर से जारी एक संदेश में धनखड़ ने कहा कि भारत की स्वतंत्रता के प्रति समर्पण और आजाद हिंद फौज का गठन नेताजी के साहस और असाधारण विचारों का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि नेताजी के भारत को विदेशी शासन से मुक्त कराने में महान योगदान और साहस तथा देशभक्ति ने असंख्य भारतीयों को प्रेरित किया है। नेताजी ने निस्वार्थ भाव से मातृभूमि की सेवा की।

### अपने गुरु अन्ना हजारे को धोखा देने वाले, दिल्ली की जनता को फिर धोखा देंगे : योगी



**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिल्ली के मतदाताओं को आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल से सावधान रहने का आह्वान करते हुए कहा कि अपने गुरु अन्ना हजारे को धोखा देने वाले दिल्ली की जनता को फिर धोखा ही देंगे। योगी ने उत्तरी दिल्ली के किराड़ी विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी उम्मीदवार बजरंग शुक्ला के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, श्री केजरीवाल ने अपने गुरु अन्ना हजारे को धोखा दिया, वह दिल्ली की जनता को फिर धोखा ही देंगे। उन्होंने आम आदमी पार्टी के मुखिया को झूठ की एटीएम मशीन करार देते हुए कहा, दिल्ली में बुनियादी सुविधाएं नहीं हैं, महाकुंभ में अच्छी और शानदार सड़कें हैं, दिल्ली में सड़कों में गड्ढा है कि गड्ढों में सड़क है पता नहीं लगता।

### ट्रेन में आग लगने की अफवाह फैलाने वालों को मिले कड़ी सजा : राहुल



**नई दिल्ली (वार्ता)।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि महाराष्ट्र में ट्रेन में आग लगने की अफवाह के कारण कई लोगों की जान गई और कई अन्य के जख्मी होने की खबर अत्यंत दुखद है तथा इस तरह के हालात पैदा होने के पीछे के कारणों की पड़ताल कर दोषियों को सख्त सजा दी जानी चाहिए। गांधी ने गुरुवार को कहा, महाराष्ट्र के जलगांव में हुए भीषण ट्रेन हादसे में कई लोगों के मौत और कईयों के घायल होने की ख़बर बेहद दुखद और व्यथित करने वाली है। शोकाकुल परिवारों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की आशा करता हूं। सरकार और प्रशासन सुनिश्चित करे कि घायलों का बेहतर से बेहतर इलाज हो।

# इन्वेस्टर्स कनेक्ट मीट में छत्तीसगढ़ में एफडीआई के खुले रास्ते

# छत्तीसगढ़ में निवेशकों के लिए बिछाया रेड कारपेट : विष्णुदेव

पायनियर संवाददाता ✓ मुम्बई
www.dailypioneer.com




मुंबई में आयोजित इन्वेस्टर कनेक्ट मीट में छत्तीसगढ़ के लिए विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) के रास्ते खुल गए हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मुंबई में अमेरिकी कॉन्सल जनरल और रशिया कॉन्सल जनरल से मुलाकात की। दोनों अधिकारियों ने छत्तीसगढ़ में निवेश की इच्छा जताते हुए राज्य के अनुकूल कारोबारी माहौल की सराहना की। मुख्यमंत्री साय ने बताया कि नई औद्योगिक नीति के कारण अब तक छत्तीसगढ़ ने लगभग 1 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव आकर्षित किए हैं। ये प्रस्ताव हाल ही में रायपुर, दिल्ली और मुंबई में आयोजित इन्वेस्टर कनेक्ट समिट के दौरान प्राप्त हुए। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इन्वेस्टर्स कनेक्ट मीट में देश के प्रमुख उद्योगपतियों और निवेशकों से सीधा संवाद किया। मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ में निवेश के लिए आमंत्रित करते हुए कहा हमने नई उद्योग नीति के माध्यम से निवेशकों के लिए रेड कारपेट बिछाया है। इस दौरान उन्होंने निवेशकों को हर संभव मदद का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम में शामिल हुए प्रमुख उद्योगपतियों से छत्तीसगढ़ सरकार को छह हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव भी प्राप्त हुए। मुख्यमंत्री साय ने राज्य की नई औद्योगिक नीति 2024-30 की खूबियों को साझा करते हुए कहा कि निवेशकों की पसंदीदा नीति बनाने के लिये हमने न्यूनतम शासन-अधिकतम प्रोत्साहन को सूत्रवाक्य के रुप में अपनाया है। इसके अंतर्गत हमने एनओसी की प्रक्रिया को बेहद आसान कर दिया है। सिंगल विंडो सिस्टम के माध्यम से अब क्लियरेंस हो रहे हैं। इससे निवेशकों को खासी राहत मिल रही है। मुख्यमंत्री ने कहा नई उद्योग नीति में निवेश एवं रोजगार के अवसरों में वृद्धि के लिए 1 हजार करोड़ रुपए अथवा एक हजार लोगों को रोजगार देने वाले उद्योगों को बी-स्पोक नीति का अवसर प्रदान किया गया है। इस नीति में 30 से 50 प्रतिशत तक एवं 200 से 450 करोड़ रुपए तक स्थायी पूंजी निवेश का प्रावधान किया गया है। 5 से 12 वर्ष तक नेट एसजीएसटी प्रतिपूर्ति, रोजगार एवं ईपीएफ प्रतिपूर्ति तथा प्रशिक्षण व्यय की प्रतिपूर्ति के लिए आकर्षक प्रावधान किये गये हैं। मुख्यमंत्री ने बताया नये जमाने के उद्योगों जैसे आर्टिफि शियल इंटेलीजेंस, रोबोटिक्स, कंप्यूटिंग, ग्रीन हाइड्रोजन जैसे क्षेत्रों में निवेश के लिए आकर्षक प्रावधान रखे गये हैं। नवा रायपुर में हम डाटा सेंटर भी आरंभ कर रहे हैं। नवा रायपुर को हम आईटी हब के रूप में विकसित कर रहे हैं और यहां आईटी कंपनियों ने काम करना आरंभ कर दिया है। नवा रायपुर आधुनिक सुविधापूर्ण और व्यवस्थित शहर है साथ ही ग्रीनफील्ड शहर भी हैं जिससे आईटी इंडस्ट्री के विकास के लिए यहां भरपूर संभावनाएं हैं। इसके साथ ही इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रानिक्स, फार्मा, टैक्सटाइल, फूड एंड एग्रो प्रोसेसिंग जैसे क्षेत्रों में भी विशेष रियायत दी गई है। हम नवा रायपुर में फ ार्मास्यूटिकल पार्क भी स्थापित कर रहे हैं जो सेंट्रल इंडिया का सबसे बड़ा फ ार्मास्यूटिकल पार्क होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बस्तर में नगरनार स्टील प्लांट के पास ग्राम नियानार में हम 118 एकड़ में नये औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना करने जा रहे हैं इससे यहां बड़े पैमाने पर लघु, सूक्ष्म एवं मध्यम उद्यमों को स्थापना के अवसर मिलेंगे।

### कई प्रमुख उद्योग समूहों ने राज्य में निवेश के दिए प्रस्ताव

इन्वेस्टर कनेक्ट मीट में अम्बुजा सीमेंट लिमिटेड ने राज्य में 2367 करोड़ के निवेश प्रस्ताव की घोषणा की। वहीं बॉम्बे हॉस्पिटल ट्रस्ट ने राज्य में विश्वस्तरीय अस्पताल बनाने की इच्छा जताई है, जिसके लिए उन्होंने 700 करोड़ के निवेश का प्रस्ताव दिया है। नया रायपुर में अस्पताल की स्थापना से न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि आसपास के राज्यों को भी बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी। प्लास्टिक और टेक्सटाइल के क्षेत्र में अग्रणी वेलस्पन ग्रुप ने छत्तीसगढ़ में 500 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना साझा की है। वहीं रूल्स कंपनी ने पालतू जानवरों के आहार के उत्पादन को बढ़ाने के लिए राजनांदगांव में 625 करोड़ रुपये का निवेश की घोषणा की है। कंपनी द्वारा ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए 30 मेगावॉट सोलर पावर प्लांट भी लगाया जाएगा। इसके साथ ही क्रिटेक टेक्नोलॉजीज ने राज्य में आईटी क्षेत्र में 600 करोड़ रुपये का निवेश के प्रस्ताव दिए हैं। नन्टेक्स मशीनरी ने 45 करोड़ और नन्टेक्स इंडस्ट्रीज ने 39.50 करोड़ तथा पिडिलाइट इंडस्ट्रीज 80 करोड़ व विजन प्लस सिक्योरिटी ने 50 करोड़ के निवेश की योजना साझा की है। इन सबके साथ ही अन्य कंपनियों को मिलकर कुल 6000 करोड़ के निवेश प्रस्ताव छत्तीसगढ़ को मिले हैं।

# पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पहुंचे सेंट्रल जेल लखमा और देवेंद्र यादव से की मुलाकात




पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रायपुर सेंट्रल जेल पहुंचे। जहां अलग-अलग मामलों में रायपुर सेंट्रल जेल में बंद कोंटा विधायक कवासी लखमा और भिलाई विधायक देवेंद्र यादव से भूपेश ने मुलाकात की। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मुलाकात के बाद मीडिया से चर्चा में कहा कि हमारे विधायक साथी कवासी लखमा और देवेंद्र यादव, दोनों से मेरी मुलाकात हुई। उन्होंने कहा कि कवासी लखमा और देवेंद्र यादव को जबरदस्ती फंसाया गया है। भारतीय जनता पार्टी ने तय कर रखा है कि उनके खिलाफ जो आवाज उठाएगा, उसका मुंह बंद कराना है। कवासी लखमा का कोई दोष तो है नहीं, उसको जबरदस्ती अंदर कर दिए हैं। चुनाव आया है, इस कारण से ऐसा कर रहे हैं। शराब घोटाले में ईडी की स्पेशल कोर्ट ने 21 जनवरी को हुई सुनवाई के बाद लखमा को 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर भेज दिया था। कोर्ट में पेशी के दौरान कवासी लखमा ने कहा था कि मैं निर्दोष हूं। मुझे फंसाया जा रहा है। मुझे न्यायपालिका पर पूरा विश्वास है। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव बलौदाबाजार हिंसा मामले में 17 अगस्त 2024 से रायपुर की सेंट्रल जेल में बंद है। बलौदाबाजार पुलिस ने मामले में उन्हें पूछताछ के लिए चार बार नोटिस जारी किया गया था, लेकिन विधायक के हर बार बयान देने से मना करने के बाद उन्हें गिरफ्तार किया था। लखमा और यादव से भूपेश बघेल के मुलाकात की कई राजनीतिक मायने निकाले जा रहे हैं। बहरहाल भूपेश बघेल मीडिया के सामने यह कहते नजर आए कि भाजपा कांग्रेसी विधायकों को टारगेट कर रही है।

## चुनाव प्रबंध करने वाले निकाय तकनीकी चुनौतियों से निपटने के लिए कारगर रणनीति बनाएं : राजीव कुमार

पायनियर संवाददाता ✓ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने लोकतांत्रिक देशों में चुनाव का प्रबंधन करने वाले निकायों को चुनावी प्रक्रियाओं में विश्वास को खत्म करने वाले फर्जी बातों के प्रति सावधानी बरतने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि ऐसी बातें चुनाव-की महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं को ही आहत करने के लिए फैलायी जाती हैं। कुमार ने कहा कि ऐसी फर्जी बातों का मुख्य उद्देश्य चुनाव के मर्मस्थल को बेधना होता है। कुमार ने राजधानी में चुनाव प्रबंधन करने वाले राष्ट्रीय निकायों और लांकतांत्रिक चुनाव पद्धतियों के क्षेत्र में काम करने वाले वैश्विक संगठनों के एक अंतराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन कर रहे थे। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा, इस तरह के मनगढ़ंत आख्यान सामान्यतः ऐसे समय फैलाए जाते हैं जब चुनाव प्रक्रिया किसी महत्वपूर्ण मोड़ पर होती है। दो दिन का यह सम्मेलन चुनाव प्रबंधन के प्रमुख समकालीन मुद्दों पर चर्चा के लिए आयोजित किया गया है जिसमें भूटान, जॉर्जिया, नामीबिया, उज्बेकिस्तान, श्रीलंका, इंडोनेशिया, कजाकिस्तान, आयरलैंड, मॉरीशस, फिलीपींस, रूसी संघ, ट्यूनीशिया और नेपाल सहित 13 देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों (ईएमबी) के लगभग 30 प्रतिनिधि इसमें भाग ले रहे हैं। 'वैश्विक चुनाव वर्ष 2024: लोकतांत्रिक स्थानों की पुनरावृत्ति, ईएमबी के लिए सीख' विषय पर सम्मेलन का आयोजन ईसीआई द्वारा भारत और अन्य देशों में 2024 में चुनाव आयोजित करने में ईएमबी के विविध अनुभवों के आधार पर किया गया है। सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में अपने मुख्य भाषण में कुमार ने दक्षता, पारदर्शिता और मतदाता विश्वास बढ़ाने में प्रौद्योगिकी और डिजिटल नवाचारों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करती है, लेकिन यह साइबर सुरक्षा खतरों और गलत सूचना जैसी चुनौतियां भी लाती है। उन्होंने चुनाव प्रबंध करने वाले निकायों से इन तकनीकी चुनौतियों से निपटने के लिए रणनीतियों को कारगर बनाने का आग्रह किया, ताकि जोखिमों को प्रभावी ढंग से कम किया जा सके। उन्होंने कहा कि 2024 चुनौतियों और जटिलताओं के बीच लोकतांत्रिक मूल्यों की पुष्टि के लिए ईएमबी के लिए एक निर्णायक वर्ष था। सम्मेलन में मॉरीशस के चुनाव आयुक्त अब्दुल रहमान मोहम्मद इरफान, भूटान के सीईसी दाशो सोनम तापगे, कजाकिस्तान गणराज्य के अध्यक्ष और सीईसी नूरलान अब्दिरोव, नेपाल के सीईसी दिनेश के. थापलिया, नामीबिया के चुनाव आयोग की अध्यक्ष एल्सी न्धिकेम्बुआ, इंडोनेशिया के आम चुनाव आयोग के आयुक्त इधम होलिक, रूसी संघ की एल्मीरा खैमुरज़िना, श्रीलंका की अनुसूया शानमुगनाथन, ट्यूनीशिया की नजला अब्रूगी और उज्बेकिस्तान के बखरोम कुचकारोव तथा अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि जैसे कि इंटरनेशनल फाउंडेशन फॉर इलेक्टोरल सिस्टम्स (आईएफईएस) के अध्यक्ष एवं सीईओ एंथनी नाथन बैनबरी और ए-वेब तथा इंटरनेशनल आईडीईए के महासचिव इन-सिक-जंग सम्मेलन में भाग ले रहे हैं।

## शाह ने अहमदाबाद में हिन्दू आध्यात्मिक और सेवा मेले का उद्घाटन किया

एजेंसी ✓ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात के अहमदाबाद में हिन्दू आध्यात्मिक और सेवा मेले का उद्घाटन किया। शाह ने इस अवसर पर कहा कि हिन्दू आध्यात्मिक सेवा मेले के तहत 200 से भी अधिक सेवा करने वाली संस्थाओं को एक मंच पर लाने का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि देश पर बहुत सारे आक्रमणों और गुलामी के लंबे कालखंड के बाद भी हमारे परिवार की ईकाई को सुरक्षित रखने का काम परिवार रूपी संस्था और उसके भारतीय हिन्दू मूल्यों ने किया है। उन्होंने कहा कि हमारे पारिवारिक मूल्यों के विकास, सातत्य, उनके संरक्षण और संवर्धन में हिन्दू आध्यात्मिक सेवा मेले की बहुत बड़ी भूमिका है। गृह मंत्री ने कहा कि इस मेले में अहिल्याबाई होल्कर और उनके जीवनकाल के बारे में भी एक स्टॉल लगाया गया है। अहिल्याबाई उस समय में अंधेरे में चमकने वाली एक बिजली के समान थीं, जिन्होंने देशभर में तोड़े गए 280 से अधिक धर्मस्थानों के पुनरुद्धार का कार्य किया। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई के 300 वर्षोत्सव को काफी बड़े पैमाने में मनाया जा रहा है और ऐसे में इस मेले में अहिल्याबाई के बारे में लगाया गया स्टाल गुजरात के युवाओं और महिलाओं के लिए काफी ज्ञानवर्धक साबित होगा। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि इस मेले में आदिवासियों की जीवन पद्धति का शहरी लोगों को अनुभव कराने के लिए भी स्टॉल लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि मेले के दौरान सात हवनकुंड में पूरे दिन सुबह से शाम तक यज्ञ चलेंगे, गायत्री महायज्ञ चलेंगे और भारतीय खेलों को भी पुनर्जीवित करने के प्रयास किए जाएंगे। शाह ने कहा कि इन दिनों प्रयागराज में महाकुंभ चल रहा है और 144 वर्ष बाद बने शुभ संयोग में हो रहे महाकुंभ को दुनियाभर के लोग आश्चर्यचकित होकर देख रहे है। कुंभ एक ऐसा आयोजन है जिसमें ग्रह-नक्षत्रों के योग बनते ही करोड़ों लोग आ जाते हैं।

## जिला सहकारी बैंक का तत्कालीन शाखा प्रबंधक गिरफ्तार

## सहयोगियों के दम पर किया 1 करोड़ 33 लाख रुपए का घोटाला

पायनियर संवाददाता ✓ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



जिला सहकारी बैंक में एक करोड़ 33 लाख रुपये की वित्तीय अनियमितता के मामले में पुलिस ने तत्कालीन शाखा प्रबंधक शंकर राम भगत व उनके सहयोगी मनोज विश्वास को गिरफ्तार कर लिया है। गबन की राशि से मनोज विश्वास के द्वारा क्रय एक ट्रैक्टर और एक पिकअप को भी जब्त किया गया है। इसके पूर्व दो आरोपी बैंक कर्मचारियों में विजय उइके व राजेश पाल को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था। तत्कालीन शाखा प्रबंधक ने अपने साथियों के साथ मिलकर संगठित आर्थिक गिरोह बनाकर नियम विरुद्ध व गैर वित्तीय तरीके से गड़बड़ी की थी। पुलिस द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि जिला सहकारी बैंक शाखा रामानुजगंज में शाखा प्रबंधक शंकर राम भगत, कैशियर विजय कुमार उइके, राजेश पाल, कंप्यूटर आपरेटर पंकज विश्वास के द्वारा संगठित गिरोह बनाकर एक करोड़ 33 लाख रुपए का गमन किया गया था। गौरतलब है कि किसानों व समितियों को मिलने वाली रकम व ऋण की राशि एवं समितियों के लाभांश को गैर वित्तीय एवं गैर बैंकिग नियम के तहत समितियों के खाता धारको, किसानों के शासकीय रकम का गबन किया गया था। जांच के बाद राजेश उइके व विजय पाल को पहले ही गिरफ्तार किया गया था। वही तत्कालीन शाखा प्रबंधक शंकर राम भगत फरार चल रहा था, एक अन्य फरार आरोपी पंकज विश्वास के भाई मनोज विश्वास की शासकीय राशि गमन के मामले में संलिप्तता पाई गई थी, मुखबीर की सूचना पर अंबिकापुर कन्या परिसर रोड निवासी शंकर राम भगत को और पुलिस थाना रामानुजगंज अंतर्गत केरवाशिला निवासी मनोज विश्वास की गिरफ्तार किया गया। मिली जानकारी अनुसार पूछताछ के दौरान शंकर राम भगत ने स्वीकार किया कि उसके द्वारा संगठित गिरोह बनाकर स्वयं से फर्जी समितियों का प्रस्ताव, चेक बुक, जमा व निकासी पर्ची के माध्यम से शासकीय राशि का आहरण व समायोजन कर गबन किया गया था। उक्त दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया जहां से न्यायिक रिमांड पर उन्हें जेल भेज दिया गया है साथ ही उक्त प्रकरण के आरोपियों के संपूर्ण चल एवं अचल संपत्ति की भी जांच पुलिस द्वारा की जा रही है।

### हमें खुद को ग्लोबली बेस्ट बनाना है, तो एक्सीलेंस को चुनना ही है

# कंफर्ट जोन से बचें, श्रेष्ठता, दक्षता पर फोकस करें युवा : मोदी

पायनियर संवाददाता ✓ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए देश के युवाओं का आह्वान किया कि वे विकसित भारत के निर्माण के लिए आरामतलबी से दूर रह कर श्रेष्ठता, परिश्रम एवं दक्षता पर फोकस करके वैश्विक स्तर पर सर्वश्रेष्ठ हासिल करें। मोदी ने नेताजी की जयंती पर ओडिशा के कटक में आयोजित पराक्रम दिवस कार्यक्रम को वीडियो लिंक से संबोधित करते हुए कहा कि आज जब हमारा देश विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि में जुटा है, तब नेताजी सुभाष के जीवन से हमें निरंतर प्रेरणा मिलती है। नेताजी के जीवन का सबसे बड़ा लक्ष्य था- आजाद हिंद। उन्होंने अपने संकल्प की सिद्धि के लिए अपने फैसले को एक ही कसौटी पर परखा- आजाद हिंद। प्रधानमंत्री ने कहा, नेताजी एक समृद्ध परिवार में जन्मे, उन्होंने सिविल सर्विसेस की परीक्षा पास की। वो चाहते तो अंग्रेजी शासन में एक वरिष्ठ अधिकारी बनकर आराम की जिंदगी जीते, लेकिन उन्होंने आजादी के लिए कष्टों को चुना, चुनौतियों को चुना, देश विदेश में भटकना पसंद किया, नेता जी सुभाष कंफर्ट जोन के बंधन में नहीं बंधे। इसी तरह आज हम सभी को विकसित भारत के निर्माण के लिए अपने कंफर्ट जोन से बाहर निकलना है। हमें खुद को ग्लोबली बेस्ट बनाना है, एक्सीलेंस को चुनना ही है, एफिशिएंसी पर फोकस करना है। उन्होंने कहा कि नेताजी ने देश की स्वतंत्रता के लिए आजाद हिंद फौज बनाई, इसमें देश के हर क्षेत्र हर वर्ग के वीर और वीरांगनाएं शामिल थीं। सबकी भाषाएं अलग-अलग थीं, लेकिन भावना एक थी देश की आजादी। यही एकजुटता आज विकसित भारत के लिए भी बहुत बड़ी सीख है। तब स्वराज के लिए हमें एक होना था, आज विकसित भारत के लिए हमें एक रहना है। मोदी कहा, आज देश में विश्व में हर तरफ भारत की प्रगति के लिए अनुकूल माहौल है। दुनिया भारत की ओर देख रही है कि कैसे हम इस 21वीं सदी को भारत की शताब्दी बनाते हैं और ऐसे महत्वपूर्ण कालखंड में हमें नेताजी सुभाष की प्रेरणा से भारत की एकजुटता पर बल देना है। हमें उन लोगों से भी सतर्क रहना है, जो देश को कमजोर करना चाहते हैं, जो देश की एकता को तोड़ना चाहते हैं। उन्होंने कहा, नेताजी सुभाष भारत की विरासत पर बहुत गर्व करते थे। वे अक्सर भारत के समृद्ध लोकतांत्रिक इतिहास की चर्चा करते थे और उससे प्रेरणा लेने के लिए समर्थक थे। आज भारत गुलामी की मानसिकता से बाहर निकल रहा है। अपनी विरासत पर गर्व करते हुए विकास कर रहा है। मेरा सौभाग्य है कि आजाद हिंद सरकार के 75 वर्ष पूरे होने पर लाल किले पर मुझे तिरंगा फहराने का मौका मिला था। उस ऐतिहासिक अवसर को मैं कभी भूल नहीं सकता। नेताजी की विरासत से प्रेरणा लेते हुए हमारी सरकार ने 2019 में दिल्ली के लाल किले में नेताजी सुभाष को समर्पित म्यूजियम का निर्माण किया। उसी साल सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार शुरू किए गए।

### आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़ हथियार, गोला बारुद किये बरामद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में गणतंत्र दिवस से पहले सुरक्षा बलों ने उप जिला अवंतीपोरा में एक आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़ कर भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद बरामद किया है। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने तलाश अभियान के दौरान हथियार, तात्कालिक विस्फोटक उपकरण (आईईडी) बनाने में इस्तेमाल होने वाली सामग्री बरामद की है। उन्होंने बताया कि पुलिस की एक संयुक्त टीम ने सेना की राष्ट्रीय राइफल्स (42 आरआर) और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 130 बटालियन के साथ मिलकर अवंतीपोरा के लारमूह में एक सरकारी स्कूल में छिपे आतंवादी ठिकाने का भंडाफोड़ किया। पुलिस ने बताया कि एक विशेष जानकारी पर कार्रवाई करते हुए संयुक्त बलों ने लारमूह में तलाशी अभियान चलाया और अभियान के दौरान इस ठिकाने का भंडाफोड़ किया गया।



# डॉ. अंबेडकर के साथ हमेशा अन्याय किया कांग्रेस ने : मोहन यादव

पायनियर संवाददाता ◀ भोपाल
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कांग्रेस के नेताओं पर बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के साथ हमेशा अन्याय करने का आरोप लगाते हुए कहा कि अब इसी दल के नेता वोट के लालच में उनका नाम लेकर महू में जुटने जा रहे हैं। डॉ यादव ने भोपाल के सबसे बड़े लगभग तीन किलोमीटर लंबे फ्लाईओवर के लोकार्पण समारोह को संबोधित किया। इस अवसर पर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह और अनेक जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे। डॉ यादव ने घोषणा की कि इस फ्लाईओवर को डॉ अंबेडकर के नाम पर जाना जाएगा। डॉ यादव ने इंदौर के पास महू में 27 जनवरी को कांग्रेस की ओर से प्रस्तावित कार्यक्रम की ओर इशारा करते हुए कहा कि कांग्रेस और उसके नेता वोट की खातिर ऐसा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि डॉ अंबेडकर ने धारा 370 का विरोध किया था, लेकिन तत्कालीन कांग्रेस नेताओं ने इसे लागू किया। इसी तरह डॉ अंबेडकर को सरकार में बेहतर और उनकी रुचि का मंत्रालय नहीं दिया गया। जब उन्होंने लोकसभा चुनाव लड़ा, तो कांग्रेस ने उन्हें हरवा दिया। इसी तरह ऐसे अनेक उदाहरण है, जहां पर कांग्रेस ने डॉ अंबेडकर का विरोध किया। वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ यादव ने कहा कि लेकिन अब कांग्रेस वोट की खातिर डॉ अंबेडकर के नाम को याद करती है। इसलिए ये लोग महू में जुट रहे हैं। उन्होंने महान क्रांतिकारी सुभाषचंद्र बोस का नाम लेकर उनके देशहित में कार्य गिनाए और कहा कि लेकिन कांग्रेस के तत्कालीन नेताओं ने बोस की भी खिलाफत की और उन्हें हमेशा आगे बढ़ने से रोकने का प्रयास किया। बोस ने अंग्रेजों के अधीन नौकरी भी नहीं की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा ही सच्चे अर्थों में डॉ अंबेडकर के बताए मार्ग पर चल रही है। उनके विचारों को आगे बढ़ा रही है। उन्होंने इस दिशा में केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा उठाए गए कदमों के बारे में भी बताया। डॉ यादव ने इस दौरान भोपाल के विकास के संबंध में अनेक घोषणाएं करते हुए कहा कि शुक्रवार को राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक महेश्वर में आयोजित हो रही है और इस दौरान अनेक निर्णय लिए जाएंगे। मंत्रिपरिषद भोपाल के विकास के संबंध में भी योजनाओं को स्वीकृत करेगी।

# डीआरडीओ परेड में अग्रणी प्रौद्योगिकी और रक्षा उपकरणों का प्रदर्शन करेगा

पायनियर संवाददाता ◀ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों के साथ भारत को सशक्त बनाने और रक्षा क्षेत्र में 'आत्मनिर्भरता' हासिल करने के अभियान के तहत कर्तव्य पथ पर 76 वें गणतंत्र दिवस परेड में राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अपने कुछ अग्रणी नवाचारों का प्रदर्शन करेगा। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि डीआरडीओ की झांकी का विषय रक्षा कवच- बहु-क्षेत्रीय खतरों के खिलाफ बहु-स्तरीय संरक्षण है। इसमें त्वरित प्रतिक्रिया सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल, एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल सिस्टम, 155 मिमी/52 कैल एडवांस्ड टोड आर्टिलरी गन सिस्टम, ड्रोन का पता लगाना, रोकना और नष्ट करना, सैटेलाइट-आधारित निगरानी प्रणाली, मध्यम शक्ति रडार-अरुध्रा, उन्नत हल्के वजन के टारपीडो, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली - धर्मशक्ति, लेजर-आधारित निर्देशित ऊर्जा हथियार, बहुत कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली, स्वदेशी मानव रहित हवाई प्रणाली, सुरक्षा बलों के लिए वी/यूएचएफ मैनपैक सॉफ्टवेयर परिभाषित रेडियो, स्वदेशी सुरक्षित सैटेलाइट फोन और उग्रम असॉल्ट राइफल को दिखाया जायेगा। इसके अलावा, डीआरडीओ की 2024 की प्रमुख उपलब्धियों को भी झांकी के पोस्टरों में प्रदर्शित किया जाएगा। इनमें लंबी दूरी की हाइपरसोनिक एंटी-शिप मिसाइल, हल्के वजन की बुलेट प्रूफ जैकेट 'अभेद' दिव्यास्त्र - कई स्वतंत्र रूप से लक्षित पुनः प्रवेश वाहन, 'ज़ोरावर' हल्का टैंक इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली, सॉफ्टवेयर डिफाइंड रेडियो और इलेक्ट्रो-ऑप्टिक (श्येन) के साथ डोर्नियर का रडार के साथ मिड-लाइफ अपग्रेड सम्मिलित है। डीआरडीओ सटीकता, आत्मनिर्भरता और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते हुए सतह से सतह पर मार करने वाली सामरिक मिसाइल प्रलय हथियार प्रणाली भी प्रदर्शित करेगा। इसे अत्याधुनिक तकनीकों के साथ डिजाइन और विकसित किया गया है जो इसकी ताकत को और बढ़ा देता है। परेड के दौरान विभिन्न सशस्त्र बलों की टुकड़ियों में डीआरडीओ द्वारा विकसित कई अन्य प्रणालियाँ - नाग मिसाइल सिस्टम, पिनाका, ब्रह्मोस, शॉर्ट स्पैन ब्रिजिंग सिस्टम 10 मीटर और आकाश हथियार प्रणाली प्रदर्शित की जाएंगी। डीआरडीओ मुख्य रूप से 'मेक इन इंडिया और मेक फॉर द वर्ल्ड' के लक्ष्य को साकार करने के लिए कई अत्याधुनिक सैन्य प्रणालियों और प्रौद्योगिकियों की प्रणाली परिभाषा, डिजाइन और विकास में लगा हुआ है। डीआरडीओ महत्वपूर्ण प्रणालियों को विकसित करने और 'आत्मनिर्भर भारत' की भावना को मजबूत करने के लिए शिक्षाविदों, उद्योग, स्टार्ट-अप और सेवाओं सहित रक्षा इकोसिस्टम के सभी हितधारकों के साथ भागीदारी कर रहा है।

# मेघालय को 200 करोड़ रुपए की रेलवे परियोजना के नुकसान की आशंका है : संगमा

एजेंसी ◀ शिलांग
www.dailypioneer.com



मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा ने कहा कि राज्य को रेलवे मंत्रालय की ओर से रेलवे परियोजना के लिए स्वीकृत 200 करोड़ रुपये को वापस करना पड़ सकता है। मुख्यमंत्री ने यह बयान तब दिया जब उन्होंने बताया कि अगर असम और मेघालय में प्रस्तावित दो महत्वपूर्ण रेलवे परियोजनाओं बिरनीहाट-शिलांग और टेटेलिया-बिरनीहाट में कोई प्रगति नहीं होती है, तो राज्य को यह राशि वापस करनी पड़ सकती है। इनमें से पहली परियोजना 22 किलोमीटर लंबी टेटेलिया-बिरनीहाट रेलवे लाइन है, जिसकी लागत 496 करोड़ रुपये है, जबकि दूसरी परियोजना 108 किलोमीटर लंबी बिरनीहाट-शिलांग रेलवे लाइन है। टेटेलिया-बिरनीहाट परियोजना का विरोध मुख्य रूप से बाहरी लोगों के आने की आशंका के कारण किया जा रहा है। असम के मुख्यमंत्री ने बताया कि उन्होंने हाल ही में रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की थी, जिन्होंने इन दोनों परियोजनाओं के ठप पड़े होने को लेकर चिंता व्यक्त की। मंत्री ने यह स्पष्ट किया कि यदि इन परियोजनाओं को समय रहते पूरा नहीं किया गया, तो इनके रद्द होने का खतरा हो सकता है, क्योंकि ये परियोजनाएं राज्य की आर्थिक स्थिति पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालती हैं। यह मामला असम और मेघालय के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि इन परियोजनाओं से रेलवे कनेक्टिविटी बढ़ने के साथ-साथ विकास की नयी संभावनाएं उत्पन्न हो सकती हैं। संगमा ने कहा, ÷मैंने उस बैठक में उनसे (रेल मंत्री से) स्पष्ट रूप से कहा था कि हमें हितधारकों को विश्वास में लेने की आवश्यकता है और ऐसा किए बिना हमारे लिए इस तरह के विषय पर जल्दबाजी करना उचित नहीं होगा। मैंने हमेशा इस तरह के बड़े फैसले लेने से पहले समुदाय और लोगों को साथ लेने पर जोर दिया है।

## निवेश प्रस्तावों को वर्गीकृत करने के साथ ही क्रियान्वयन की प्रक्रिया शुरू

**जयपुर।** राजस्थान में खान एवं पेट्रोलियम विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी रविकांत ने कहा है कि राइजिंग राजस्थान के ख़ान एवं पेट्रोलियम से संबंधित निवेश प्रस्तावों को वर्गीकृत करने के साथ ही क्रियान्वयन के माइल स्टोन तय कर दिए गए है। रविकान्त सचिवालय में खान एवं पेट्रोलियम विभाग से संबंधित निवेश प्रस्तावों की वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारियों को एमओयू करने वाली संस्थाओं से सीधे संपर्क एवं समन्वय के निर्देश दिये गये हैं ताकि निवेशकों को मार्गदर्शन तथा सहयोग देते हुये निवेश प्रस्तावों को धरातल पर लाने की समयवद्ध प्रयास हो सके। उन्होंने कहा कि निवेश प्रस्तावों को अमली जामा पहनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है।

# भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केन्द्र को आपदा प्रबंधन पुरस्कार

एजेंसी ◀ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com




भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केन्द्र को आपदा प्रबंधन में उत्कृष्ट कार्य के लिए संस्थागत श्रेणी में सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार-2025 के लिए चुना गया है। गृह मंत्रालय ने बताया कि केंद्र सरकार ने आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में व्यक्तियों और संगठनों द्वारा किए गए अमूल्य योगदान और निःस्वार्थ सेवा को मान्यता देने और उन्हें सम्मानित करने के लिए सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के नाम से एक वार्षिक पुरस्कार की स्थापना की है। इस पुरस्कार की घोषणा हर साल 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर की जाती है। पुरस्कार के तहत संस्था के लिए 51 लाख रुपये नकद और प्रमाण पत्र तथा व्यक्ति के लिए पांच लाख रुपये और प्रमाण पत्र दिए जाते हैं। देश ने आपदा प्रबंधन की पद्धतियों, तैयारियों, आपदा न्यूनीकरण और आपदा से निपटने के तौर-तरीकों में उल्लेखनीय सुधार किया है, जिसके परिणामस्वरूप प्राकृतिक आपदाओं के दौरान हताहत होने वालों की संख्या में काफी कमी आई है। वर्ष 2025 के पुरस्कार के लिए एक जुलाई 2024 से नामांकन आमंत्रित किए गए थे। पुरस्कार योजना का प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार किया गया। पुरस्कार के लिए संस्थाओं और व्यक्तियों से 297 नामांकन प्राप्त हुए। भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केंद्र की स्थापना 1999 में हैदराबाद, तेलंगाना में की गई थी। यह भारत की आपदा प्रबंधन रणनीति का अभिन्न अंग है, जो समुद्र से संबंधित खतरों के लिए शुरुआती चेतावनी देने में कुशल है। इसने भारतीय सुनामी पूर्व चेतावनी केन्द्र की स्थापना की, जो भारत और हिन्द महासागर के 28 तटीय देशों को सेवा प्रदान करते हुए 10 मिनट के भीतर सुनामी की चेतावनी देता है। इसे यूनेस्को द्वारा शीर्ष सुनामी सेवा प्रदाता के रूप में मान्यता दी गई है। भूकंपीय स्टेशनों, ज्वार, गेज और अन्य महासागर सेंसर के एक नेटवर्क की सहायता से यह ऊंची लहरों, चक्रवात और तूफान का पूर्वानुमान भी प्रदान करता है, जिससे तटीय क्षेत्रों और समुद्री संचालन की सुरक्षा में मदद मिलती है।

# एसएसबी ने गांजा एवं नेपाली शराब जब्त किया

एजेंसी ◀ सुपौल
www.dailypioneer.com

सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने भारत-नेपाल सीमा से लगे बिहार के सुपौल जिले में शैलेशपुर इलाके से गांजा एवं नेपाली शराब जब्त किया है। बल के 45वीं वाहिनी के कमांडेंट गौरव सिंह ने बताया कि सीमा चौकी शैलेशपुर के जिम्मेवारी क्षेत्र में मिली सूचना के आधार के पर बॉर्डर पिलर नंबर 204/2 के समीप पेट्रोलिंग ड्यूटी भेजा गया। गश्ती के दौरान एक व्यक्ति नेपाल प्रभाग से छुपावदार रास्ते का इस्तेमाल करते हुए मोटरसाइकिल पर कुछ सामान के साथ भारत की तरफ़ आता हुआ दिखाई देता है। पेट्रोलिंग पार्टी को देखते ही संदिग्ध व्यक्ति मोटरसाइकिल से वापस नेपाल भागने का प्रयास करता है लेकिन रास्ता ख़राब होने की वजह से मोटरसाइकिल गिर जाती है। इसके बाद व्यक्ति अपना सारा सामान छोड़ कर नेपाल की तरफ़ भाग निकलता है। सिंह ने बताया कि गश्ती दल द्वारा विधिवत तरीके से जांच के दौरान पता चला कि मोटरसाइकिल पर रखे सामान में गांजा जिसका कुल वजन 3.250 किलोग्राम है एवं 120 बोतल कुल 36 लीटर नेपाली शराब दिलवाले है। इस कार्रवाई के दौरान एसएसबी के सहायक उप निरीक्षक रविन्द्र कुमार एवं 04 अन्य जवान उपस्थित थे। कागजी कार्रवाई के जब्त सामान को जिला पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया।

# नीतीश सरकार में औद्योगिक विकास की नई उड़ान भर रहा है बिहार : उमेश

एजेंसी ◀ पटना
www.dailypioneer.com

बिहार जनता दल यूनाईटेड (जदयू) अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार में प्रदेश औद्योगिक विकास की नई उड़ान भर रहा है। कुशवाहा ने गुरुवार को बयान जारी कर कहा कि कुमार ने अपने शासनकाल में सुशासन के साथ-साथ बुनियादी ढांचों को सुदृढ़ कर प्रदेश में निवेश के लिए अनुकूल वातावरण स्थापित किया है, जिसका सुखद परिणाम है कि हमारा बिहार औद्योगिक विकास की नई उड़ान भर रहा है। कुशवाहा ने एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि विगत दो वर्षों के दौरान बिहार में 2,300 से अधिक छोटी-बड़ी औद्योगिक इकाइयां स्थापित हुई हैं, जिसके माध्यम से करीब 70 हजार लोगों को सीधा रोजगार से जोड़ा गया है। उद्योग अनुकूल नीतियां, बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर, स्किल्ड मैनपॉवर, सड़कों की शानदार कनेक्टिविटी और निर्बाध बिजली की उपलब्धता के कारण बिहार निवेशकों के लिए पहली पसंद बना है। जदयू अध्यक्ष ने कहा कि बीते वर्ष दिसंबर में आयोजित बिहार बिजनेस कनेक्ट में निवेशकों के साथ तकरीबन एक लाख 81 हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए गए हैं। उन्होंने कहा कि हमारे नेता कुमार 'विकसित बिहार' की सोच को निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। औद्योगिक विकास के क्षेत्र में अब बिहार लंबी छलांग लगाने की तैयारी कर चुका है। वहीं, दूसरी ओर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के शासनकाल में फिरौती के लिए अपहरण को उधोग का मिला दर्जा प्राप्त था। निवेशक आना तो दूर की बात, भय के कारण डॉक्टर, इंजीनियर और व्यवसायी वर्ग बिहार से पलायन करने पर मजबूर हो गए थे।

# मणिपुर सरकार लोकतक झील के आसपास अवैध गतिविधियों पर लगायेगी नियंत्रण

एजेंसी ◀ इंफाल
www.dailypioneer.com

मणिपुर सरकार ने लोकतक झील और उसके आसपास की गतिविधियों को नियंत्रित करने का निर्णय लिया है। मुख्य सचिव पी के सिंह ने एक बयान में कहा कि 14 जनवरी को मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह की अध्यक्षता में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में मंत्रियों, विधायकों और अधिकारियों ने भाग लिया। मुख्यमंत्री ने बैठक में संरक्षण प्रयासों में सामुदायिक भागीदारी की अपरिहार्य भूमिका पर प्रकाश डाला और नागरिकों से झील की सुरक्षा में सक्रिय रूप से योगदान देने का आग्रह किया। मुख्य सचिव ने कहा कि अब सभी विभागों, एजेंसियों और गैर सरकारी संगठनों को लोकतक झील और उससे जुड़ी आर्द्रभूमि में कोई भी गतिविधि करने से पहले लोकतक विकास प्राधिकरण (एलडीए) से पूर्व अनुमति लेनी होगी। अपेक्षित स्वीकृति के बिना शुरू की गई किसी भी गतिविधि के परिणामस्वरूप संबंधित अधिकारियों या हितधारकों पर जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने एकीकृत और सहयोगात्मक दृष्टिकोण के माध्यम से लोकतक झील के संरक्षण के प्रयासों को तेज करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। मुख्यमंत्री ने अतिक्रमण को कम करने, प्रदूषण को कम करने और झील को खतरे में डालने वाली अन्य पर्यावरणीय चुनौतियों का समाधान करने के लिए चल रहे प्रयासों की भी समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के लोगों, विशेष रूप से लोकतक झील के आसपास रहने वाले लोगों से प्रवासी प्रजातियों सहित जलपक्षियों का विशेष ध्यान रखने और किसी भी अवैध गतिविधि से दूर रहने की अपील की। यह अवैध गतिविधियां इन पक्षियों को नुकसान पहुंचा सकती है या विदेशों से आये प्रवासी पक्षियों के आवास को बाधित कर सकती है। बयान में कहा गया है कि बैठक में लोकतक झील की सीमा के निर्धारण को अंतिम रूप देने के लिए एक स्पष्ट समय सीमा भी तय की गई। यह कार्य एलडीए, राजस्व विभाग और संबंधित उपायुक्तों (डीसी) को सौंपा गया है जो संबंधित क्षेत्रों के विधायकों के परामर्श से प्रक्रिया को अंजाम देंगे। बयान में कहा गया है कि ये निर्णय भविष्य की पीढ़ियों के लिए लोकतक झील के पारिस्थितिक, सांस्कृतिक और आर्थिक महत्व को संरक्षित करने के लिए सरकार की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

# लौह युग की शुरुआत तमिल परिदृश्य से हुई : स्टालिन

वार्ता ◀ चेन्नई
www.dailypioneer.com



तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने दुनिया के सामने घोषणा की कि लौह युग की शुरुआत तमिल परिदृश्य से हुई थी। स्टालिन ने शोध निष्कर्षों का हवाला देते हुए अपनी यह ऐतिहासिक घोषणा की। उन्होंने राजा राजेंद्र चोल की तत्कालीन राजधानी कीलाडी और गंगईकोंडा चोलपुरम में पुरातत्व संग्रहालयों की आधारशिला रखने, जनता के लिए कीलाडी वेबसाइट और लौह की प्राचीनता पर एक पुस्तक का शुभारंभ करने के अलावा के बाद कहा कि दुनिया में लौह युग की शुरुआत तमिल परिदृश्य से हुई थी, जो पहले से चली आ रही धारणाओं को गलत साबित करता है क्योंकि इस क्षेत्र में 5,300 साल पहले अयस्क से लौह को अलग करने की तकनीक मौजूद थी। पुरातत्व अनुसंधान निष्कर्षों और समयसीमाओं के अनुसार लौह युग का पता 4,000 ईसा पूर्व के पहले के काल से लगाया गया है। स्टालिन ने कहा, हम निश्चित रूप से घोषणा कर सकते हैं कि लौह युग की शुरुआत दक्षिण भारत में विशेष रूप से तमिलनाडु में 5,300 साल पहले हुई थी। उन्होंने इस संबंध में पुरातात्विक शोध निष्कर्षों की घोषणा करते हुए कहा कि पुरातात्विक उत्खनन के दौरान एकत्र किए गए नमूनों को दुनिया की शीर्ष प्रयोगशालाओं में भेजा गया था, जिसमें पुणे में बीरबल साहनी पुरातत्व विज्ञान विश्लेषणात्मक अनुसंधान केंद्र, अहमदाबाद में भौतिकी अनुसंधान प्रयोगशाला, अमेरिका में फ्लोरिडा में बीटा अनुसंधान प्रयोगशाला जैसी प्रमुख राष्ट्रीय प्रयोगशालाएँ शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इन तीनों प्रयोगशालाओं की रिपोर्ट समान शोध निष्कर्षों की पुष्टि करती है और उनका और अधिक गहन और गहन अध्ययन करने पर भी समान निष्कर्ष सामने आए हैं। वर्तमान समय अवधि और ओएसएल डेटिंग के आधार पर - ओएसएल (ऑप्टिकली स्टिम्युलेटेड ल्यूमिनेसेंस) डेटिंग पद्धति तलछट और मानव निर्मित सामग्रियों में प्राकृतिक रूप से पाए जाने वाले खनिजों के कणों के डोसिमेट्रिक गुणों का उपयोग करती है, ने 3,345 ईसा पूर्व में दक्षिण भारत में लोहे की प्राचीनता को दर्शाया। स्टालिन ने राज्य पुरातत्व विभाग द्वारा प्रकाशित पुस्तक एंटीक्विटी ऑफ आयरन का विमोचन करते हुए कहा जो लोग हमें कमल खाने वाले कहकर उपहास करते थे, वे अब अचंभित हैं। क्योंकि हमने अब तक जो कुछ कहा है, वह महज साहित्यिक अतिशयोक्ति या राजनीतिक बयानबाजी नहीं है बल्कि ऐतिहासिक अभिलेख हैं। अब पुरातत्व विभाग द्वारा किए गए उत्खनन ने दक्षिण भारत, खासकर तमिलनाडु में लोहे की प्राचीनता को निर्णायक रूप से साबित कर दिया है। फ्लोरिडा, अमेरिका में बीटा एनालिटिक के अलावा पुणे और अहमदाबाद की प्रयोगशालाएं भी इसी निष्कर्ष पर पहुंची हैं 5300 ईसा पूर्व में तमिल परिदृश्य में लोहे का इस्तेमाल किया गया था। मुख्यमंत्री ने कहा यह पूरी दुनिया में मानवता के लिए तमिलों का उपहार है और मुझे यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है। यह तमिल ही थे जिन्होंने लौह अयस्क से लोहे को अलग करने की तकनीक पेश की। मैंने राज्य विधानसभा में घोषणा की है कि कृष्णगिरि जिले के मयिलादुम्पराई में उत्खनन से 4200 साल पहले लोहे के इस्तेमाल का स्पष्ट पता चला है। देश के पुरातत्वविदों ने ही नहीं बल्कि विदेशों के विद्वानों ने भी इसे स्वीकार किया है और इसके बारे में लिखा है। उन्होंने कहा कि नए निष्कर्ष भविष्य की खुदाई और अध्ययनों को मजबूत करने में मदद करेंगे। स्टालिन ने कहा कि मदुरै के निकट कीलाडी उत्खनन से यह स्थापित हुआ है कि तमिल सभ्यता के पास 6 ईसा पूर्व से ही लिखित लिपि थी जो आम लोगों के बीच लोकप्रिय थी। उन्होंने बताया कि इतना ही नहीं यह एक अत्यधिक विकसित शहरी सभ्यता थी। इसके अलावा धान की खेती 3200 ईसा पूर्व से पहले पोरुनई नदी (तमिरापारणी, दक्षिण तमिलनाडु में) के तट पर की जाती थी। स्टालिन ने कहा अब से राष्ट्र और उपमहाद्वीप का इतिहास तमिलनाडु से ही लिखा जाना चाहिए। पुरातत्व विभाग नए निष्कर्षों के साथ इसके लिए साक्ष्य खोदना जारी रखता है। हमें इसे अपनी भावी पीढ़ियों तक पहुँचाना होगा ताकि उन्हें अपनी विरासत पर गर्व हो।

## स्लीपर कोच बस और ट्रक में टक्कर,12 यात्री घायल

**भरतपुर।** राजस्थान में भरतपुर जिले में आगरा-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 21 पर नदबई के डहरा मोड के पास तेज रफ़्तार बस खडे ट्रक से टकराने से एक दर्जन यात्री घायल हो गए। पुलिस के अनुसार सूचना पर मौके पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से बस में फंसे घायलों को बाहर निकाल कर जिला आरबीएम अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सवारियों से भरी स्लीपर बस जयपुर से धौलपुर जा रही थी, जो खड़े ट्रक में जा घुसी और अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गयी। हादसे में बस के आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के दौरान बस के बैठे यात्रियों के चीख-पुकार मच गयी। बताया गया कि एंबुलेंस 108 की सहायता से घायल धौलपुर निवासी दया शंकर (52), जयवीर (25), राजा (35), आगरा निवासी राजू (30), आकाश (26), धौलपुर निवासी सर्वेश (25), विकेश (20), अरुण (17), विमल (26) सहित अन्य घायलों को अस्पताल पहुचाया गया।

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की 'प्रगति यात्रा' आतंक यात्रा है : दीपांकर भट्टाचार्य

एजेंसी ◀ गया
www.dailypioneer.com

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा को आतंक यात्रा करार दिया और कहा कि करीब दो दशक से सत्ता में काबिज नीतीश सरकार अब जनता के मुद्दों से पूरी तरह से कट चुकी है। भट्टाचार्य ने गया शहर के धर्मसभा भवन के प्रांगण में पार्टी के 'बदलो बिहार समागम' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार की आवाम त्रस्त है और सरकार मूकदर्शक बनी हुई है, जनता की समस्याओं से सरकार का कोई लेना-देना नहीं है। वहीं, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रगति यात्रा कर रहे हैं लेकिन इस प्रगति यात्रा के दौरान आम जनता से नहीं मिल रहे हैं। पुलिस के अधिकारी उन्हें घेरे रहते हैं। यह नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा नही बल्कि आतंक यात्रा और अहंकार यात्रा है। लगभग 20 वर्षों से सत्ता में काबिज नीतीश सरकार अब जनता के मुद्दों से पूरी तरह से कट चुकी है। पार्टी के महासचिव ने कहा कि प्रदेश में हर वर्ग प्रशासनिक अत्याचार से त्रस्त है। बीपीएससी अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज किया गया। माले नेताओं को गिरफ्तार कर थाने में बैठाया जा रहा हैं। सरकार तानाशाही पर उतारू है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार अपने चरम पर है। जनता को देखने वाला कोई नही हैं। जनहित में सरकार कोई कदम नहीं उठा रही है। इसे देखते हुए आगामी नौ मार्च को पटना के गांधी मैदान में 'बदलो बिहार समागम' का आयोजन किया जा रहा है। इसमें एकजुट होकर सरकार और सिस्टम के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद किया जाएगा। भट्टाचार्य ने दिल्ली चुनाव को लेकर कहा कि उनकी पार्टी दो सीटों पर उम्मीदवार उतार रही है। बाकी सीटों पर वह भाजपा विरोधी पार्टियों का समर्थन करेगी। महागठबंधन के स्ट्रक्चर पर पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि दिल्ली चुनाव को देखते हुए कोई औपचारिक गठबंधन नहीं हुआ था।

# महिलाओं के उत्पीड़न की रोकथाम व एलजीबीटीक्यूआईए समुदाय के अधिकारों की दी गई जानकारी

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार उत्तरा कुमार कश्यप प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव के मार्गदर्शन में कलेक्ट्रेट परिसर कोंडागांव के सभा कक्ष में महिलाओं के प्रति बड़ते हुए यौन उत्पीड़न को रोकथाम समुदाय एलजीबीटीक्युआईए के अधिकारों एवं चुनौती के संबंध में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान विक्रम प्रताप चन्द्रा जिला अपर सत्र न्यायाधीश कोंडागांव के द्वारा बताया गया कि, एलजीबीटीक्युआईए समुदाय क्या हैं उनके अधिकार क्या है और ट्रांसजेण्डर प्रोटेक्शन राईट एक्ट 2019 के अंतर्गत समुदाय के अधिकार एवं चुनौती के संबंध में बताया उन्हें सम्मान और समानता का अधिकार हैं किसी की पहचान एवं लैंगिकता के आधार पर भेदभाव मानवता के खिलाफ हैं बिना भेदभाव के उनके अधिकारों को दिलाने व उनके दैनिक दिनचर्या में आने वाली चुनौतियों के संबंध में जानकारी दी गई। कोंडागांव मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मनिषा ठाकुर के द्वारा यौन उत्पीड़न की रोकथाम, निषेध और निवारण अधिनियम 2013 के संबंध में जानकारी देते हुए उन्होंनें बताया कि, सुरक्षित कार्यस्थल न केवल महिलाओं की गरिमा की रक्षा करता हैं बल्कि एक सकारात्मक उत्पादक वातावरण का निर्माण करता है। उक्त अधिनियम का पालन सभी महिलाओं का पालन कर हम महिलाओं को समान अवसर और आत्मसम्मान के साथ आगे बढ़ने में मदद कर सकते है। साथ ही मास्टर ट्रेनिंग के लिए डॉ. भुवनेश्वरी पैंकरा डी.एस.पी. कोंडागांव, नरेन्द्र सोनी जिला बाल संरक्षण अधिकारी, सावेत्री मरकाम महिला एवं बाल विकास विभाग एवं ललिता लकरा उप संचालक समाज कल्याण विभाग से मानसिक रूप से असक्षम और दिव्यांगजनों के संबंध में एवं स्वास्थ्य विभाग से मधु बघेल क्लीनिकल सायकोलॉजिस्ट के द्वारा मनो-न्याय के संबंध में, अनुराधा मेश्राम, पारस मानिकपुरी संकाय सदस्य जिला पंचायत संसाधन केन्द्र कोंडागांव के द्वारा जो पंचायत गांव स्तर पर होने वाले महिलाओं पर लैंगिक उत्पीड़न एवं उन्हें रोकने के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही गायत्री साय सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव के द्वारा कार्यक्रम की सम्मापन की घोषणा करते हुए बताया इस अधिनियम के उद्देश्य कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की घटनाओं को रोकना और उनका समाधान करना तथा ऐसे उत्पीड़न से संबंधित शिकायतों के निवारण के लिए तंत्र प्रदान करना है एवं इस लैंगिक उत्पीड़न को रोकने हेतु ग्रामिण क्षेत्रों में जागरूकता शिविर आयोजित करने हेतु कार्यक्रम में उपस्थित समस्त विभाग के कर्मचारियों को निर्देशित किया गया।

# नारायणपुर में माता पहुंचानी मनाया गया



पायनियर संवाददाता < भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



नारायणपुर शीतला माता मंदिर परिसर में गुरुवार को माता पहुंचानी का पर्व आयोजित किया गया। लोगों ने माता शीतला से अपने परिवार सहित क्षेत्र की समृद्धि के लिए कामना की। माता पहुंचनी का पर्व परंपरागत ढंग से मनाया गया। सुबह से मंदिर प्रांगण स्थित शीतला माता मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी। देर शाम तक मंदिर में पूजा-अर्चना का दौर चलता रहा। पर्व में नगर सहित आसपास गांव के लोग भी भारी संख्या में मंदिर प्रांगण में जुटते रहे। आस्था विश्वास समर्पण का महापर्व माता पहुंचनी का पर्व हैं । आज भी सदियों से चली आ रही परम्परा जीवित हैं माता पहुंचनी मनाने की परम्परा अभी से नही पुरातन काल से चली आ रही है। गॉव के आराध्य देवी मां शीतला के दरबार में प्रतिवर्ष की भांति गुरुवार को पूरे आस्था विश्वास एवं धार्मिक वातावरण के बीच स्वस्थ और निरोगी रहने की कामना लिए श्रद्धालु मां शीतला के दरबार में पहुंचे। माना जाता है कि, माता के समक्ष विपत्तियों से दूर रखने के लिए श्रद्धालु मन्नतें करते हैं। मन्नत पूरी हो जाने पर माता पहुंचानी के अवसर पर यहां माता सेवा पहुँचाई जाती है।

# पुलिस आरक्षक भर्ती हुआ संपन्न

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com






जिले के पुलिस लाइन मैदान में 16 नवंबर से शुरू हुई पुलिस आरक्षक भर्ती प्रक्रिया 21 जनवरी को सफलतापूर्वक संपन्न हो गई। नारायणपुर, कांकेर और कोंडागांव जिले में 714 रिक्त पदों के लिए आयोजित इस भर्ती प्रक्रिया के लिए कुल 96 हजार 136 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। इनमें से 55 हजार 295 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे, जबकि 40 हजार 841 अभ्यर्थियों ने उपस्थित होकर शारीरिक दक्षता परीक्षा में भाग लिया। पुलिस अधीक्षक येदुवेल्ली अक्षय कुमार ने बताया कि, भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत अभ्यर्थियों की चरणबद्ध शारीरिक दक्षता का परीक्षण किया गया। आगे की प्रक्रिया में लिखित परीक्षा और अंतिम दौड़ का आयोजन किया जाएगा। शासन स्तर पर अभ्यर्थियों को उनके अंक और प्रदर्शन के आधार पर विस्तृत जानकारी दी जाएगी। शारीरिक दक्षता परीक्षा में शामिल अभ्यर्थी कांकेर के महेंद्र कुमार, राम भगत और महासमुंद के यशवंत ध्रुव ने बताया कि, भर्ती प्रक्रिया अत्याधुनिक उपकरणों और पारदर्शिता के साथ संचालित की गई। रिजर्व डे के दौरान अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों को भी भर्ती में शामिल होने का अवसर प्रदान किया गया, जिससे वे संतुष्ट हैं। अब सभी अभ्यर्थी परिणाम की प्रतीक्षा कर रहे हैं। भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता और दक्षता के साथ अभ्यर्थियों को उनकी प्रतिभा के अनुसार अवसर प्रदान करने का यह प्रयास सराहनीय रहा।

# अवैध रूप से उड़ीसा से धान का रखकर कर रहे थे परिवहन

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



खरीब विपणन वर्ष 2024-25 में अंतरराज्यीय अवैध धान की आवक पर रोक लगाने हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश व आदेशानुसार 22 जनवरी को सूचना मिला कि, एक वाहन पिकअप सीजी 17 के एल 9129 में उड़ीसा प्रान्त के ग्राम अधिकारी गुडा में धान लोड हो रहा है जिसे छत्तीसगढ़ के थाना अनंतपुर एरिया के बड़े घोड़सोढा की ओर ले जाएगा, सूचना पर उक्त पिकप के आते दिखने पर रात्रि के समय अनंतपुर बाजार के पास पुलिस प्रशासन एवं मंडी प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से वाहन रोककर वाहन मे लदी उपज के दस्तावेज की मांग वाहन चालक से की गई, जिनके द्वारा समक्षता मे किसी प्रकार का अभिलेख प्रस्तुत नहीं करने और पिकप में लोड धान को प्रमोद साहू उर्फ पप्पू साहू ग्राम घोड़सोड़ा थाना अनंतपुर का होना बताए जाने पर वाहन में लोड अवैध धान 40 पैकेट अनुमानित वजन 18 क्विंटल धान को विधिवत मंडी अधिकारी टीम के द्वारा जप्त कर मंडी अधिनियम 1972 की धारा 23 के प्रावधानो के तहत प्रकरण पंजीबद्ध करते हुए कार्यवाही किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी अनंतपुर स्टाफ और मंडी अधिकारी उनके टीम का विशेष योगदान रहा।

## गाली गलौच एवं जान से मारने की धमकी देकर किया मारपीट

**भानुप्रतापपुर।** नोमिता भुआर्य निवासी केवटीनटोला ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि कांकेर से कालेज का पेपर दिला कर वापस बस स्टैड कोरर आया तो मेरा रिश्तेदार हुमन औरसा ग्राम भैसाकन्हार निवासी मेरे पास आया और मुझे चलो घर छोड दुंगा कहकर मेरे मोबाईल को मांग कर अपने मोटर सायकल में बिठाकर भानुप्रतापपुर की ओर ले जा रहा था ग्राम कुर्री के पास पहुचे थे कि मैने हुमन औरसा को बोला कि तुम इधर क्यो ले जा रहो कहने पर मोटर सायकल को रोककर मुझे गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा और जान से मार दुंगा कहकर गला को दबा दिया था जैसे तैसे करके मैं छुडाया व मेरे मोबाइल को जमीन में पटक दिया जिससे मेरा मोबाईल टुट गया।

# कोड़ेनार में सुभाषचंद्र बोस की मनाई गई जयंती




पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com

नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128 वीं जयंती को कोड़ेनार के नेताजी चौक में पराक्रम दिवस के रूप में मनाया गया। सर्वप्रथम कोड़ेनार सरपंच मीना मण्डावी व अन्य उपस्थित अतिथियों ने नेताजी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके जीवनी पर प्रकाश डाला एवं उपस्थित नागरिकों को पराक्रम दिवस की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में सरपंच ने अपने उद्बोधन कहा कि आजादी से पहले संचार के साधन नहीं होने के बावजूद नेताजी ने आज़ाद हिंद सेना का गठन किया और स्वतंत्रा संग्राम में उन्होंने अमिट छाप छोड़ी। मौके पर नगरपालिका अध्यक्ष मृणाल राय, भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय सोढ़ी, तपन दास, भावना सक्सेना, शालिनी कर्मा, दिनार्थों पान, एन के रोसारिया एवं ग्रासवासी उपस्थित थे।

## लोहे की फावड़ा उठाकर महिला को मारा

**भानुप्रतापपुर।** देवकुमार कुंजाम पिता विष्णु राम कुंजाम उम्र 26 वर्ष ग्राम भैसाकन्हार निवासी ने पुलिस को बताया है कि राजमिस्त्री का काम करता हूं। कि मै दिनांक 17.01.2025 को चिचगांव गोडोपारा प्रभुराम नरेटी के घर राजमिस्त्री का काम करने गया था, दिन में काम करता था और रात्रि में प्रभुराम नरेटी के घर में ही रूकता था। प्रभुराम नरेटी व उसके छोटे भाई राधेश्याम नरेटी दोनो का घर अगल- बगल में है, दिनांक 21.01.2025 को सुबह लगभग 08.00 बजे प्रभुराम नरेटी ने अपने घर बाडी का परदा बनाने के लिये अपने छोटे भाई राधेश्याम नरेटी को पूछा तो बनाने के लिये रजामंदी दिया था, तब मै प्रभूराम नरेटी के घर बाडी में लेबर लोगों के साथ परदा बनाने का काम कर रहा था तभी लगभग 11.00 बजे राधेश्याम नरेटी वहां पर आया और हम लोगों को अश्लील गाली गलौच करते तुम लोग यहां किसके कहने पर घर- बाडी का परदा बना रहे हो बोला, तब मै गाली क्यों दे रहे हो कहते हुए प्रभुराम नरेटी की पत्नी श्रीमति मानबाई नरेटी को बुलाने घर अंदर गया। तब मानबाई नरेटी घर से बाहर निकली तो राधेश्याम नरेटी ने मानबाई नरेटी को घर- बाडी में परदा बनवाने वाली तू होती कौन है कहते आज तुझे जान से मारकर खत्म कर दूंगा बोलकर वहां पर पड़े लोहे की फावड़ा को उठाकर मानबाई नरेटी को मारा।

# सेक्टर अधिकारियों एवं नगरीय निकाय मास्टर ट्रेनर को दिया गया प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



नगरीय निकाय निर्वाचन-2025 अंतर्गत आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में निर्वाचन कार्य के लिए नियुक्त सेक्टर अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत ने प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि, सभी सेक्टर अधिकारी प्रशिक्षण में ईव्हीएम के सभी पहलुओं एवं संपूर्ण प्रक्रिया के बारीकियों से अवगत हों, जिससे निर्वाचन प्रक्रिया को संपन्न कराने में परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि नगरीय निकायों में ईवीएम से दो पद के लिए मतदान होना है, इसलिए विशेष सावधानी बरतें। उन्होंने सभी अधिकारियों से निर्वाचन कार्य के लिए सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन पूरे पारदर्शिता एवं जिम्मेदारी के साथ करने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर वेणुगोपाल राव ने प्रशिक्षणार्थियों को ईवीएम के कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट, ईवीएम कमिशनिंग प्रक्रिया के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि, प्रत्येक मतदाता दो पद के लिए मतदान करेंगे, पहला अध्यक्ष पद के लिए, दूसरा पार्षद पद के लिए। उन्होंने दोनों पदों के लिए मतदान की प्रक्रिया की जानकारी दी।

# श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा एकवर्ष पूर्ण होने पर गजराज कैम्प में श्रद्धालुओं द्वारा मनाया गया दीपोत्सव



पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com

अयोध्या के श्रीराम मंदिर में हुई प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूरे होने के सुअवसर पर किरन्दुल वार्ड क्रमांक 03 गजराज कैम्प के श्रद्धालुओं द्वारा हर्षोल्लास के साथ दीपोत्सव मनाया गया। बता दें गजराज कैम्प दुर्गा मंडप में 551 दीप प्रज्वल्लित की गई एवं श्रद्धालुओं द्वारा जय श्री राम, राम लक्ष्मण जानकी जय बोलो हनुमान की जयकारे लगाएं गए।एवं मातृशक्तियों द्वारा श्री राम आरती का गायन किया गया। अंत में प्रसाद वितरण के साथ इस आयोजन का समापन हुआ।

## महुआ शराब के साथ एक गिरफ्तार

**भानुप्रतापपुर।** पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर ग्राम संबलपुर फारेस्ट डिपो के पास घेराबंदी कर दबिश दिया जो शराब पीने वाले व्यक्ति पुलिस पार्टी को देखकर इधर उधर भाग गये। मौके से रवि बघेल पिता राम गुलाल बघेल उम्र 38 वर्ष जाति सतनामी निवासी सतनामीपारा संबलपुर थाना भानुप्रतापपुर को पकड़ा गया उसके कब्जे से एक काले रंग की 05 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक जरीकेन में भरी हुई देशी महुआ शराब लगभग 90 एमएल कीमती करीबन 50 रूपये एवं 02 नग प्लास्टिक डिस्पोजल गिलास मिला।

## शिशु संरक्षण माह का हुआ आयोजन

# 21 फरवरी तक चलाया जाएगा शिशु संरक्षण अभियान





पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में जिले में शिशु संरक्षण माह 21 फरवरी तक आयोजन किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. सिंग ने बताया कि, शिशु सरंक्षण माह का जिला स्तरीय उद्घाटन 21 जनवरी को विकासखण्ड माकड़ी में जिला टीकाकरण अधिकारी जिला कार्यक्रम प्रबंधक, खण्ड चिकित्सा अधिकारी, खण्ड कार्यक्रम प्रबंधक, सेक्टर सुपरवाईजर, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, मितानिन, महिला एवं बाल विकास विभाग के कर्मचारी एवं ग्रामीण जन उपस्थित हुए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि, इसका उद्देश्य बच्चों में होने वाले आंख से संबंधित रोग मोतियाबिंद, रतौंधी, बिटोट स्पॉट एवं खून की कमी को दूर करना है। इस दह्यौरान शिशु स्वास्थ्य संवर्धन से संबंधित गतिविधियां में विटामिन ए सिरप 9 माह से 5 वर्ष के बच्चों को 6 माह के अंतराल में पिलाया जाता है। साथ ही आयरन फोलिक एसिड सिरप बच्चों में पोषण के स्तर की जांच के लिए वजन लेकर पोषण आहार के विषय में पालक को जानकारी दी जाती है। जिले में विटामिन ए के हितग्राही लक्षित 51 हजार 498 बच्चे एवं आयरन फोसिक एसिड के सिरप के हितग्राही लक्षित 59 हजार 502 बच्चे हैं।

# प्रवेश कुमार जोशी ने किया दंतेवाड़ा कलेक्टर से सौजन्य भेंट, विकास कार्यों के लिए प्रकट किया आभार



पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com

युवा समाजसेवी प्रवेश कुमार जोशी ने बुधवार दंतेवाड़ा के कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी से सौजन्य भेंट की और जिले में हो रहे जनहित और विकास कार्यों के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। जोशी ने कलेक्टर की सतत कर्मठ कार्य कुशलता के लिए आभार प्रकट करते हुए उन्हें समाज की ओर से सराहा। इस अवसर पर जोशी ने गीदम में स्थित युवा कॉल सेंटर को पुनः शुरू करने के लिए एक आवेदन पत्र भी सौंपा। उन्होंने बताया कि इस पहल से जिले के युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे, नवाचारी विचारों का विकास होगा, शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और व्यापार में वृद्धि होगी।कलेक्टर ने आश्वासन दिया कि युवा कॉल सेंटर को पुनः शुरू करने की दिशा में कार्यवाही चल रही है।

# नगरीय निकाय निर्वाचनः नामांकन के पहले दिन प्रत्याशियों ने खरीदे कुल 20 फार्म

## निगम क्षेत्र के लिए 4 अभ्यर्थियों ने महापौर और 15 ने पार्षद पद हेतु खरीदे फार्म

पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com



नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 की तिथियों की घोषणा होते ही प्रत्याशियो द्वारा नामांकन फार्म क्रय करने का सिलसिला शुरू हो गया है। नामांकन के पहले दिन नगर निगम में महापौर पद के लिए कुल 4 प्रत्याशियो ने नामांकन पत्र क्रय किया। वहीं निगम क्षेत्र में पार्षद पद हेतु 15 प्रत्याशियों ने फार्म खरीदी। नगर पचांयत क्षेत्रों में नगर पंचायत कुरूद में पार्षद हेतु 1 फार्म क्रय किया गया। वहीं नगर पंचायत नगरी, भखारा आमदी और मगरलोड में किसी भी प्रत्याशी ने फार्म क्रय नहीं किया। तय कार्यक्रम अनुसार 28 जनवरी तक नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 28 जनवरी, नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 29 जनवरीए अभ्यर्थियों द्वारा नाम वापस लेने की अंतिम तारीख और निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार कर प्रकाशन करने का कार्य 31 जनवरीए मतदान 11 फरवरी और मतगणना 15 फरवरी 2025 को की जायेगी। उल्लेखनीय है कि नगरपालिक निगम धमतरी के लिए अपर कलेक्टर इंदिरा देवहारी को रिटर्निंग अधिकारी और आयुक्त नगरनिगम धमतरी प्रिया गोयल, एसडीएम धमतरी पवन कुमार प्रेमी तथा तहसीलदार कुकरेल प्रेमु लाल साहू को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। इसी तरह नगर पंचायत नगरी के रिटर्निंग अधिकारी एसडीएम नगरी रामकुमार कृपाल, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर पंचायत नगरी यशवंत वर्मा, नगर पंचायत मगरलोड के रिटर्निंग अधिकारी डिप्टी कलेक्टर बी एस मरकाम, सहायक रिटर्निंग अधिकारी सीएमओ मगरलोड अशोक चौहान, नगर पंचायत आमदी के रिटर्निंग अधिकारी अतिरिक्त तहसीलदार अखिलेश देशलहरे और सहायक रिटर्निंग अधिकारी सीएमओ आमदी भूपेश दीवान, नगर पंचायत भखारा के रिटर्निंग अधिकारी तहसीलदार भखारा भूपेश चन्द्राकर और सहायक रिटर्निंग अधिकारी सीएमओ भखारा संतोष विश्वकर्मा तथा नगर पंचायत कुरूद के रिटर्निंग ऑफिसर एसडीएम कुरूद सुश्री बेरनदत्ता एक्का और सहायक रिटर्निंग ऑफिसर सीएमओ नगर पंचायत कुरूद महेन्द्र राज गुप्ता को नियुक्ति किया गया है।

# संभागायुक्त एवं कलेक्टर ने राजिम कुंभ कल्प आयोजन के संबंध में ली अधिकारियों की बैठक



पायनियर संवाददाता ‹ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

राजिम कुंभ कल्प 2025 के आयोजन के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक राजिम के सर्किट हाउस में सम्पन्न हुई। बैठक में रायपुर संभाग आयुक्त महादेव कावरे, कलेक्टर दीपक अग्रवाल सहित धमतरी एवं रायपुर सहित गरियाबंद जिले के वरिष्ठ अधिकारी गण शामिल हुए। बैठक में राजिम कुंभ कल्प मेला भव्य तरीके से आयोजित करने विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस बार नया मेला स्थल में राजिम कुंभ कल्प का आयोजन किया जाएगा। नया मेला स्थल में मेलार्थियों के लिए सभी सुविधा सुनिश्चित की जाएगी। वहां पर मुख्य मंच बनाए जाएंगे। साथ ही दुकान, विभागीय स्टॉल एवं मीना बाजार भी लगाए जाएंगे। लोगों की सुविधा के लिए वृहद स्तर पर पार्किंग भी बनाए जाएंगे। इसके अलावा हेलीपैड भी बनाया जाएगा। बैठक में संभाग आयुक्त कावरे एवं कलेक्टर अग्रवाल ने राजिम कुंभ कल्प की तैयारी के संबंध में समीक्षा करते हुए सभी कार्य जल्द शुरू कर 5 फरवरी तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। संभाग आयुक्त कावरे ने रायपुर, धमतरी सहित गरियाबंद जिले के अधिकारियों को मेला के संबंध में समन्वय कर सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। साथ ही कलेक्टर अग्रवाल ने जिले के अधिकारियों को मेला के संबंध में दिए गए दायित्वों को तत्परता के साथ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान बैठक में पर्यटन विभाग के महाप्रबंधक वेदव्रत सिरमौर, जिला पंचायत सीईओ घासीदास मरकाम, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र चन्द्राकर, संयुक्त संचालक कृषि गयाराम, उप संचालक संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग प्रतापचंद पारख, जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता एस.के. बर्मन, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता रामेश्वर सिंह, पीएचई के कार्यपालन अभियंता विप्लव घृतलहरे, उप संचालक कृषि चंदन रॉय सहित वरिष्ठ, डीएसपी सुनिशा सिन्हा अधिकारीगण मौजूद रहे।

# श्री राघवेंद्र गुणगान महोत्सव में ग्राम भंवरमरा पहुंचे ओंकार साहू



पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com

ग्राम भंवरमरा में गुहा जयंती के उपलक्ष्य में निषाद समाज एवं समस्त ग्रामवासियों के तत्वाधान में एक दिवसीय रामायण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें धमतरी विधायक ओंकार साहू मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचकर भगवान राम की संगीतमय कथा का रसपान किया। इसी तारतम्य में अतिथियों का आत्मीय भावपूर्ण स्वागत हुआ। विधायक ओंकार साहू ने उद्बोधन में कहा गुहा राज निषाद जी भगवान श्री राम के परम मित्र थे, जिसने प्रभु श्री राम को वनवास के दौरान माता सीता और लक्ष्मण के साथ अपने नाव में बिठा कर गंगा पार करवाया था। जो निश्चित रूप से निषाद समाज को गर्वान्वित करता है। साथ में उन्होंने कहा भगवान राम को उनके उत्तम आचरण के कारण ही उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम कहते है। इस तरह जिनके कर्म अच्छे होते हैं उन्हें जीवन में अलग पहचान मिलती है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से धमतरी विधायक ओंकार साहू, पेखानलाल साहू महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी, अशोक नागवंशी सरपंच, विद्या देवी साहू प्रदेश सचिव महिला कांग्रेस कमेटी, दिनेश निषाद उपसरपंच, शत्रुघ्न निषाद पूर्व सरपंच, पूर्व जनपद सदस्य दुर्जन सिंह ठाकुर, सागर निषाद ग्रामीण अध्यक्ष, मोहन निषाद, थानु राम साहू, महेंद्र निषाद, खुमान निषाद, राममिलन साहू, गजाधर निषाद, पवन निषाद, डोमार निषाद, नीलकंठ ध्रुव, हेमंत साहू साथ में बड़ी संख्या में मातृ शक्ति एवं युवा साथी उपस्थित रहें।

# निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेस की हुई बैठक

### कांग्रेस पर्यवेक्षकों के समक्ष दावेदारों ने ठोकी ताल

पायनियर संवाददाता ‹ कुरुद
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय तथा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तारीखों की घोषणा पश्चात कुरुद नगर पंचायत में निकाय चुनाव को लेकर कुरुद निकाय पर्यवेक्षक नीशु चन्दाकर एवं जिला प्रभारियों की मौजूदगी में ब्लॉक कांग्रेस की बैठक माहेश्वरी भवन में आहूत की गई थी। जिसमें अध्यक्ष पद सहित पार्षदों के विभिन्न दावेदारों ने अपने समर्थकों के साथ पहुंच अपनी दावेदारी प्रस्तुत किए। दावेदारी के पूर्व जिला तथा प्रदेश से आये नेताओ ने सभी कांग्रेसियों को चुनाव की तैयारी को लेकर संबोधित किया। प्रदेश कांग्रेस के सचिव एवं धमतरी जिला प्रभारी विनोद तिवारी ने सभी दावेदारों का स्वागत करते हुए कहा कि दावेदारी पेश करना अच्छी बात है। इससे लीडरशिप निखरता है। धमतरी जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं कुरुद नगर पंचायत चुनाव प्रभारी निशु चंद्राकर ने प्रदेश की विष्णुदेव सरकार की नाकामियों को गिनाते हुए कहा कि हम एकजुट होकर चुनाव में जनता के बीच जाएंगे। इसी तारतम्य में कांग्रेस के पूर्व विधायक लेखराम साहू, पूर्व निशक्त जन आयोग अध्यक्ष मोहन लालवानी, पूर्व मंडी अध्यक्ष नीलम चन्द्राकर ने कार्यकर्ताओं में ऊर्जा भरते हुए कहा कि आपसी मतभेद को भुला पूर्व निकाय चुनाव में मिली सफलता को इस बार पुनः दोहराया जाएगा। दावेदारी का अधिकार सभी कार्यकर्ताओं को है। लेकिन पार्टी निर्णय सर्वमान्य मानते हुए एक जुटता के साथ सभी को मेहनत करना है। किसी भी चुनाव के परिणाम हासिल करने में कार्यकर्ताओं की भूमिका अहम होता है इसलिए हम सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर निकाय चुनाव में जाना है। ब्लॉक अध्यक्ष आशीष शर्मा ने पर्यवेक्षकों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि कुरुद ब्लॉक के निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में कांग्रेस का प्रदर्शन बेहतर होगा। कार्यक्रम का संचालन ब्लाक कांग्रेस प्रवक्ता योगेश चन्द्राकार ने किया।सम्बोधन पश्चात पर्यवेक्षक तथा वरिष्ठों के समक्ष बंद कमरे में अध्यक्ष के दावेदार तपन चन्द्राकार, रजत चन्द्राकर, रमेश पाण्डेय, मनोज अग्रवाल, योगेश चन्द्राकार, प्रमोद साहू, देवव्रत साहू के अलावा नगर के 15 वार्डो के लिए 20 से अधिक पार्षद के दावेदारों नेताओं व कार्यकर्ताओं से चर्चा किए। दावेदारों ने वन टू वन अपनी बात रखते हुए बायोडाटा प्रस्तुत कर दावेदारी किया। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व राज्यमंत्री दर्जा राजकुमारी जिलाध्यक्ष सेवादल, प्रदेश प्रतिनिधि अश्विनी राजपूत, राजेन्द्र देवांगन, सेवादल जिला अध्यक्ष यशवंत गुरु, जिलाध्यक्ष एनएसयूआई राजा देवांगन, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष तपन चंद्राकर, मंजू साहू उपाध्यक्ष, प्रहलाद चंद्राकर कांग्रेसी, रमेसर साहू पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष, गीता राम सिन्हा, संध्या कश्यप, बिसाखा साहू, मनीष साहू पार्षद, प्रमोद साहू पूर्व मंडी उपाध्यक्ष, रमेश पांडेय विधि प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव, रजत चंद्राकर पार्षद, देवव्रत साहू पार्षद, मनोज अग्रवाल पूर्व एल्डरमैन, योगेश चंद्राकर ब्लॉक प्रवक्ता, डुमेश साहू पार्षद, उत्तम साहू पार्षद, रोशन जांगड़े पार्षद, राघवेंद्र सोनी, चुम्मन दीवान पार्षद, राम रतलानी पूर्व एल्डरमैन, बसन्त बैस पूर्व एल्डरमैन, महिमा शुक्ला महामंत्री ब्लॉक कांग्रेस, चंद्रप्रकाश देवांगन संगठन महामंत्री, पप्पू राजपूत महामंत्री ब्लॉक कांग्रेस, योगेश साहू, तुकेश साहू, संतोष प्रजापति, अशोक साहू, अजय साहू, उमेश साहू सहित कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# आमदी नगर पंचायत में बैठक के बाद दावेदारों की सूची हुई तैयार



पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com

नगरीय निकाय चुनाव का कार्यक्रम घोषित हो चुका है। नामांकन फार्म की बिक्री भी शुरु हो गई है। चूंकि अब फार्म जमा करने को सिर्फ 6 दिन शेष है। राजनीतिक पार्टियों ने प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया तेज कर दी है। आमदी नगर पंचायत के लिए विशेष रणनीति बनाकर चुनाव मैदान में उतरने पर कांग्रेस का खास फोकस है। पर्यवेक्षक राजेन्द्र सोनी के नेतृत्व में जीताऊ प्रत्याशी के चयन के लिए कवायद की जा रही, लगातार बैठकों का दौर जारी है। नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए अब तक पांच ने दावेदारी की है। इसके अलावा 15 वार्डो में पार्षद पद के लिए दर्जनों नाम सामने आए है। पर्यवेक्षक सोनी ने बताया कि दावेदारों सी सूची जिला कांग्रेस कमेटी को सौंपी जाएगी। जल्द ही प्रत्याशियों के नामों का ऐलान हो जाएगा, चयन का एक मात्र मापदंड यही होगा कि चुनाव जीतने वाले दावेदारों को मौका दिया जाएगा। बाकि दावेदारों को पार्टी के प्रति समर्थन दिखाते हुए अधिकृत प्रत्याशियों के पक्ष में काम करना चाहिए क्योंकि चुनाव में चेहरे से ज्यादा दल और सिम्बाल का महत्व होता है। जो दावेदार इस चुनाव में प्रत्याशी बनने से वंचित रह जाते है और पार्टी के लिए काम करते है उनके लिए आगे कई रास्ते खुलेंगे इसलिए सब एक होकर मजबूती के साथ चुनाव मैदान में उतरेंगे। भाजपा पार्टी ने आम जनता का विश्वास खो दिया इसलिए कांग्रेस के पक्ष में स्पष्ट माहौल नजर आ रहा। कार्यकर्ता की मेहनत के दम पर चुनावी किले को फत्तह किया जाएगा। बैठक में विधायक ओंकार साहू, ब्लाक अध्यक्ष घनश्याम साहू, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष मनोज साहू, एमन साहू, गजेन्द्र कुंभकार, धनीराम साहू, धनानंद साहू, तामेश्वर साहू, भागीराम देवांगन, व्यास नारायण निषाद, चितेन्द्र कुमार, पारसमणि साहू, कविता साहू, भुनेश्वरी साहू, अनीता ठाकुर, ऋषभ ठाकुर, युवराज देवांगन, तोषण साहू, भूषण साहू, बसंत साहू, दीपमाला साहू, हरेन्द्र सोनी आदि मौजूद थे।

# रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्ति आदेश में किया गया संशोधन

## नगरीय निकाय चुनाव

पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com

नगरीय निकाय आम निर्वाचन के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, स्थानीय निर्वाचन द्वारा जिले के नगरीय निकायों में रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर की नियुक्ति की गई है। जिले में पदस्थ राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों का स्थानांतरण होने की वजह से जिले में नियुक्त रिटर्निंग और सहायक रिटर्निंग ऑफिसर के आदेश में संशोधन करते हुए आदेश जारी किया गया है। जारी संशोधित आदेश के तहत नगरपालिक निगम धमतरी के लिए अपर कलेक्टर इंदिरा देवहारी को रिटर्निंग अधिकारी और आयुक्त नगर निगम धमतरी प्रिया गोयल, एसडीएम धमतरी पवन कुमार प्रेमी तथा तहसीलदार कुकरेल प्रेमु लाल साहू को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। इसी तरह नगर पंचायत नगरी के रिटर्निंग अधिकारी एसडीएम नगरी रामकुमार कृपाल, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत नगरी यशवंत वर्मा, नगर पंचायत मगरलोड के रिटर्निंग अधिकारी डिप्टी कलेक्टर बी एस मरकाम, सहायक रिटर्निंग अधिकारी सीएमओ मगरलोड अशोक चौहान, नगर पंचायत आमदी के रिटर्निंग अधिकारी अतिरिक्त तहसीलदार अखिलेश देशलहरे और सहायक रिटर्निंग अधिकारी सीएमओ आमदी भूपेश दीवान, नगर पंचायत भखारा के रिटर्निंग अधिकारी तहसीलदार भखारा भूपेश चन्द्राकर और सहायक रिटर्निंग अधिकारी सीएमओ भखारा संतोष विश्वकर्मा तथा नगर पंचायत कुरूद के रिटर्निंग ऑफिसर एसडीएम कुरूद बेरनदत्ता एक्का और सहायक रिटर्निंग ऑफिसर सीएमओ नगर पंचायत कुरूद महेन्द्र राज गुप्ता होंगे।

# रेडक्रास सोसाइटी ने तंबाकू निषेध जागरूकता अभियान चलाया



पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com

रेडक्रास सोसाइटी धमतरी द्वारा नेहरू युवा केंद्र के युवाओ के साथ मिलकर घड़ी चौक में नशा मुक्ति अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति की एवम युवाओ को नशा ना करने की शपथ दिलाई। चैयरमैन प्राप्ति वाशानी, वाईस शिवा प्रधान, जिला संगठक आकाश गिरी गोस्वामी एवम भूपेंद्र मानिकपुरी एवम रेडक्रॉस सदस्य लगातार ड्रग विभाग, निगम, पुलिस प्रशासन एवम स्वास्थ्य विभाग एवम शिक्षा विभाग के साथ मिलकर अभियान चलाकर लोगो को जागरूक कर रहे है। रेडक्रॉस सोसाइटी निरंतर यातायात जागरूकता, सड़क सुरक्षा, रक्तदान जागरूकता एवम तंबाकू निषेध एवम प्रबंधन जागरूकता कार्यक्रम शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर लोगो को और युवाओ को जागरूक करने के उद्देश्य से करती आ रही है।

# नगर पालिका परिषद गरियाबंद के सभी वार्डो में ईवीएम एवं वीवीपैट मशीन का प्रदर्शन किया जायेगा

पायनियर संवाददाता ‹ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देश पर नगर पालिका आम निर्वाचन 2025 के तहत मतदाताओं में मतदान की महत्ता व मतदान के प्रति जागरूकता लाने के लिए जाबो कार्यक्रम के तहत स्वीप गतिविधियां का आयोजन किया जायेगा। जिसमें ईवीएम एवं वीवीपैट मशीन का प्रदर्शन किया जायेगा। इसके लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने नगर पालिका परिषद गरियाबंद में स्वीप गतिविधियों के आयोजन करने के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को नोडल अधिकारी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी को प्रभारी अधिकारी बनाया गया है। जिसके तहत 24 जनवरी को वार्ड क्रमांक 1 में ईवीएम एवं वीवीपैट मशीन का प्रदर्शन किया जायेगा। इसी तरह 25 जनवरी को वार्ड क्रमांक 02 में, 26 जनवरी को वार्ड क्रमांक 03 में, 27 जनवरी को वार्ड क्रमांक 04 में, 28 जनवरी को वार्ड क्रमांक 05 में, 29 जनवरी को वार्ड क्रमांक 06 में, 30 जनवरी को वार्ड क्रमांक 07 में, 31 जनवरी को वार्ड क्रमांक 08 में, 01 फरवरी को वार्ड क्रमांक 09 में, 02 फरवरी को वार्ड क्रमांक 10 में, 03 फरवरी को वार्ड क्रमांक 11 में, 04 फरवरी को वार्ड क्रमांक 12 में, 05 फरवरी को वार्ड क्रमांक 13 में, 06 फरवरी को वार्ड क्रमांक 14 में एवं 07 फरवरी को वार्ड क्रमांक 15 में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए ईवीएम एवं वीवीपैट मशीन का प्रदर्शन किया जायेगा।

# कविता से भाव, सौंदर्य की अनुभूति होती है : डॉ. गौकरण जायसवाल

### आमदी महाविद्यालय में हिंदी कविता पाठ का आयोजन

पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com



शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी की प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे के दिशा निर्देश एवं हिंदी साहित्य परिषद के संयोजक डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल, सहायक प्राध्यापक (हिन्दी) के मार्गदर्शन में हिंदी साहित्य परिषद के तत्वावधान में बी.ए. द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं के द्वारा हिंदी कविता पाठ का आयोजन किया गया। प्रारंभ में डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल ने हिंदी कविता पाठ के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कविता पाठ करने से कविता में निहित लयात्मकता, गीतात्मकता, भाव-सौंदर्य एवं शब्द-सौंदर्य का बोध होता है। कविता पाठ से हम श्रोता तक अपने अंतर्मन की बात को पहुंचा सकते हैं। अच्छी कविता हृदय को छू जाती है। द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं में प्राची ने हरिवंशराय बच्चन की कविता ''मंजिल मिले न मिले, ये तो मुकद्दर की बात है'', दिशा साहू ने सुभद्रा कुमारी चौहान की ''बचपन'' कविताएं सुमन ने विकास बंसल की कविता 'तुम मुझको कब तक रोकोगे 'कविता, वर्षा ने भारतेंदु हरिश्चंद्र की ''दो वर्तमान का सत्य सरल'' कविता, दिव्या पटेल ने हरिवंश राय बच्चन की ''बैठ जाता हूं मिट्टी पर अक्सर 'कविता, रीना ने माखनलाल चतुर्वेदी की ''पुष्प की अभिलाषा 'कविता, वेद प्रकाश ने कबीर दास की 'दुर्लभ मानस जन्म है'' कविता योगिता पटेल ने, सविता पाटिल की ''आत्मविश्वास'' कविता, कुंती ने मैथिलीशरण गुप्त की ''नर हो, न निराश करो मन को'' कविता पाठ किया। इस आयोजन के लिए महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे, तरुण बैनर्जी, सहायक प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान), अंकित कुमार बोधवानी, सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य), डीगेश्वर अटल, सहायक प्राध्यापक (भूगोल), अतिथि सहायक प्राध्यापकों में योगेश्वर प्रसाद, गोपाल देवांगन, डॉ. उपमा, हेमेंद्र कुमार, रमेश कुमार, मन्नु साहू ने बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल संयोजक एवं हिंदी साहित्य परिषद की उपाध्यक्ष प्राची ने किया।

# बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले चालकों पर की गई चालानी कार्यवाही

**यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा यातायात जागरूकता कार्यक्रम के साथ बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चालन पर की गई सख्ती**






पायनियर संवाददाता < भिलाई
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक दुर्ग जितेन्द्र शुक्ला द्वारा सडक दुर्घटना में बिना हेलमेट की वजह से होने वाली मौत को रोकने हेतु यातायात पुलिस के दिये गये निर्देश के तारत्यम में ऋचा मिश्रा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, (यातायात) के मार्ग दर्शन में एवं सतानंद विंध्यराज, उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) के नेतृत्व में यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चालको पर विशेष अभियान चलाकर कार्यवाही की गई। बता दें कि अधिकांश दो पहिया सडक दुर्घटनाओं में बिना हेलमेट वाहन चालन से किसी सडक दुर्घटना के शिकार होने पर सर में लगने वाले गंभीर चोट से मृत्यु कारित होना पाया गया है ऐसी सडक दुर्घटनाओं में लोगो की जान बचाने और उन्हें हेलमेट के प्रति जागरूक करने यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा नेशलन हाईवे एवं दुर्ग भिलाई के प्रमुख मार्गो तथा कुम्हारी टोल प्लाजा में रायपुर आने वाले दो पहिया वाहन चालको पर कुल-12 वाहन चेकिंग पाइंट बनाये गये जिसमें यातायात के अधिकारी द्वारा बिना हेलमेट धारण कर वाहन चलाने वाले के विरूद्ध विशेष अभियान चलाकर कार्यवाही किया गया उक्त कार्यवाही में बिना हेलमेट धारण कर वाहन चालन करने वाले कुल-245 वाहन चालको के विरूद्ध बिना हेलमेट मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया। यह कार्यवाही आगे निरंतर यातायात पुलिस द्वारा जारी रहेगा।

# आबकारी विभाग ने भारी मात्रा में जप्त किया मध्यप्रदेश की हाई रेंज की शराब

**आचार संहिता में दुर्ग आबकारी विभाग ने शराब माफियाओं पर बड़ी कार्यवाही कर कसा नकेल**

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com



22 जनवरी 2025 को रात्रि गश्त के दौरान आबकारी विभाग जिला दुर्ग के द्वारा अवैध शराब के परिवहन, धारण एवं विक्रय की सूचना प्राप्त होने पर त्वरित एवं विधिवत् कार्यवाही कर कैम्प 2 क्षेत्र, भिलाई में आरोपी संजय कुमार सैनी के कब्जे से मध्यप्रदेश प्रांत की हाई रेंज की शराब 26 बोतल ब्लेंडर्स प्राइड, 12 बोतल ब्लैक व्हाइट को ज्यूपिटर स्कूटी दो पहिया वाहन क्रमांक सीजी 07 बीबी 2947 में परिवहन करते हुए रंगे हाथों पकड़ कर आरोपी के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर सहायक जिला आबकारी अधिकारी सुप्रिया शर्मा वृत्त भिलाई 2 द्वारा आरोपी को जेल दाखिल किया गया है। आबकारी विभाग से मिली जानकारी अनुसार कुल 26 बोतल ब्लेंडर्स प्राइड व 12 बोतल ब्लैक एंड व्हाइट शराब का बाजार मूल्य लगभग 63440 रूपये साथ ही परिवहन में प्रयुक्त दो पहिया वाहन की कीमत लगभग 20000 रूपये है। इस प्रकार जप्त सामग्री की कुल बाजार मूल्य लगभग 83440 रूपये है। इस प्रकरण मे जिला दुर्ग आबकारी विभाग के सहायक जिला आबकारी अधिकारी धीरज कन्नौजिया, पंकज कुजूर, आबकारी उप निरीक्षक हरीश पटेल, भूपेंद्र नेताम, प्रियांक ठाकुर, आरक्षक संदीप तिर्की, देव प्रसाद पटेल, खुलदीप यादव, अशोक वर्मा एवं वाहन चालक दीपक राजू, दुर्गा साहू एवं धनराज का योगदान रहा।

## कलेक्टोरेट से 100 मीटर परिसर प्रतिबंधात्मक क्षेत्र घोषित

**दुर्ग।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए आगामी आदेश तक कार्यालय कलेक्टर दुर्ग के 100 मीटर के परिसर को प्रतिबंधात्मक क्षेत्र घोषित किया है। परिसर में किसी भी प्रकार की रैली, धरना, प्रदर्शन, सभा अथवा पांच या उससे अधिक व्यक्तियों के समूह में एकत्रित होने पर प्रतिबंधित होगा। इस क्षेत्र में लाउडस्पीकर, माइक या अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग भी पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। कोई भी संगठन या व्यक्ति शांति बनाए रखते हुए अधिकतम पांच व्यक्तियों के प्रतिनिधि मंडल के रूप में ज्ञापन सौंप सकेगा। यह आदेश शासकीय कर्तव्य पर तैनात अधिकारी/कर्मचारी/पुलिस कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 223 एवं अन्य प्रासंगिक प्रावधानों के तहत दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।

# जोन आयुक्त के साथ मतदान केन्द्रों का निरीक्षण करने पहुंचे आयुक्त

पायनियर संवाददाता < भिलाई
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 24 हाउसिंग बोर्ड एवं 35 शारदा पारा केम्प-2 में उपचुनाव होना है। जहां पर आचार संहिता प्रभावशील है। जहां पर शासकीय हायर सेकण्ड्री स्कूल हाउसिंग बोर्ड काली बाड़ी के पास 8 बूथ रहेगे एवं वार्ड 35 शारदा पारा में जनता स्कूल 5 एवं दुर्गा पारा शासकीय स्कूल में 2 बूथ पर मतदान होगा। वहीं पर वार्ड वासी अपने वार्ड के प्रत्यासियो के चयन के लिए मतदान करेगें। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय सभी बूथो का निरीक्षण करने जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, सतीश यादव के साथ सुबह 9 बजे पहुंच गये। आयुक्त पाण्डेय ने उपस्थित अधिकारियो को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये, विशेष रूप से साफ-सफाई, पीने के पानी की व्यवस्था, प्रवेश/ निकासी द्वार, दिव्यांग बुर्जुगो के लिए रैम्प आदि व्यवस्था और ठीक करने के लिए कहे। पर्याप्त लाईट व्यवस्था हो, शौचालयो एवं बोरिंग में पानी पर्याप्त आना सुनिश्चित किया जाये। जिससे मतदान दल एवं मतदान करने वालो को किसी प्रकार की परेशानी न हो। आदर्श आचार संहिता के सभी नियमो का परिपालन होना चाहिए। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता संजय अग्रवाल, अभियंता नितेश मेश्राम, सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे, बसंत देवांगन, जनसम्पर्क अधिकारी अजय कुमार शुक्ला, सहायक स्वास्थ्य अधिकरी वीरेन्द्र बंजारे, स्वच्छता निरीक्षक अंजनी सिंह, विनोद पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

# सिकलिंग-थैलेसिमिया व जरूरतमंद मरीजों के लिए निःशुल्क रक्त दान शिविर का आयोजन

**ब्लड सेंटर दुर्ग में 25 जनवरी को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन**

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com




जिला चिकित्सालय दुर्ग ब्लड सेंटर (ब्लड बैंक) में 25 जनवरी दिन शनिवार को प्रातः 09.00 बजे से संध्या 05.00 बजे तक रक्तदान शिविर व रक्तदान उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं हेतु जिला चिकित्सालय दुर्ग में निःशुल्क वाहन पार्किंग सुविधा एवं प्रशस्तिपत्र दिया जायेगा। ब्लड बैंक में रक्त की निरंतर उपलब्धता विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों के अधिक से अधिक आयोजन से ही सुनिश्चित किया जा सकता है। दुर्घटना, आपातकालीन परिस्थितियों में मरीजों के हित हेतु रक्तदान कर पीड़ित मानवता की सेवा में जनसमान्य द्वारा अपना अमुल्य योगदान दिया जा सकता है। वजन के अनुसार स्वस्थ्य शरीर में 05 से 06 लीटर रक्त होता है, जिसमें से शरीर रक्तदाताओं को एक बार में केवल 350 मि.ली. ही रक्तदान करना होता है। रक्तदान के समय वजन, बीपी, हीमोग्लोबिन, ब्लडग्रुप, मलेरिया, एचआईवी, हेपेटाईटिस, वी.डी.आर.एल की निःशुल्क जॉच होती है। व्यस्क लोग जिनकी उम्र 18 वर्ष से 65 वर्ष हो, वजन 45 कि.ग्राम से उपर हो, वह रक्तदान कर सकते है। हर तीन माह (90दिन) के अंतराल पर पुरूष तथा हर 4 माह (120 दिन) के अंतराल पर महिला रक्तदान कर सकती है। हर बालिक व स्वस्थ्य व्यक्ति का कर्तव्य व दायित्व है कि जरूरतमंद मरीजों के लिये रक्तदान करें। जनसामान्य से अपील है कि इस मानवीय कार्य में 25 जनवरी दिन शनिवार को सभी को रक्तदान के लिये प्रेरित करें एवं रक्तदाताओं को रक्तदान शिविर तक लाने में मदद करें ताकि रक्तदान से ब्लड बैंक में सभी ग्रुप्स के रक्त युनिट उपलब्ध हो पायें।

# गौ मांस बिक्री करने वाला आरोपी गिरफ्तार सुपेला पुलिस की सक्रियता से पकड़ाया आरोपी

पायनियर संवाददाता < भिलाई
www.dailypioneer.com



पुलिस को लिखित शिकायत मिली कि कृष्णा नगर हडडी गोदाम में गौ माँस बिक्री हो रहा है इस सूचना पर मौके पर जाकर आरोपी राज सोनी उर्फ राजेश के मकान से करीब दस किलो गौ मांस तथा दुसरे मकान से तीस किलो गौं मांस व पाँच नग सिर तथा एक नग पैर का हडडी व अब्बास कुरैशी के गोदाम से दस नग गौ खाल को जप्त कर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला के निर्देश में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर भिलाई) सुखनंदन राठौर एवं नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर सत्यप्रकाश तिवारी के मार्ग दर्शन में सुपेला पुलिस द्वारा तत्काल घेराबंदी एवं सक्रियता का परिचय देते हुये आरोपी राज सोनी पिता धरम सोनी उम्र 25 साल निवासी कृष्णा नगर हडडी गोदाम के पास सुपेला को घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया एवं प्रकरण के एक अन्य आरोपी अब्बास कुरैशी की पता तलाश जारी है। इस महत्वपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी सुपेला निरीक्षक राजेश मिश्रा, सउनि अमरदास गंगेले, आर. सुर्यप्रताप सिंह, आर. दुर्गेश राजपूत का विशेष योगदान रहा।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की दसवीं वर्षगांठ पर शपथ ग्रहण का आयोजन




पायनियर संवाददाता < उतई
www.dailypioneer.com

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की 10वी वर्षगांठ के अवसर पर आंगनबाड़ी केंद्रों तथा स्कूलों में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी परिप्रेक्ष्य मे ग्राम पंचायत पुरई मे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में बालिकाओं के शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं संरक्षण के विषय मे जागरूक किया गया साथ ही सखी वन स्टॉप सेंटर, 181 महिला हेल्पलाइन तथा महिला सशक्तिकरण केंद्र से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। बाल विवाह मुक्त हेतु शपथ दिलवाया गया और कम उम्र मे विवाह होने से शारीरिक, मानसिक, आर्थिक और भावनात्मक रूप से होने वाली क्षति के बारे में चर्चा की गई। राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य मे बालिकाओं से महिला सशक्तिकरण के विषय मे बताया गया। कार्यक्रम मे बालिकाओं की रैली निकाल कर जन जागरुकता संबंधी संदेश दिया गया। बालिकाओं के लिए थीम वार रंगोली, निबंध और चित्रकारी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रंगोली में प्रथम हेमलता डॉली, रुचि द्वितीय मोहिनी, सुमन, सुहानी तृतीय रूबी, वैशाली वासुकी, चित्रकारी में प्रथम चेतना, भूमिका द्वितीय उषा, गीतांजलि तृतीय ललिता, कावेरी और निबंध में प्रथम मुस्कान रात्रे द्वितीय दीक्षा देशलहरे, तृतीय मिनाक्षी यादव रहीं।

# गैर संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत ब्रेस्ट एवं सर्वाइकल कैम्प का हुआ आयोजन

- आयोजित 2 दिवसीय कैम्प में 223 महिलाओं ने कराई स्क्रीनिंग

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com



गैर संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज दानी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन दुर्ग, जिला चिकित्सालय एवं बालको मेडिकल सेंटर नवा रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में 21 जनवरी 2025 को जिला चिकित्सालय दुर्ग में एवं कैंसर स्क्रीनिंग कैम्प, ब्रेस्ट एवं सर्वाइकल का आयोजन 22 जनवरी 2025 को शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पोटियाकला में किया गया। जिसकी शुरूआत कलेक्टर चौधरी द्वारा मोबाईल कैंसर डिटेक्शन वैन का निरीक्षण कर महिलाओं को कैंसर स्क्रीनिंग के लिये प्रेरित करते हुए की गयी। 21 जनवरी को आयोजित कैम्प में कुल 81 महिलाओं का स्क्रीनिंग किया गया। जिसमें 23 की मेमोग्राफी, 27 का पेप स्मेयर और 13 का मेमो एवं पेपस्मेयर जॉच तथा 22 जनवरी को आयोजित कैम्प में कुल 142 महिलाओं का स्क्रीनिंग किया गया जिसमें 05 की मेमोग्राफी जॉच किया गया। पोटियाकला में आयोजित कैम्प के सफल संचालन में डॉ एकता मिश्रा, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी पोटियाकला, संजीव दुबे, सी.पी.एम. दुर्ग, कविता चंद्राकर जिला एनसीडी सलाहकार, अतुल शुक्ला सलाहकार, डब्ल्यूएचओ एवं पोटियाकला के समस्त स्टाफ का सहयोग रहा। जिला चिकित्सालय दुर्ग में आयोजित कैम्प के सफल संचालन में डॉ हेमन्त साहू सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, डॉ. बी. एल. मरकाम, ई.एन.टी. रोग विशेषज्ञ, ओम वर्मा, अस्पताल सलाहकार जिला चिकित्सालय दुर्ग, पूजा साहू एवं रवीना गुरंग स्टाफ्नर्स तथा जिला चिकित्सालय के स्टाफ का सहयोग रहा।

# नगरपालिकाओं तथा त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2025 हेतु मतदाताओं को जागरूक करने जागव-वोटर जाबो कार्यक्रम का संचालन

- ग्रामीणों व स्कूली बच्चों द्वारा मानव श्रृंखला, रंगोली व रैली विभिन्न माध्यमों से दिया गया मतदान का संदेश

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com






नगरीय निकाय/त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होने के फ्लस्वरूप जिले में 18 वर्ष एवं अधिक उम्र के नागरिकों को अपने मताधिकार का प्रयोग निश्चित रूप से करने एवं लोकतंत्र के पर्व में सहभागिता बनाने के उद्देश्य से जाबो कार्यकम के तहत जिले के समस्त ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों, स्कूली बच्चों व शिक्षकों द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अंतर्गत "मेरा वोट-मेरा अधिकार" के नारे के साथ रैली निकालकर, रंगोली बनाकर, मानव श्रृंखला बनाकर इत्यादि विभिन्न गतिविधियों के जरिए नागरिकों को मतदान का महत्व बताकर मताधिकार के प्रयोग हेतु जागरूक किया गया।

**पिता पुत्र एवं निगरानी बदमाश महिला द्वारा संगठित रूप से करते थे अवैध मादक पदार्थ (गांजा) बिक्री करने का कार्य**

# अवैध मादक पदार्थ (गांजा) बिक्री करने वालो को पकड़ने में दुर्ग पुलिस को मिली सफलता

पायनियर संवाददाता < भिलाई
www.dailypioneer.com



पुलिस प्रशासन द्वारा नशे के विरूद्ध एक संकल्प अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत जिला दुर्ग में अवैध नशे के व्यपार करने वालो के विरूद्ध प्रभावी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 22.01.2025 को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि इंदिरा गांधी स्कूल के पीछे काशीनाथ के किराये के मकान में एक व्यक्ति एक नीले कलर के बैग में जो अपने किराये के घर के पास अवैध रूप से गांजा बिक्री कर रहा है। मुखबीर की सूचना पर उप निरीक्षक अमित कुमार अंदानी थाना प्रभारी वैशाली नगर द्वारा तत्काल पुलिस टीम गठित कर मौके पर रवाना किया गया। जहॉ मुखबीर के बताये हुलिया वाले व्यक्ति को पकड़ा गया। जिससे नाम पता पूछने पर अपना नाम सुखदेव राउत पिता अनाम राउत उम्र 55 वर्ष निवासी प्रतापरूद्रपुर थाना तोसरा जिला बालांगीर उड़िसा हाल पता इंदरा गांधी स्कूल के पीछे थाना वैशाली नगर का निवासी होना बतायां जिसके कब्जे से नीले कलर के बैंग के अंदर भुरे रंग के प्लास्टिक के रैपर में लिपटा हुआ 1.200 किलो ग्राम गांजा एवं बिक्री रकम 5000/- रुपए बरामद किया गया। आरोपी सुखदेव राउत का मेमोरण्डम कथन लेकर मादक पदार्थ गांजा के सबंध में पूछताछ किये जाने पर उक्त मादक पदार्थ गांजा को उड़िसा से खरीद कर लाता है तथा अपने पुत्र जीतू राउत और उसका दोस्त खिलेन्द्र साहू उर्फ राज को पुड़िया बनाकर बिक्री करने देता है जो मादक पदार्थ की बिक्री करने के बाद बिक्री रकम को स्वयं को देना बताया है। आरोपी सुखदेव के ममोरण्डम कथन के आधार पर व आरोपी के निशानदेही पर जीतु राउत एवं खिलेन्द्र साहू उर्फ राज को बीसीजे स्कूल के पास से पकड़ा गया। आरोपी जीतु राउत के कब्जे से हीरो होण्डा मोटर सायकल क्र.-सीजी-07 एल.एफ 8527 मे गाड़ी के डिक्की से एक थैला में खुला गांजा व 22 नग पालीथीन की पुड़िया में गांजा कुल वनज 772 ग्राम एवं बिक्री रकम 3000 रूप्ये तथा आरोपी खिलेन्द्र साहू के कब्जे से 110 ग्राम मादक पदार्थ गांजा एवं बिक्री रकम 1500 रूप्ये को समक्ष गवाहो के जप्त किया गया तथा आरोपी सुखदेव के मेमोरण्डम कथन में शेख ईदबी पति स्व. हमीद खान उम्र 41 वर्ष निवासी जेवरा सिरसा जो गांजा बिक्री करती है के द्वारा भी घटना समय को आरोपी सुखदेव राउत के पास गांजा बिक्री करने हेतु खरीदने आयी थी जिस दौरान पुलिस टीम द्वारा पकड़ा गया। आरोपिया शेख ईदबी के कब्जे से प्लास्टिक के झिल्ली में पैक किये गये 61 नग पुड़िया वजनी 200 ग्राम एवं बिक्री रकम 3000 रूप्ये को समक्ष गवाहो के जप्त किया गया।

## गणतंत्र दिवस की अंतिम रिहर्सल 24 को

**दुर्ग।** गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को आयोजित कार्यक्रमों की अंतिम रिहर्सल 24 जनवरी को प्रातः 9.00 बजे प्रथम बटालियन छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल भिलाई दुर्ग में होगी।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

अधिसूचना क्रमांक: COM/C/G/R/E-auction Dated: 17.01.2025

रायपुर मंडल में आय एवं लीज़िंग अनुबंध हेतु ई-नीलामी निम्नानुसार निर्धारित है :

| Sr. No. | Asset Description | Auction Date | Auction Time From | Auction Time To |
|---|---|---|---|---|
| 1 | दुर्ग स्टेशन पर लगभग 468 वर्ग फीट क्षेत्र (62 मीटर x 07 मीटर) के लिए आउट ऑफ होम श्रेणी के माध्यम से विज्ञापन क्षेत्र के लिए निविदा। | 03.02.2025 | 15:00 | 15:30 |

सभी ई-नीलामी अधिसूचनाओं का विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड किया गया है।

मंडल वाणिज्य प्रबंधक,
दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर

PR/R/SR.DCM/PC/216

South East Central Railway @secrail

**आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड**

(CIN: L65922RJ2011PLC034297) पंजीकृत एवं निगमित कार्या.: 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्क्वायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302020

SAPNE AAPKE SAATH HAMAARA

**कब्जा नोटिस**

जबकि अधोहस्ताक्षरकर्ता **आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002'' की धारा 13 ( 12 ) और सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन ) नियम के नियम 9 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणियों को मांग सूचना पत्र जारी किया गया। नीचे तालिका में उनके सामने दर्शाए अनुसार राशि का मांग पत्र प्राप्ति के 60 दिन के अंदर भुगतान करने की मांग की गयी। यह है कि ऋणी सम्बंधित राशियों का भुगतान करने में विफल रहे अतः ऋणीयों तथा आम जनता को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त एक्ट की धारा 13( 4 ) सहपठित नियम 9 के नियमों के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में नीचे वर्णित सम्पत्तियों का अधिपत्य तालिका में उनके सामने दर्शाई गई दिनांक को ग्रहण कर लिया है। ऋणियों व जमानतियों को विशिष्टया तथा सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्तियों के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है। इन सम्पत्तियों के साथ किसी भी प्रकार का व्यवहार निम्न खातों के सामने दर्शाई गई बकाया राशि तथा उन पर ब्याज व खर्चों के लिए आवास फाइनेंस **आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड** के प्रभार के अध्यधीन होगा।

| ऋणी का नाम | धारा 13 (2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक संपत्ति का विवरण | कब्जे की तारीख एवं प्रकार |
|---|---|---|---|
| **रामधन सूर्यवंशी**, कमला बाई, प्रमिला सूर्यवंशी खाता सं. LNBIL16623-240288101 | 7 नवम्बर 2024 ₹ 269386/- दिनांक 4 नवम्बर 2024 | संपत्ति खसरा नं. -147/4 व 202/8, जय शम्भ चौक व सामुदायिक भवन के पास स्थित मौजा-बोदारी, एम नं. -02, पी.एच.नं.-01, आर.एन.एम. -बोदारी, विकास-खण्ड-बिल्हा, तहसील-बोदारी, जिला-बिलासपुर (सी.जी.) पिन-495220. **क्षेत्रफल 436 वर्ग फीट** | सांकेतिक कब्जा दिनांक 22 जनवरी 2025 |

स्थान : जयपुर दिनांक : 24-01-2025 प्राधिकृत अधिकारी आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

## संपादकीय

### इमरान खान को सजा पाकिस्तानी राजनीति

**पाकिस्तान** के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को 14 वर्ष की सजा से पाकिस्तानी राजनीति की समस्यायें नहीं दूर होंगी। पूर्व पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान को हाल ही में दोषी घोषित कर उनको 14 साल कैद की सजा दी गई है। यह पाकिस्तानी राजनीतिक उथलपुथल के इतिहास में महत्वपूर्ण मोड़ है। खान को एक हाईप्रोफाइल भूमि पर अवैध कब्जे के मामले में दोषी पाया गया जिसके लिए उन्होंने प्रापर्टी मालिक मलिक रियाज़ से समझौता किया था। इस सजा से इमरान खान का राजनीतिक भविष्य और अंधकारमय हो गया है। इस घटनाक्रम से न केवल पाकिस्तानी सैनिक अवस्थापना का स्थाई असर दिखता है, बल्कि इससे देश के लोकतांत्रिक भविष्य पर भी चिन्ता पैदा होती है। 'जवाबदेही अदालत' के फैसले में इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को अवैध रूप से अरबों रुपये के प्लाट पाने का दोषी ठहराया गया है जिससे रियाज़ को 239 मिलियन डालर लांड्रिंग का मौका मिला। इमरान खान को 14 साल की सजा और एक मिलियन रुपये के जुर्माने तथा उनकी पत्नी को सात साल की सजा मिली है। पाकिस्तानी तहरीके इन्साफ पार्टी-पीटीआई ने इस सजा की निन्दा करते हुए इसे राजनीति-प्रायोजित हमला बताया है। इमरान खान ने लगातार इन आरोपों को अपने विरोधियों द्वारा 'फंसाने' का षडयंत्र बता कर खारिज किया है जिनमें खासकर पाकिस्तान की शक्तिशाली सेना शामिल है। सेना को उन्होंने स्वयं को सत्ता से हटाने तथा जेल में बंद करने का जिम्मेदार बताया है।



इमरान खान पाकिस्तान के एक सर्वाधिक लोकप्रिय नेता हैं जिनके प्रतिबद्ध समर्थक उनको भ्रष्टाचार और सैनिक प्रभुत्व के खिलाफ प्रतिरोध का प्रतीक मानते हैं। लेकिन उनके जेल में बंद होने से पार्टी और समर्थकों को अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। सदस्यों और नेताओं पर लगातार कार्रवाई के कारण व्यापक विरोध प्रदर्शन करने तथा अपनी राजनीति बनाए रखने की पीटीआई की क्षमता घटी है। पाकिस्तानी राजनीतिक व्यवस्था के लिए इमरान खान की सजा गंभीर संकट है। इससे न्यायपालिका में पक्षपात तथा राजनीतिक बदले में एक औजार की तरह उसके प्रयोग की स्थिति उजागर होती है। वैसे यह मामला सिविलियन नेताओं तथा सैनिक अवस्थापना के बीच व्यापक संघर्ष का हिस्सा है जिसने लंबे समय से प्रभुत्व बना रखा है। हालांकि, इमरान खान ने तानाशाही के खिलाफ खड़े होने का दावा किया है, पर 2018-2022 के बीच कार्यकाल में उनके सेना से नजदीकी संबंध रहे जो बाद में खराब हो गए। सेना के सर्वोच्च जनरलों की नजरों से खासकर अपनी हत्या के षडयंत्रों के आरोप लगाने के बाद गिरने से उनके राजनीतिक पतन का मंच तैयार हो गया। खान को सत्ता से बाहर करने तथा बाद में पैदा की गई कानूनी समस्यायें सेना के प्रभुत्व का संकेत हैं। दशकों से पाकिस्तानी सेना सत्ता का केन्द्र रही है तथा उसने चुनावों, न्यायिक कार्यवाहियों व नीतिगत निर्णयों को प्रभावित किया है। इसी कारण पाकिस्तान में लोकतांत्रिक संस्थानों के विकास में बाधा आई है। इमरान खान के मामले ने पुन: स्पष्ट किया है कि कोई सिविलियन नेता सेना के अधिकार को चुनौती नहीं दे सकता है और उसे इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। इससे लोकतंत्र प्रभावित होता है। इमरान खान की सजा के प्रभाव उनके व्यक्तिगत राजनीतिक भविष्य से आगे जाते हैं। इससे विपक्ष को निष्प्रभावी करने के लिए कानूनी व्यवस्थाओं के प्रयोग का उदाहरण स्थापित होता है तथा लोकतांत्रिक संस्थानों के क्षरण पर चिन्ता पैदा होती है। इन स्थितियों को देखते हुए पाकिस्तान में सच्चा लोकतंत्र आने का रास्ता बहुत लंबा दिखता है।

# चीन में विशाल बांध के खतरे

**टेक्टानिक प्लेट गतिविधि के कारण तिब्बती क्षेत्र भूंकपों का खतरा झेलता है। ऐसे में विशाल बांध परियोजनायें जीवन, जैव-विविधता तथा क्षेत्रीय स्थायित्व के लिए खतरा बढ़ा सकती हैं।**



बी के सिंह
(लेखक, सेवानिवृत्त वन अधिकारी हैं)



तिब्बत में 7 जनवरी को रिक्टर पैमाने पर 7.1 पैमाने के भूकंप से 126 लोगों की जान गई तथा 188 लोग घायल हुए। तापमान में माइनस 60 डिग्री तक गिरने के कारण राहत व बचाव कार्य में बाधा आई। इस भूकंप के झटके नेपाल, भूटान तथा बिहार व पश्चिम बंगाल के भारतीय राज्यों में भी महसूस किए गए। इस भूकंप का केन्द्र तिब्बत की टिंगरी काउंटी में था जो दुनिया के सबसे ऊंचे पहाड़ माउंट एवरेस्ट से 75 किलोमीटर उत्तर में स्थित है। इस भूकंप से चीन द्वारा तिब्बत में यारलुंग सांग्पो नदी पर दुनिया का सबसे बड़ा बांध बनाने की परियोजना की ओर ध्यान आकर्षित हुआ जो भारतीय क्षेत्र अरुणांचल प्रदेश के बहुत निकट है।

तिब्बत क्षेत्र तथा चीन में उसके निकटस्थ क्षेत्र भूकंपीय दृष्टिकोण से बहुत सक्रिय हैं। इसी क्षेत्र में भारतीय और यूरेशियाई प्लेटें टकराती हैं और इनके कारण पैदा बल हिमालयी चोटियों की संख्या और उनकी ऊंचाई बढ़ाने का काम करता है। अकेले सीचुआन प्रांत में मई, 2008 में आए भूकंप में 90,000 लोगों की जान गई थी, 2013 में 7.1 आयाम के भूकंप में 196 लोग मारे गए थे तथा सितंबर, 2022 में 6.8 आयाम के तीसरे भूकंप में 93 लोग मारे गए थे।

क्वांगशी प्रांत भी दो बड़े भूकंपों का केन्द्र रहा है। अप्रैल, 2010 में यहां 7.1 आयाम का भूकंप आया, जबकि दिसंबर, 2023 में 6.2 पैमाने का भूकंप आया जिनमें 2698 व 126 लोग मारे गए। जुलाई, 2013 और दिसंबर, 2023 में दो भूकंप गांसू प्रांत में भी आए। 7 जनवरी को तिब्बत के टिंगरी में भूकंप के बाद जारी नासा की रिपोर्ट में बताया गया कि चीन में यांग्जी नदी पर बने 'थ्री जार्जेस डैम' में 607 मीटर ऊंचाई तथा दो किलोमीटर लंबाई में पानी भरने के कारण धरती का घूर्णन धीमा हो गया।

बांध पूरे क्षेत्र को भूकंपीय दृष्टिकोण से संवेदनशील बना कर जनसंख्या के लिए खतरा पैदा करते हैं। क्षेत्र में ऐसे बांध बनने से संकट और गहराएगा। भूकंपीय गतिविधियों में बड़े बांधों को भी खतरे की संभावना पैदा हो गई है। यदि ऐसा कोई बांध बड़े भूकंप में टूटता है तो बड़ी मात्रा में पानी मानव बस्तियों में घुस कर जीवन और संपत्ति का भारी विनाश कर सकता है। यह पूरे क्षेत्र के लिए विनाशकारी हो सकता है। दुनिया की सबसे शक्तिशाली नदी यारलुंग सांग्पो तिब्बत में है जो अरुणाचल प्रदेश में प्रवेश करने पर ब्रह्मपुत्र हो जाती है। खड़ी ढलानों वाले पहाड़ों पर उतरने के कारण यह अनेक गीगावाट ऊर्जा संग्रहीत करती है। चीन ने तिब्बत में इस नदी पर 137 बिलियन डालर की लागत से 60 गीगावाट बिजली बनाने का लक्ष्य रखा है।

इस परियोजना से मिलने वाली बिजली चार जार्जेस डैम से ढाई गुना अधिक होगी जो इस नदी के ऊपरी और मध्य के हिस्सों में बने हैं। इनमें से केवल जंगारू डैम परियोजना ही सक्रिय हो सकी है। अन्य तीन बांध परियोजनाओं पर अभी निर्माण जारी है और उन्होंने खड़े पहाड़ों तथा गहरी घाटियों के कारण चीन के समक्ष लाजिस्टिक व तकनीकी चुनौतियां पैदा की हैं। चीन नदी के ऊपरी हिस्से वाला देश है और उसे ऐसी परियोजनाओं पर गोपनीय ढंग से काम नहीं करना चाहिए जिनसे नदी के निचले क्षेत्रों वाले भारत और बांग्लादेश को नुकसान की संभावना पैदा हो।

चीन ने पूरी गैर-जिम्मेदारी व आक्रामकता के साथ ब्रह्मपुत्र नदी में कमी तथा बाढ़ वाले मौसम में प्रवाह घटाने की योजना बनाई है। आंकड़ों से संकेत मिलता है कि चीन में यारलुंग सांग्पो का वार्षिक प्रवाह भारत में ब्रह्मपुत्र की तुलना में काफी कम है। इस प्रकार यारलुंग की तुलना में खड़े पहाड़ों पर ब्रह्मपुत्र का कैचमेंट क्षेत्र बहुत अधिक है। यह स्थिति उस समय है जब केवल जंगारू बांध परियोजना ही सक्रिय है। चीन द्वारा अन्य परियोजनायें पूरी करने पर चुनौती बहुत बढ़ जाएगी। चीन की तकनीकी प्रगति को देखते हुए वह देश अपनी पहाड़ी बांध परियोजनाओं को मूर्त रूप दे सकता है जिनके परिणामस्वरूप ब्रह्मपुत्र में कमी के मौसम में बहने वाला पानी बहुत कम हो जाएगा।

इससे भारत और बांग्लादेश में जैव-विविधता संरक्षण तथा खेती प्रभावित हो सकती है। एक दशक से अधिक समय से चीन अधिकतम ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन कर रहा है जो प्रति वर्ष 14 गीगाटन तक पहुंचती हैं। इसके बाद प्रति वर्ष 8 गीगाटन के साथ अमेरिका का दूसरा स्थान है। समुद्र की सतह का तापमान बढ़ने से वातावरण में नमी की मात्रा बहुत अधिक हो जाती है जिससे एक-दो दिन में ही भारी बरसात होती है। ऐसी परिस्थितियों में आजकल 48 घंटे में ही 400 मिलीमीटर बरसात असामान्य बात नहीं है। इसके कारण अचानक बाढ़ आती है और अधिकारियों को बांधों से पानी छोड़ना पड़ता है ताकि लोगों के जीवन और संपत्ति की रक्षा की जा सके। भारत में बरसात के मौसम में हमेशा ब्रह्मपुत्र नदी में बाढ़ आती है। इससे लाभ के बजाय नुकसान अधिक होता है। जहां अरुणांचल प्रदेश और असम में ब्रह्मपुत्र के बाढ़ वाले मैदान उर्वर हो जाते हैं, वहीं पानी उतरने के बाद नदी भारी मात्रा में गाद पीछे छोड़ती है। इससे बाढ़ लोगों और जैव-विविधता के लिए विभीषिका का कारण बनती है। यूनेस्को द्वारा घोषित हॉटस्पाट काजीरंगा नेशनल पार्क विश्व स्तर पर लोकप्रिय जैव-विविधता संरक्षण स्थल है।

हालांकि, काजीरंगा एक बाघ अभयारण्य भी है, पर असाम राज्य गैंडों के संरक्षण पर जोर दे रही है। बाढ़ के समय शिकारी अक्सर गैंडों का शिकार आसानी से कर लेते हैं। असम सरकार के वन विभाग के अनेक कर्मचारियों ने इनकी रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया है। बाढ़ के समय अनेक बड़े स्तनधारियों की प्रजातियां पानी के बहाव के कारण नष्ट हो जाती हैं। असम वन विभाग ने मिट्टी के ऊंचे किनारे बना कर इनकी सुरक्षा के प्रबंध किए हैं, लेकिन इसके लिए यह भी जरूरी है कि जंगली जानवर बाढ़ के समय यहां शरण लेने आएं।

ऐसे में चीनी बांधों से छोड़े जाने वाले अतिरिक्त पानी के कारण यह सुरक्षा बेकार हो जाएगी और बड़ी संख्या में जंगली जानवर मारे जाएंगे। हालांकि, दोनों देशों के बीच कोई औपचारिक जल संधि नहीं है, पर बांध बनाने की चीनी योजना बिना नदी के निचले क्षेत्रों वाले देशों तथा यूनेस्को की सहमति के नहीं होनी चाहिए। लेकिन चीन किसी की बात नहीं सुनता है, इसलिए भारत को अपने हित में कुछ कार्रवाइयां करनी चाहिए। हमें अपनी निगरानी व्यवस्था मजबूत कर चीन से आने वाली नदियों में विभिन्न मौसमों में पानी के प्रवाह पर नजर रखनी चाहिए। उपग्रह से प्राप्त तस्वीरों का प्रयोग मैपिंग व बाढ़ का जोखिम पता लगाने में किया जा सकता है। इसके साथ ही भंडारण सुविधायें बढ़ाई जानी चाहिए ताकि बाढ़ के पानी को उनमें भेजा जा सके। बाढ़ भंडारण संरचनाओं के लिए स्थल चुनने में स्थानीय व परिस्थितिकीय कारणों पर ध्यान देना होगा।

इसके साथ ही भूकंपीय हलचलों पर भी गंभीरता से नजर रखनी होगी। इसमें राज्य सरकारों तथा केन्द्र सरकार को ब्रह्मपुत्र में नौवहन सुविधायें बढ़ाने पर ध्यान देने से भी लाभ होगा। केन्द्र सरकार ने भीतरी जलमार्गों के विकास में निवेश को प्राथमिकता दी है। ब्रह्मपुत्र वाटरवेज़-2 की पहुंच सीधे बांग्लादेश के चटगांव बंदरगाह और पश्चिम बंगाल में हल्दिया तक होगी।

यह दक्षिण-पूर्वी आसियान देशों से व्यापार के लिए बहुत अच्छा आर्थिक गलियारा बन सकता है। जल संधि के अभाव में हमें जलवायु परिवर्तन, दलदली भूमि संरक्षण तथा जैव-विविधता संरक्षण संबंधी मुद्दों ऐसे सभी बहुपक्षीय मंचों पर उठाना चाहिए जिन पर भारत और चीन ने हस्ताक्षर किए हों।

# आस्था, पौराणिकता व आधुनिकता का संगम

> "महाकुंभ की उत्पत्ति के बारे में आधुनिक इतिहासकारों के विवाद के विपरीत, प्राचीन से आधुनिक समय तक के कई यात्रियों, इतिहासकारों और बुद्धिजीवियों ने इसे रहस्यमय पाया है।"

देव नाथ पाठक
(लेखक, आईआईटी की महाकुंभ टीम के सदस्य हैं)



मार्क टुली, जो कि बीबीसी के जाने-माने पूर्व संवाददाता हैं, ने 1989 में परयाग में हुए महाकुंभ को समय और कालातीतता के एक रहस्यमय और मनमोहक अंतर्संबंध के रूप में चित्रित किया। अखाड़ों के संतों, कपलवासी कहे जाने वाले तीर्थयात्रियों, प्रयागवाल और घटिया पुजारियों, केवट और खटिक जैसे हितधारक समुदायों और कुल मिलाकर गृहस्थों और त्यागियों के बहुरूपदर्शक प्रकटीकरण को दर्शाते हुए, टुली ने पौराणिक कथाओं और इतिहास पर रिपोर्ट दी, जिसका उद्देश्य एक बड़े साझा लक्ष्य, भाग लेने वाले मानवता का आध्यात्मिक उत्थान था। टुली ने लिखा कि महाकुंभ में हिंदुओं का धर्म, 'इतिहास की वास्तविकता से परे एक धर्म है, कल्पना का धर्म जो तर्क से परे है'। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर 2025 के प्रयाग महाकुंभ की समीक्षा करने में लगा हुआ है, जो अमूर्त विरासत के इर्द-गिर्द समय और कालातीतता के अंतर्संबंध पर एक नया दृष्टिकोण सक्षम करता है। विभिन्न स्तरों पर, अमूर्त विरासत को मूर्त अभिव्यक्ति मिली है। महाकुंभ की विशालता केवल प्रतिभागियों की भारी संख्या या यहां तक कि आयोजन के पैमाने के भयानक आंकड़ों में ही नहीं है। दशकों में संख्या में वृद्धि हुई है और आयोजन राज्य स्तर की कला में प्रवेश कर गया है। अतीत में महाकुंभ को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के अंतरिक्ष उपग्रह द्वारा सबसे चौंका देने वाले दृश्यों में से एक के रूप में देखा गया था। 2025 के संस्करण में यह सुनिश्चित किया गया है कि तीर्थयात्रियों और साधुओं के लिए अधिक विस्तृत सुविधाएं, संगम के तीन तरफ विभिन्न प्रकार के आवास और स्वच्छता के रखरखाव के लिए नवीनतम तकनीक मौजूद हैं।

कुंभ जिले के प्रशासकों ने अत्यधिक कुशल, तकनीकी रूप से समर्थित सेवाओं को सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। फिर भी सबसे महत्वपूर्ण हिंदू धर्म, सनातन धर्म की पौराणिक कथाओं, इतिहास और सामाजिक अंतर्निहितता की शक्ति है। कोई आश्चर्य नहीं कि यूनेस्को को 2017 में कुंभ को भारत की अमूर्त विरासत घोषित करना पड़ा। लेकिन कुंभ में अमूर्त और अमूर्त दोनों ही बहुत मूर्त और ठोस अभिव्यक्तियाँ हैं, जिसमें नवीनतम जोड़ एक अप-मार्केटेड अक्षय वट है, जो सम्राट अकबर के किले के परिसर से सटा एक पौराणिक वृक्ष है। भले ही महाकुंभ की कल्पना और संप्रेषण प्रचुर मात्रा में पाठ्य संदर्भों के माध्यम से किया जाता है, लेकिन यह भारत की जीवंत धार्मिक परंपरा और सामूहिक स्मृति की अभिव्यक्ति है। ऋग्वेद, यजुर्वेद, अथर्ववेद, मत्स्य पुराण, स्कंद पुराण, विष्णु पुराण और वाल्मीकि की रामायण और वेद व्यास की महाभारत जैसे महाकाव्यों के प्राचीन ग्रंथ हिंदू पौराणिक कथाओं के मूल मिथक पर आधारित धार्मिक समागम के पर्याप्त संदर्भ प्रदान करते हैं। देवताओं ने राक्षसों के साथ मिलकर समुद्र मंथन किया, जिसे सागर-मंथन कहा जाता है। नाविक हमें बताते हैं कि सागर मंथन हमारे मन में जारी रहेगा। मंथन के चौदह अमूल्य परिणामों में से एक अमृत कुंभ था, जो अमरता के अमृत से भरा घड़ा था। मिथक और कहानियों के कई संस्करण बताते हैं कि अमृत की कुछ बूँदें नदियों, गंगा, जमुना और पौराणिक सरस्वती के संगम में गिर गईं। कुछ दिव्य अवसरों पर, संगम में अमृत तीर्थयात्रियों के लिए उपलब्ध हो जाता है, जो संगम के पास रहते हैं और तपस्या, धर्मपरायणता और आध्यात्मिक अभ्यासों का दैनिक जीवन जीते हैं, जिन्हें कल्पवास कहा जाता है, जिसका उद्देश्य शरीर और मन को बदलना है।



महाकुंभ की उत्पत्ति के बारे में आधुनिक इतिहासकारों के विवाद के विपरीत, प्राचीन से आधुनिक समय तक के कई यात्रियों, इतिहासकारों और बुद्धिजीवियों ने इसे रहस्यमय पाया है। चीनी बौद्ध विद्वान ह्वेन त्सांग ने 7वीं शताब्दी ई. में एक कुंभ में भाग लिया था जिसमें कन्नौज के सम्राट हर्षवर्धन ने भाग लिया था और अपनी संपत्ति दान कर दी थी। 9वीं शताब्दी ई. में, हिंदू सुधारक संत और विद्वान आदि शंकर ने महाकुंभ को एक अधिक अखिल हिंदू आयोजन में बदल दिया। बहुत बाद में मुगल सम्राट अकबर ने संगम के किनारे घाटों और किलों का निर्माण किया, जो कुंभ मेले के बुनियादी ढांचे में योगदान करते थे, जैसा कि अकबरनामा में अबू फजल ने वर्णित किया है। आधुनिक भारत में महात्मा गांधी को महाकुंभ की अधिक आलोचनात्मक समझ थी।

उन्होंने अपनी जीवनी में उल्लेख किया है कि आत्म-साक्षात्कार कुंभ में तीर्थयात्रा के लिए बंधक नहीं था, फिर भी 1915 में उन्होंने हरिद्वार में कुंभ में भाग लिया। हालाँकि, जवाहरलाल नेहरू ने द डिस्कवरी ऑफ़ इंडिया में याद किया, मुझे आश्चर्य है कि वह कौन सी जबरदस्त आस्था थी, जिसने हमारे लोगों को अनगिनत पीढ़ियों से भारत की इस प्रसिद्ध नदी की ओर आकर्षित किया है? भारत का एक सूक्ष्म जगत, महाकुंभ विविधता में एकता और जीवित धर्म का प्रतिनिधित्व करता है, जिसका वर्णन नेशनल बुक ट्रस्ट ऑफ़ इंडिया द्वारा 2024 में प्रकाशित धनंजय चोपड़ा की पुस्तक में किया गया है। शायद यह समय और कालातीतता के बीच के अंतर को सुनिश्चित करता है और इस प्रकार महाकुंभ का एक लंबा भविष्य है।

## आप की बात

### प्रेरणादायी पहल

**मध्य** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा उज्जैन सहित सभी धार्मिक स्थलों पर पूर्ण शराबबंदी लागू करने की घोषणा एक ऐतिहासिक और प्रेरणादायक पहल है। यह कदम न केवल धार्मिक स्थलों की पवित्रता को बनाए रखने का माध्यम बनेगा, बल्कि समाज में नशामुक्ति का एक मजबूत संदेश भी प्रसारित करेगा। धार्मिक स्थलों पर शराबबंदी से श्रद्धालुओं और पर्यटकों को शांतिपूर्ण और आध्यात्मिक वातावरण प्राप्त होगा, जिससे इन स्थलों का धार्मिक महत्व और अधिक प्रखर होगा। मुख्यमंत्री का यह निर्णय युवाओं को नशामुक्त जीवन की ओर प्रेरित करने और राज्य में नैतिक मूल्यों की पुनर्स्थापना का सशक्त माध्यम बनेगा। यह कदम न केवल श्रद्धालुओं की आस्था का सम्मान करता है, बल्कि पर्यावरण और सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह निर्णय धार्मिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ राज्य की पहचान को और मजबूती प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का यह प्रयास मध्य प्रदेश को नशामुक्त, सांस्कृतिक रूप से समृद्ध और सामाजिक सुधार की दिशा में एक प्रेरणादायक उदाहरण बनाएगा। यह कदम वास्तव में राज्य के विकास और आध्यात्मिक गरिमा को पुनर्स्थापित करने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा।

– **आरके जैन**, बड़वानी, मप्र

### ट्रंप का दूसरा कार्यकाल

**डोनाल्ड** ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में भारत को लेकर उनका रवैया क्या होगा, यह एक महत्वपूर्ण प्रश्न है। उनके पहले कार्यकाल में भारत-अमेरिकी संबंधों में कई उतार-चढ़ाव देखे गए थे, लेकिन दोनों देशों के बीच संबंधों में सुधार हुआ था। फिलहाल तो 18000 भारतीयों के अमेरिका से निकल जाने की बात परेशानी का सबब है। ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में भारत को लेकर उनका रवैया कैसा होगा यह समय ही बताएगा। ट्रंप के अमेरिका फर्स्ट की नीति के चलते भारत पर भी प्रभाव पड़ेगा। फिर अमेरिका का हू से बाहर निकलना और पूर्वमें की गई अंतरराष्ट्रीय संधियों को खत्म करना पूरे विश्व की परेशानी का सबक बनेगा। भारत, अमेरिका के साथ संबंधों को और मजबूत करना चाहेगा। वह ट्रंप 2.ह के मुताबिक खुद को ढालेगा। साथ ही, वह चीन के साथ रिश्तों में स्थिरता लाना चाहेगा और वह अपनी क्षमता भी बढ़ाना जारी रखेगा। इनके साथ भारत, अमेरिका में चल रही नीतिगत बहसों पर भी नजर बनाए रखेगा, जिनका असर उसके हितों-विकल्पों पर पड़ सकता है। ट्रंप प्रशासन भारत के साथ रणनीतिक सहयोग को बढ़ावा दे सकता है, खासकर चीन के बढ़ते प्रभाव के मद्देनज़र। ट्रंप प्रशासन भारत के साथ व्यापार और आर्थिक संबंधों को मजबूत बनाने का प्रयास कर सकता है, लेकिन इसके लिए भारत को अमेरिकी व्यापार नीतियों के अनुसार चलना होगा।

– **विभुक्ति बुपक्या**, खाचरोद

### ऐतिहासिक वापसी

**ट्रंप** जैसे नेता की अमेरिका के राष्ट्रपति पद पर ऐतिहासिक वापसी उन्हे और अधिक निरंकुश बनाएगी। उनकी नीतिया अंतरराष्ट्रीय समुदाय पर भी गहरा असर डालेगी। उनकी कूटनीतिक एवं आर्थिक नीतिया से वैश्विक बिरादरी में संकट पैदा कर सकती है। पनामा नहर,ग्रीनलैंड और कनाडा पर उनके विचार उनके विस्तारवादी मंसूबो को जाहिर करते हैं। उनका सर्वाधिक अनुचित निर्णय पेरिस जलवायु समझोते से अलग होने का हे।वर्ष 2024 में वैश्विक तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस की महत्वपूर्ण सीमा को पार कर गया है।जलवायु विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि यदि माकूल उपाय नहीं किए गए तो 2050 तक वैश्विक तापमान 2एष्ट की सीमा को पार कर सकता है, जिसका मानव जीवन पर विनाशकारी प्रभाव पड़ सकता है। विशेषज्ञो का यहां तक कहना है कि यह एक खतरनाक संकेत है, जो मानवता एक ऐसे मोड़ पर ले जा रहा है, जहां से वापसी मुश्किल होगी। इससे निपटने के लिए साझा वैश्विक प्रयासो की जरूरत है। ऐसे में अमेरिका का इस मुदे से मुंह मोडना किसी भी तरह से उचित नहीं है। जलवायु परिवर्तन एवं ग्लोबल वार्मिंग के दुष्प्रभाव समूचे विश्व पर पड़ रहा है तथा अमेरिका भी इसी विश्व बिरादरी का हिस्सा है। बेहतर होता कि विश्व की एकल महाशक्ति होने के नाते इस मुदे पर ट्रंप के नेतृत्व वाला अमेरिका विश्व की अगुवाई करता।

– **विमलेश पगारिया**, बदनावर

### सांस्कृतिक राष्ट्रवाद

**अपने** सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के वैचारिक अधिष्ठान के अनुरूप केन्द्र की भाजपा सरकार ने चिकित्सा क्षेत्र में आयुर्वेद और योग को इनका उचित स्थान प्रदान करने का सतत प्रयास किया है जो निश्चित ही अभिनन्दनीय है। नए संस्थानों के निर्माण से पहले से उपलब्ध चिकित्सा केन्द्रों में आयुर्वेद चिकित्सा सुविधा जैसे अनेक प्रकल्पों पर केन्द्र और भाजपा शासित राज्य सरकारों ने महती वित्त निवेश किया है । किन्तु जो 2 महत्वपूर्ण पक्ष अभी अछूते हैं जिनमें आयुर्वेद के समावेश से आयुर्वेद चिकित्सा सुविधा की परिधि को बहुत अधिक बढ़ाया जा सकता है, इनमें पहला है आयुष्मान भारत परियोजना के अन्तर्गत आयुर्वेद चिकित्सकों/ चिकित्सा केन्द्रों का समावेश और दूसरा प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्रों पर गुणवत्ता पूर्ण प्रभावी आयुर्वेद योगों की उपलब्धता । इन दोनों उपायों से जहां जनसामान्य को आयुर्वेद चिकित्सा का विकल्प उपलब्ध होगा, वहीं निजी आयुर्वेद चिकित्सकों को रोगियों की चिकित्सा के लिए अपेक्षाकृत सस्ता विकल्प होने से आयुर्वेद चिकित्सा की स्वीकार्यता जनसामान्य में बढ़ेगी

– **डॉ जय प्रकाश,** अंबाला छावनी

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# श्रीराम भगवान प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर गंगा महा आरती में शामिल हुए विधायक दीपेश साहू

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर उत्सव का माहौल रहा है इस अवसर पर बेमेतरा महाकाल सेवा समिति के तत्वावधान में नगर के प्रसिद्ध माता भद्रकाली तालाब में भव्य गंगा महाआरती का आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर हजारों भक्तों ने दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना की और भगवान श्रीराम के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। वही आरती पश्चात छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध गायिका आरु साहू के सांस्कृतिक भजन कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ, जिससे श्रद्धालु भक्ति में झूम उठे। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में बेमेतरा विधायक दिपेश साहू, साजा विधायक ईश्वर साहू,हिंदू संगठनों के पदाधिकारी एवं सर्वसमाज के लोग बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। तालाब के किनारे का अत्यंत मनमोहक दृश्य देखने मिला। जहाँ हजारों दीपों की रोशनी से पूरा वातावरण जगमगा उठा। भगवान जयश्री राम, माँ गंगा मैया के जयकारे और शंखनाद की ध्वनि के साथ गंगा महा आरती का शुभारंभ हुआ। जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर विधायक बेमेतरा दिपेश साहू ने कहा कि भगवान श्रीराम हमारे आदर्श हैं और उनकी प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ को इस प्रकार धूमधाम से मनाना अत्यंत हर्ष का विषय है। नगर की माता भद्रकाली तालाब मां गंगा घाट की तरह लग रहा है। जहां स्वयं मां गंगा विराजमान है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन हमारी संस्कृति और परंपराओं को जीवित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वही इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी आयोजकों एवं श्रद्धालुओं को बधाई एवं शुभकामनायें दी।

इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री अवधेश सिंह चंदेल भाजपा जिलाध्यक्ष अजय साहू, पूर्व जिलाध्यक्ष जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, राजेंद्र शर्मा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, शहर मण्डल अध्यक्ष मोंटी साहू, निशा चौबे, विकाश तम्बोली सहित महाकाल सेवा समिति के समस्त सदस्यगण भाजपा पदाधिकारी गण कार्यकर्त्ता नगरवासी मौजूद रहे ।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत बेमेतरा में लर्निंग लाइसेंस कैम्प का आयोजन

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com




राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत यातायात बेमेतरा कार्यालय परिसर में एक विशेष लर्निंग लाइसेंस कैम्प का आयोजन किया गया। यह कैम्प बेमेतरा के कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी रणबीर शर्मा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देशन में, यातायात बेमेतरा पुलिस और परिवहन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिले के नागरिकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना और उन्हें सरल तरीके से लर्निंग लाइसेंस प्रदान करना था। कैम्प का आयोजन 21 जनवरी 2025, मंगलवार को सुबह 10 बजे से देर शाम तक यातायात बेमेतरा पुलिस विभाग के कार्यालय परिसर में किया गया। इसमें कुल 74 आवेदन प्राप्त हुए। आवेदकों को लर्निंग लाइसेंस प्राप्त करने के लिए कुछ आवश्यक दस्तावेज जैसे जन्मतिथि प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र और एक पासपोर्ट साइज फोटो लाने के निर्देश दिए गए थे। कैम्प में आवेदकों का ऑनलाइन फॉर्म भरा गया, जिसके बाद बायोमेट्रिक प्रक्रिया पूरी की गई। इस प्रक्रिया के बाद आवेदकों को सड़क सुरक्षा संकेतकों की जानकारी दी गई, जिससे वे लर्निंग लाइसेंस टेस्ट के लिए पूरी तरह से तैयार हो सकें। इसके परिणामस्वरूप 65 आवेदक लर्निंग लाइसेंस टेस्ट में सफल हुए और उन्हें तत्काल लर्निंग लाइसेंस प्रदान किया गया। इस कैम्प का मुख्य उद्देश्य लोगों को सड़क सुरक्षा के महत्व के प्रति जागरूक करना और उन्हें यातायात नियमों के प्रति संवेदनशील बनाना था, ताकि वे सुरक्षित और नियमों के अनुसार वाहन चला सकें। इस अवसर पर यातायात बेमेतरा प्रभारी उप निरीक्षक प्रवासी यादव, सउनि भलेतिनुस पन्ना, जिला परिवहन कार्यालय बेमेतरा से प्रवीण कुमार साहू, प्रधान आरक्षक दुष्यंत ठाकुर, खोमलाल साहू, दौलत वर्मा, आरक्षक पारसमणी साहू, राजेश राजपूत, चंद्रकांत देवांगन (सुपरवाइजर), युगल देवांगन (परिवहन सुविधा केंद्र दाढी), विक्रांत देवांगन (लोक सेवा केंद्र बेमेतरा) एवं अन्य यातायात पुलिस और परिवहन विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने जिले में सड़क सुरक्षा के प्रति एक सकारात्मक संदेश फैलाया और नागरिकों को सुरक्षित यातायात के महत्व से अवगत कराया।

# कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह ने नाम निर्देशन पत्र की कार्यवाही का लिया जायजा

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने 22 जनवरी को नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के अंतर्गत जिले के डौण्डी और डौण्डीलोहारा के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण कर नाम निर्देशन पत्र की कार्यवाही का लिया जायजा। कलेक्टर ने कार्यालयों में नगरीय निकाय निर्वाचन हेतु अध्यक्ष एवं पार्षद पद हेतु नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने वहां बनाए गए विभिन्न काउंटर का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। कलेक्टर ने अधिकारी-कर्मचारियों से कहा कि वे नगरीय निकाय निर्वाचन अंतर्गत नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की कार्यवाही को नियमानुसार गंभीरतापूर्वक संपादित करें, निर्वाचन कार्य में किसी प्रकार की त्रुटि न होने दें।

# डाइट व्याख्याता ने प्राथमिक शाला अकोला का अकादमिक निरीक्षण किया

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट बेमेतरा के व्यख्याता थलज कुमार साहू के द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला अकोला में अकादमिक निरीक्षण किया गया। विद्यालय में एक प्रधान पाठक है और दो सहायक शिक्षकों में से एक हेमलता ठाकुर मेडिकल अवकाश पर है। बाकी के दो शिक्षक उपस्थित थे। प्रधान पाठिका हिमकल्याणी सिन्हा और हिरेश टंडन कक्षा में अध्यापन कराते हुए पाये गये। व्याख्याता थलज कुमार साहू से बताया कि विद्यालय का वातावरण स्वच्छ है एवं सीखने सिखाने के लिए उत्तम है। बच्चों की उपस्थिति अच्छी थी। पढ़ाई का स्तर भी अच्छा है। तीसरी के बच्चों में एफएलएन है बच्चें पुस्तक पढ़ लेते है।

# डौंडी में हुआ विकासखंड स्तरीय क्विज प्रतियोगिता आयोजन



पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

विकासखंड स्तरीय क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन बीआरसी कार्यालय डौन्डी में आयोजित किया गया। जिसमें प्रत्येक संकुल से प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के एक-एक विद्यार्थी उपस्थित हुए। प्राथमिक स्तर पर कु. सृजल बुनियादी शाला डौन्डी एवं द्वितीय स्थान उमंग कुमार शास. प्राथ. शाला कटरेल रहे। माध्यमिक स्तर के प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु. रोशनी साहू शास. पूर्व माध्य. शाला कुआगोंदी एवं द्वितीय स्थान कु. रेणुका शास. पूर्व माध्य. शाला कुमुड़कट्टा ने प्राप्त किया। यह कार्यक्रम विकासखंड शिक्षा अधिकारी डौन्डी जे. एस. भारद्वाज एवं बीआरसी सच्चिदानंद शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ । इस कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर पर नोडल एवं निर्णायक दल को कार्य सौंपा गया था, जिसमें प्राथमिक शालाओं के विद्यार्थियों के क्विज़ प्रतियोगिता हेतु नोडल के रूप में लालमणि साहू प्रधान पाठक शास. प्राथ. शाला देवपांडुम एवं निर्णायक के रूप में लीलाधर ठाकुर सहायक शिक्षक शास. प्राथ. शाला दारूटोला उपस्थित रहे। माध्यमिक स्तर के क्विज़ प्रतियोगिता हेतु नोडल शिल्पी राय शिक्षक शास. पूर्व माध्य. शाला कुआंगोंदी एवं निर्णायक के रूप में गजेंद्र रावटे शिक्षक शास. पूर्व माध्य. शाला ठेमाबुजुर्ग एवं विनोद गुप्ता शास. पूर्व माध्य. शाला चिखलाकसा का योगदान रहा।

# प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में शामिल हुए जिले के 8 विद्यालयों के विद्यार्थी

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा हाल ही में शुरू की गई भारत हैं हम नामक श्रृंखला के माध्यम से स्वतंत्रता सेनानियों को बहुत ही प्रेरक तरीके से प्रस्तुत किया गया है। परीक्षा पे चर्चा के 8वें संस्करण 2025 के अंतर्गत पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय बेमेतरा में प्राचार्या लक्ष्मी सिंह के मार्गदर्शन में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बेमेतरा जिले के कुल 8 विद्यालयों के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग लिया। सम्मिलित विद्यालय कुल 4 वर्गों में विभाजित था। पहला वर्ग पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय बेमेतरा, दूसरे वर्ग में जिले के 2 पीएम स्कूल, सेजस पीएम स्कूल बेमेतरा, सेजस पीएम स्कूल बेरला, तीसरे वर्ग सीबीएसई स्कूल का था जिसमें 3 स्कूल सामिल हुए, ऐकडेमिक वर्ल्ड स्कूल, डी ए वी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता, एलन्स पब्लिक स्कूल बेमेतरा तथा चौथे वर्ग में राज्य बोर्ड के 2 स्कूल, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुसमी बेमेतरा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बावामोहतरा सामिल हुए। सभी वर्गों के कुल शामिल विद्यार्थियों की संख्या 103 थी। पहले वर्ग में 25 दूसरे में 22 तीसरे में 30 तथा चौथे वर्ग में 26 प्रतिभागी सम्मिलित हुए। प्रतियोगिता के प्रारंभ में, सभी प्रतिभागियों को भारत हैं हम श्रृंखला के चयनित 05 एपिसोड देखने थे और इससे संबंधित प्रश्नों के उत्तर देने थे। भारत के कुल चुनिंदा 134 पीएम जवाहर नवोदय विद्यालयों में से एक पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय बेमेतरा के द्वारा यह क्विज़ प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। कुल पाँच राउंड में यह प्रतियोगिता विभाजित थी जिसमें, डायरेक्ट प्रश्नोत्तरी, नारा पहचानो, भारतीय नायकों को पहचानो, बज़र राउंड तथा अंत में रैपिड फ़ायर प्रश्नोत्तरी आयोजित हुई। सभी प्रश्न भारत के 5 महानायकों, ऊधम सिंह, वीर सावरकर,मंगल पांडे, रानी लक्ष्मी बाई, जनरल लचित बोरफुकन पर आधारित थी। नीर क्षीर विवेकी निर्णायक मंडलों में रामकृष्ण साहू, प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बावामोहतरा, सुनिशु गुप्ता पीजीटी रसायन, डी ए वी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता तथा सारिका जायसवाल पीजीटी वाणिज्य,ऐकडेमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता में प्रथम विजेता टीम पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय बेमेतरा रही, द्वितीय स्थान पर राज्य बोर्ड के स्कूल संयुक्त रूप से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुसमी बेमेतरा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बावामोहतरा रहे। तीसरा स्थान सीबीएसई स्कूल का था जिसमें संयुक्त रूप से ऐकडेमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा, डी ए वी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता, एलन्स पब्लिक स्कूल बेमेतरा, रहा तथा आख़िरी स्थान, सेजस पीएम स्कूल बेमेतरा, सेजस पीएम स्कूल बेरला रहा। प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को प्राचार्या लक्ष्मी सिंह तथा निर्णायक मंडल के सदस्यों द्वारा ट्रॉफी प्रदान की गई तथा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# यातायात नियमों का पालन करने वाले वाहन चालकों का गुलदस्ता से सम्मान



पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत कबीरधाम पुलिस ने नगर के सिग्नल चौक के पास हेलमेट पहनने और सीट बेल्ट का उपयोग करने वाले जिम्मेदार वाहन चालकों को चॉकलेट और गुलदस्ता देकर प्रोत्साहित किया गया। पुलिस अधिकारियों ने चालकों को बधाई देते हुए कहा कि उनका यह अनुशासन न केवल उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करता है बल्कि समाज में भी एक सकारात्मक संदेश देता है।

यातायात प्रभारी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए यातायात नियमों का पालन करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। हेलमेट और सीट बेल्ट जैसे सुरक्षा उपकरण जीवन बचाने में अहम भूमिका निभाते हैं। उप पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार चंद्राकर ने जनता से अपील कि वे हमेशा यातायात नियमों का पालन करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। पुलिस का यह प्रयास सड़क पर जिम्मेदारी और सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया, जिसे जनता ने सराहा।

# केकती पारा वार्ड में हुआ शिशु संरक्षण माह का आयोजन



पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

शिशु संरक्षण माह का आयोजन केकती पारा वार्ड क्रमांक 17 कला मंच में किया गया। वार्ड वासियों को स्वास्थ्य सुपरवाइजर रेखू राम साहू ने कार्यक्रम के उद्देश्य एवं विटामिन ए के फायदे को बताया, यह कार्यक्रम 21 जनवरी से 21 फरवरी तक चलेगा! 'शिशु संरक्षण माह का एक ही नारा, स्वस्थ बच्चा स्वस्थ गाँव हमारा' के उद्देश्य को लेकर कर शुभारंभ किया गया। 9 माह से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को विटामिन ए की खुराक 6 माह के अंतराल पर अवश्य पिलाएं, 6 माह से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को सप्ताह में दो बार 1 एम एल आयरन सिरप अवश्य पिलाएं नियमित टीकाकरण से छूटे हुए बच्चों को टीका अवश्य लगाये ,5 वर्ष तक के बच्चों का वजन कराना एवं गंभीर कुपोषित बच्चों का पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कर उपचार करवाना, विटामिन ए के फायदे रोगों से लड़ने की क्षमता में वृद्धि होती है, शरीर में रक्त बनने में सहायता मिलती है, आंख के रोग जैसे रतौंधी से बचाव होता है, बच्चों के शरीर को ताकत मिलती है, बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास में सहायता मिलती है। आयोजन में सुपरवाइजर लता यादव, सारु पिस्दा, संजय ठाकुर, आशा सोनी, करुणा सोनकुंवर, संजय यादव, कैलाश ठाकुर, हेमीन साहू, सीमा तिवारी, रश्मि ठाकुर, प्रिती डेविड, मितानिन त्रिवेणी, भावना, माया, कमलेश्वरी, शांता, बिन्दु, यमुना, विधा, सुनीता, योगीता, धनेश्वरी, सुरजा सहित वार्ड वासियों उपस्थित थे।

# यातायात पुलिस द्वारा छात्र-छात्राओं को अंजोर रथ के माध्यम से किया जागरूक



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा पुलिस द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह को लेकर आमजनो को जिले के हॉट/बाजारों एवं ग्रामों, स्कुल, कॉलेजों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत डीएसपी राजेश कुमार झा एवं बेमेतरा यातायात पुलिस द्वारा अंजोर रथ के माध्यम से सरस्वती शिशु मंदिर बेमेतरा में शिक्षक/शिक्षिकाओ की उपस्थिति में छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा एवं यातायात संबंधी नियमों से अवगत कराते हुये अन्य कानूनी जानकारियां दी गई। ट्रैफिक सिंग्नल का पालन करने, दोपहिया वाहन पर 03 सवारी न बैठाने, हमेशा अपने लेन (साईड) पर ही चलने, दायें या बायें मुड़ते समय इन्डीगेटर का प्रयोग करने, सड़क पर वाहन चलाते समय सड़क के बायी ओर ही वाहन चलाने, ताकि सामने से आने वाले वाहन दायीं तरफ सरलता से जा सके, बीच सडक पर वाहन खडी न करने तथा गाड़ी चलाते समय मोबाईल फोन का उपयोग न करने की जानकारी दी गई । साथ ही जेबरा क्रासिंग चौक-चौराहा को पार करने की नियमों की जानकारी व यातायात के नियमों का हमेशा पालन किये जाने एवं बिना लायसेंस के वाहन ना चलाने एवं उन्हें हेलमेट पहनने के लिए प्रोत्साहित कर यातायात नियमों के संबंध में बेनर/पोस्टर के माध्यम से जगरूक किया गया। इस अवसर पर प्रधान आरक्षक दुष्यंत ठाकुर, खोमलाल साहू, सरस्वती शिशु मंदिर बेमेतरा के शिक्षक गिरधारी वर्मा, मालिकराम एवं अन्य सरस्वती शिशु मंदिर बेमेतरा के शिक्षक/शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

# बोडला में पांच दिवसीय हिंदू संगम मेला का आयोजन कल से



पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

माघ माह की मौनी अमावस्या के अवसर पर बोडला के बांधाटोला स्थित हिंदू संगम मेला स्थल पर 25 जनवरी से 29 जनवरी तक पांच दिवसीय हिंदू संगम मेला का आयोजन किया जा रहा है। लाखों की संख्या में श्रद्धालु इस मेला में हिस्सा लेने के लिए पहुंचेंगे। मेला के पहले दिन विशाल कलश यात्रा और घट स्थापना का आयोजन होगा। कलश यात्रा बोडला के श्री राममंदिर से शुरू होकर मेला स्थल तक पहुंचेगी। इस अवसर पर कवर्धा से एक बाइक रैली मेला स्थल तक निकाली जाएगी। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा, जिसमें खैरझिटी के नंद कुमार साहू द्वारा छत्तीसगढ़ी कथा सुनाई जाएगी।

## जनजाति, बैगा गुनिया और संत सम्मेलन का आयोजन

इस वर्ष के मेला में विशेष रूप से जनजाति, बैगा गुनिया और संत सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। 27 जनवरी को हिंदू जनजाति समाज के सम्मेलन के अलावा, बैगा गुनिया समुदाय के लोग भी मेला में भाग लेंगे। 29 जनवरी को संत सम्मेलन आयोजित होगा, जिसमें मठ मंदिरों में पूजा अर्चना करने वाले पुजारियों को सम्मानित किया जाएगा।

## विशाल भंडारे का आयोजन

मेला के दौरान पांच दिवसीय विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सर्व हिंदू समाज के लोग एक साथ जमीन पर बैठकर संगत और पंगत में भोजन करेंगे। इस आयोजन का उद्देश्य समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करना और सामूहिकता को बढ़ावा देना है।

## विभिन्न दुकानों और झूलों से सुसज्जित मेला

मेला स्थल पर विभिन्न प्रकार की दुकानें और झूले लगाए जाएंगे, जिससे मेला स्थल पर आने वाले लोग आनंद ले सकेंगे। यह आयोजन हर वर्ग के लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र होगा।

## 29 जनवरी को मुख्यमंत्री और अन्य प्रमुख व्यक्तित्व होंगे शामिल

हिंदू संगम मेला के समापन अवसर पर 29 जनवरी को सनातन हिंदू धर्मसभा का आयोजन किया जाएगा।मेला की जानकारी देते हिन्दू संगम आयोजन समिति के संयोजक दुर्गेश वर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, प्रांत संघ चालक डॉ. टोपलाल वर्मा, जिला संघ चालक दानेश्वर परिहार, प्रांत प्रचारक अभयराम, सहायक सचिव लक्ष्मण राज सिंह, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद संतोष पांडे, पंडरिया विधायक भावना बोहरा और सांसद रानी कीर्ति देवी सिंह शामिल होंगे।

# पोंडी-उपरोड़ा क्षेत्र में सड़क सुरक्षा माह अंतर्गत यातायात पुलिस की विशेष पहल

## सड़क मित्रों को प्राथमिक उपचार का दिया प्रशिक्षण, सड़क मित्रो को हेलमेट वितरण कर किया प्रोत्साहित

■ विद्यालयीन छात्रों एवं आम जनता को सड़क सुरक्षा एवं प्राथमिक उपचार की दी नकारी

पायनियर संवाददाता ≺ कोरबा
www.dailypioneer.com



यातायात पुलिस एवं थाना बागों पुलिस द्वारा कोरबा जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीतीश ठाकुर एवं यातायात एवं क्राइम प्रभारी रविंद्र कुमार मीना के नेतृत्व में सड़क मित्रों को प्रशिक्षण, विद्यालयीन छात्रों एवं आम जनता को सड़क सुरक्षा एवं प्राथमिक उपचार की जानकारी देने हेतु 22 जनवरी विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर डॉ. उमाशंकर (सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पोंडी-उपरोड़ा) द्वारा प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण एवं जानकारी दी गयी। इस कार्यक्रम मे दिनेश लाल (ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, पोंडी-उपरोड़ा) भी उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत सड़क मित्रों को सड़क दुर्घटनाओं के दौरान घायलों की त्वरित सहायता के लिए प्राथमिक उपचार, सीपीआर, रक्तस्राव रोकने, घावों पर पट्टी लगाने और आपातकालीन सहायता बुलाने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। सड़क मित्रों को यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा उपायों के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई, ताकि वे सड़क पर दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने में सहयोग कर सकें। विद्यालयीन छात्रों को सड़क सुरक्षा एवं प्राथमिक उपचार की जानकारी अंतर्गत उन्हें सड़क पार करने के सही तरीके, जेब्रा क्रॉसिंग के उपयोग, ट्रैफिक सिग्नलों के महत्व और गति सीमा के पालन के बारे में जागरूक किया गया। उन्हें आपातकालीन सहायता सेवाओं (108-एम्बुलेंस, 112-पुलिस) को सूचित करने की प्रक्रिया भी सिखाई गई। सड़क मित्रों को हेलमेट वितरण सड़क मित्रों को प्रोत्साहित करने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यातायात पुलिस द्वारा हेलमेट वितरित किए गए। यातायात पुलिस सभी नागरिकों से अपील करी है कि वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट और सीट बेल्ट पहनें। सड़क दुर्घटनाओं में घायल लोगों की सहायता करें और तुरंत 108 (एम्बुलेंस) व 112 (पुलिस) को सूचित करें। बच्चों को सड़क पर सुरक्षित चलने और यातायात नियमों के बारे में जागरूक करें। अनावश्यक रफ्तार से बचें और ट्रैफिक नियमों का पालन करें। लापरवाही पूर्वक वाहन न चलाएं और दूसरों को भी जागरूक करें। यह कार्यक्रम सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाने और सड़क मित्रों एवं विद्यालयीन छात्रों की भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यातायात पुलिस भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करती रहेगी ताकि सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# 'पराक्रम दिवस' के अवसर पर "भारत हैं हम" वेब श्रृंखला पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का सफल आयोजन

पायनियर संवाददाता ≺ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com



केन्द्रीय विद्यालय एसईसीएल झगराखण्ड में 23 जनवरी 2025 को 'परीक्षा पे चर्चा' के अंतर्गत 'पराक्रम दिवस' के अवसर पर" भारत हैं हम" वेब श्रृंखला पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मनेन्द्रगढ़, चिरमिरी, भरतपुर जिले के नोडल केंद्र के रूप में केंद्रीय विद्यालय झगराखण्ड को चुना गया था। इस प्रतियोगिता में 9 अलग-अलग विद्यालयों के 100 विद्यार्थी शामिल हुए. इनमें केंद्रीय विद्यालयों के साथ-साथ राज्य बोर्ड तथा सीबीएसई के विद्यालयों के विद्यार्थी भी शामिल रहे। प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य भोलेंद्र शेखर श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने विद्यार्थियों को परीक्षा के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने और आत्मविश्वास बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के अंतर्गत" भारत हैं हम" वेब श्रृंखला पर आधारित 'पराक्रम दिवस' पर पांच वीडियो विद्यार्थियों को दिखाया गया। इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों को भारत के वीरों के पराक्रम एवं जीवनी से अवगत कराना था। कार्यक्रम के अंत में प्रथम तीन विद्यार्थियों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। प्रथम स्थान पर हर्षिता बागड़े (केन्द्रीय विद्यालय चिरमिरी) रही, जबकि द्वितीय और तृतीय स्थान पर क्रमशः समर्थ वर्मा (विजय इंग्लिश मीडियम स्कूल) और अलिशा सिंह (केन्द्रीय विद्यालय झगराखण्ड) रहीं। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों, विद्यार्थियों और प्राचार्य ने प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए इस कार्यक्रम की सराहना की और इसे एक प्रेरणादायक कदम बताया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन और राष्ट्रगान के साथ हुआ। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन द्वारा सभी विद्यार्थियों स्वल्पाहार प्रदान किया गया।

# हेलमेट को रखिए सर में पत्नी को रखिए दिल में

पायनियर संवाददाता ≺ सक्ती
www.dailypioneer.com



सक्ती जिला पुलिस सड़क सुरक्षा सप्ताह में लोगों को कर रही जागरूक सक्ती- शक्ति जिले की पुलिस सड़क सुरक्षा सप्ताह को लेकर जहां पूरे जिले की जनता को जागरूक करने में लगी हुई है, तो वहीं शक्ति जिला पुलिस अधीक्षक के स्टेनो एवं वाय एन शर्मा ने एक बहुत सुंदर यूट्यूब पर फिल्म बनाई है, जिसे लॉन्च होते ही लाखों लोगों ने पसंद किया है, तथा लाइक किया है, जिला पुलिस सक्ती द्वारा एसपी सक्ती अंकिता शर्मा के निर्देशन मे 36 वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। दिनांक 01 से 31 जनवरी 2025 तक मनाये जा रहे इस सड़क सुरक्षा माह में सक्ती पुलिस द्वारा यातायात जनजागरण अभियान के तहत विभिन्न प्रकार के आयोजन किये जा रहे है। इसी कड़ी मे निरीक्षक वाय. एन. शर्मा (प्रभारी स्टेनो पुलिस अधीक्षक कार्यालय सक्ती) द्वारा हेल्मेट के महत्व को लेकर करीबन 03 मिनट की एक एड फिल्म तैयार की है। वीडियो क्लिप मे दोपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेल्मेट पहनने का संदेश दिया गया है। उक्त एड फिल्म मे वाय.एन. शर्मा के साथ छत्तसीगढ़ की चर्चित अभिनेत्री साक्षी दास ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एड फिल्म के निर्माता निर्देशक एवं अभिनेता का मुख्य किरदार वाय.एन.शर्मा द्वारा किया गया है। सहायक निर्देशक के रूप में संतोष पारधी एवं संपादन नारायण यादव द्वारा किया गया है, कैमरामेन की भूमिका राजू देवदास ने निभाई है। जनीराम चौहान द्वारा एड फिल्म बनाने मे विशेष सहयोग दिया गया है। अभिषेक मूवीज वर्ल्ड स्टूडियो द्वारा तैयार की गई इस एड फिल्म से निश्चित तौर पर छत्तीसगढ़ की आमजनता विशेषकर युवा वर्ग मे हेल्मेट की उपयोग के संबंध मे अच्छा संदेश जायेगा ऐसी आशा की जा रही है। वाय. एन. शर्मा की इस एड फिल्म को आज सक्ती एसपी अंकिता शर्मा द्वारा सोशल मीडिया में रिलीज किया गया है।

# नमस्ते योजना में शिवरीनारायण के सेप्टिक टैंक सफाई कर्मचारियों को पीपीई किट किया वितरण

पायनियर संवाददाता ≺ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



शहरी कार्य तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा देश के नगरीय निकायों में नमस्ते योजना का संचालन किया जा रहा है । नगरीय प्रशासन मंत्री एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ में राज्य शहरी विकास अभिकरण द्वारा सुरक्षित व सम्मानजनक कार्य परिस्थितिया प्रदान करने हेतु सीवर एवं सेप्टिक टैंक की सफाई करने वाले कर्मचारियों का नगर पंचायत शिवरीनारायण द्वारा सर्वे एवं प्रोफाइलिंग कार्य भारत सरकार के नमस्ते पोर्टल में किया गया है। देश के हित में कार्य कर रहे सफाई कर्मचारियों की सुरक्षा एवं उनके परिवार जनों का कल्याण सरकार का दायित्व है सेप्टिक टैंक सफाई कर्मचारियों को अपनी आत्म सुरक्षा के लिए जागरूकता बनाने के लिए सरकार द्वारा पी किट का वितरण किया जा रहा है नगर पंचायत शिवरीनारायण के 03 सेप्टिक टैंक सफाई कर्मचारियों का सर्वे कर पीपीई किट के साथ गम बूट, हेलमेट, ग्लव्स, मास्क और आंखों की सुरक्षा के लिए चश्मा का वितरण तहसीलदार व प्रशासक श्री अविनाश चौहान एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी राकेश साहू द्वारा किया गया। उप अभियंता विजेंद्र गुप्ता ने बताया कि नमस्ते योजना का मुख्य उद्देश्य हाथ से मैला ढोने की प्रथा को पूर्णता समाप्त करना तथा स्वच्छता कार्यों का यंत्रीकरण करना है जिससे कर्मचारियों में सुरक्षित कार्य का वातावरण निर्मित किया जा सके।

# संस्कार सेंट्रल स्कूल, जैजैपुर में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा वर्षगांठ उत्सव का भव्य आयोजन



पायनियर संवाददाता ≺ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

संस्कार सेंट्रल स्कूल, जो अपने शैक्षिक गुणवत्ता और सांस्कृतिक मूल्यों के लिए जाना जाता है, ने 22 जनवरी 2024 को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा वर्षगांठ के उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। इस विशेष अवसर पर विद्यालय परिसर को उत्सवमय रूप से सजाया गया और विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को जीवंत बनाया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्राथमिक वर्ग के छात्रों द्वारा दी गई विशेष प्रस्तुति रही। छोटे बच्चों ने अपनी मासूमियत और उत्साह से दर्शकों का दिल जीत लिया और कार्यक्रम में आध्यात्मिकता और सांस्कृतिक गरिमा का संचार किया। विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों और छात्रों के सामूहिक प्रयासों से यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। संस्कार सेंट्रल स्कूल ने इस अवसर के माध्यम से यह संदेश दिया कि शिक्षा केवल शैक्षणिक उपलब्धियों तक सीमित नहीं है, बल्कि उसमें नैतिक और सांस्कृतिक मूल्यों का समावेश भी आवश्यक है। यह कार्यक्रम क्षेत्र के लोगों के लिए प्रेरणा और भक्ति का प्रतीक बना और इसे सभी ने सराहा।

# सक्ती में प्रारंभ हुआ एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर



पायनियर संवाददाता ≺ सक्ती
www.dailypioneer.com

पूज्य सिंधी पंचायत सक्ती एवम एक्युप्रेशर रिसर्च ट्रेनिंग व ट्रीटमेंट संस्थान, जोधपुर (राजस्थान) के संयुक्त सत्वाधान में 21 जनवरी से शहर के बुधवारी बाजार स्थित गुरुद्वारा भवन में एक्युप्रेशर रिसर्च ट्रेनिंग व ट्रीटमेंट संस्थान, जोधपुर (राजस्थान) के विशेषज्ञ द्वारा एक्युप्रेशर वाईब्रेशन, सुजोक, नेचुरल, चिकित्सा शिविर का शुभारंभ विधिवत पूजा- अर्चना कर हुआ यह शिविर 21 जनवरी 2025 से सोमवार, 27 जनवरी 2025 तक होंगा,शिविर समय सुबह 8.30 बजे से 12.30 बजे तक व शाम 4.00 बजे से 8.00 बजे तक रखा गया है, शिविर स्थल पूज्य सिंधी पंचायत गुरुद्वारा भवन, बुधवारी बाजार रोड सक्ती (छ.ग.) है,इस शिविर में प्रत्येक मरीज को हर रोज 15 से 20 मिनट इलाज किया जायेगा, इस एक्युप्रेशर शिविर की 7 दिन की रजिस्ट्रेशन फीस मात्र 100/- (ईलाज फ्री) एक बार लगेगी, बिना औषधी इन रोगों का उपचार किया जायेगा-घुटनो का दर्द, मोटापा, ब्लडप्रेशर, शुगर,गैस, कब्ज, सरवाइकल दर्द,कमर दर्द,जोड़ो का दर्द, पुराना सरदर्द साईटिका, आँख, कान, नाक, गले का रोग, वेरिकोज वेन्स, लकवा (पॅरालायसिस), मस्सा बवासीर, मानसिक तनाव, डिप्रेशन,हाथ पैरो मे झूनझूनी होना आदि अनेक रोगों का इलाज बिना दवाई के द्वारा एक्यूप्रेशर सुजोक एवं वाईब्रेशन थैरेपी से किया जायेगा।

# कलेक्टर-एसपी पहुंचे खपराड़ीह, स्कूल व अस्पताल में छात्रों क़ी स्थिति का लिया जायजा

■ जिला प्रशासन क़ी त्वरित कार्यवाही, श्री सीमेंट सयंत्र के ए.एफ.आर एरिया को किया गया सीलबंद

पायनियर संवाददाता ≺ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



सिमगा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत खपराडीह के स्कूली बच्चों का अचानक तबियत ख़राब होने क़ी सूचना मिलते ही कलेक्टर दीपक सोनी एवं पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल खपराडीह पहुंचे। उन्होंने हायर सेकेण्डरी स्कूल खपराडीह में बच्चों तथा शिक्षकों से मिलकर जानकारी ली। बच्चों ने बताया कि सयंत्र से निकलने वाली गैस क़ी दुर्गन्ध के कारण बेचैनी, घबराहट क़ी समस्या हो रही है। इसके पश्चात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुहेला में भर्ती पीड़ित छात्रों एवं अभिभावकों से मिले और अस्पताल में मौजूद चिकित्स्कों से जानकारी लेकर बेहतर ईलाज के निर्देश दिए। 18 पीड़ित छात्रों में से 12 को सीएचसी सुहेला में तथा 6 को बलौदाबाजार एवं भाटापारा के अस्पताल में स्वास्थ्य जांच एवं ईलाज कराया जा रहा है। कलेक्टर के निर्देश पर तत्काल सीमेंट सयंत्र के एएफआर एरिया को सीलबंद करने क़ी कार्यवाही क़ी गई। कलेक्टर ने सीमेंट सयंत्र के अल्टरनेट फ्यूल रिसोर्स सेंटर के प्रमुख से पूछ- ताछ क़ी और सुरक्षा के सभी इंतजाम करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बताया कि पर्यवारण संरक्षण मण्डल रायपुर तथा औद्योगिक स्वास्थ्य और सुरक्षा विभाग क़ी टीम पहुँच गई है जो सयंत्र के एएफआर की जांच करेगी।इसके साथ ही वायु प्रदुषण स्तर क़ी भी जांच करने के साथ निगरानी करेगी।उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को छात्रो के पढ़ाई बाधित न हो इसके लिए अन्य स्थान पर पढ़ाई के वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि ग्राम खपराडीह में हायर सेकेण्डरी स्कूल से करीब डेढ़ किलोमीटर क़ी दूरी पर सीमेंट सयंत्र स्थापित है। इस सयन्त्र से निकलने वाली गैस क़ी दुर्गन्ध के कारण स्कूल आने वाले कुछ छात्रों क़ी तबीयत ख़राब होने क़ी आशंका जताई जा रही है। इस दौरान एसडीएम अंशुल वर्मा, उप संचालक खनिज कुंदन कुमार बंजारे, जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# आशीष उप्पल की सक्रियता से विभागीय टीम ने जप्त की 12 लीटर अवैध महुआ शराब

पायनियर संवाददाता ≺ सक्ती
www.dailypioneer.com



आबकारी वृत्त सक्ती ने अवैध महुआ शराब रखने वालों पर बड़ी कार्रवाई की है, वृत्त प्रभारी आशीष उप्पल द्वारा कुल कायम प्रकरण - 01, कुल जप्त मात्रा - 12 लीटर महुआ शराब,धारा - 34(1)(क), 34(2), 59(क) के तहत गिरफ्तार आरोपी 1 है, सक्ती कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देश पर और उपा. आब. स. उ. द. बिलासपुर नोहर सिंह ठाकुर व प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी नितिन शुक्ला के मार्गदर्शन में 21 जनवरी को वार्ड नंबर 3 बस्ती बाराद्वार थाना बाराद्वार निवासी केशव सोनवानी पिता देवारी लाल के द्वारा अवैध रूप से महुआ शराब का भंडारण कर ग्राहकों को महुआ शराब बेचने की मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर छापामार कार्रवाई की गई,जांच में केशव सोनवानी के रिहायशी घर के पहले कमरे में छत की पट में छिपाकर रखा 2 नग जरीकेन में भरा 10 लीटर और कमरे में रखा एक जरीकेन में ग्राहकों को बेचने के लिए रखा 2 लीटर महुआ शराब कुल 12 लीटर महुआ शराब और प्लास्टिक पाउच में शराब को पैक कर बेचने में प्रयुक्त प्लास्टिक पन्नी भी बरामद की गई, आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायालय से रिमांड लेकर जेल दाखिल किया गया, उपरोक्त कार्रवाई में आबकारी वृत्त-सक्ती प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी आशीष उप्पल की टीम में आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त जैजैपुर घनश्याम प्रधान, आबकारी प्रधान आरक्षक रघुनाथ पैकरा, गोपाल डनसेना आबकारी स्टाफ बसंती, और कमलेश यादव,परसराम कहरा का सराहनीय योगदान रहा।

## शिवरीनारायण धाम में 12 फरवरी से 26 फरवरी तक 15 दिनों तक चलने वाले माघी मेले की तैयारी जोरशोर से प्रारंभ

# श्री शिवरीनारायण भगवान मंदिर की साफ-सफाई कर रंग रोगन का कार्य शुरू

पायनियर संवाददाता ≺ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com





भगवान जगन्नाथ जी का मूल स्थान, गुप्त तीर्थ शिवरीनारायण धाम में 12 फरवरी से 26 फरवरी तक 15 दिनों तक चलने वाले माघी मेले की तैयारी जोरशोर से प्रारंभ हो गया है। इसी तारतम्य में नगर के मुख्य मंदिर श्री शिवरीनारायण भगवान मंदिर की साफ-सफाई कर रंग रोगन का कार्य शुरू किया गया है रंग रोगन का कार्य पूर्ण होने के बाद शुद्ध जल से मंदिर परिसर की साफकराकर श्री शिवरीनारायण भगवान मंदिर के साथ ही सभी मंदिरो में विद्युत झालरों से आकर्षक सजावट किया जाएगा। श्री शिवरीनारायण भगवान मंदिर के मुख्य पुजारी पं. हरीश तिवारी भोगहा ने बताया कि 12 फरवरी से 26फरवरी तक चलने वाले छत्तीसगढ़ राज्य का सबसे बड़ा और विशाल माघी पूर्णिमा का पंद्रह दिवसीय मेला पावन शिवरीनारायण धाम में लगेगा। श्री शिवरीनारायण भगवान मंदिर प्रशासन और मंदिर प्रबंधन समिति के सभी सदस्यों द्वारा माघी मेला की तैयारियां जोरों से किया जा रहा है। साफ-सफाई अभियान चलाकर मंदिरो की साफ-सफाई किया जा रहा है। माघ पूर्णिमा से महाशिवरात्रि पर्व तक पंद्रह दिनों तक चलने वाले मेला के दौरान श्री शिवरीनारायण भगवान मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओ के दर्शन पूजन करने के लिए पुख्ता इंतजाम किया जाएगा लोट लगाते आने वाले श्रद्धालुओं के साथ ही सभी श्रद्धालु सुगमता पूर्वक भगवान श्री शिवरीनारायण जी का दर्शन कर सके इसके लिए व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाया जाएगा। श्री शिवरीनारायण भगवान मंदिर के पुजारी पं. हरीश तिवारी ने बताया कि उड़ीसा के श्री जगन्नाथ स्वामी जी का मूल स्थान श्री शिवरीनारायण भगवान जी का गर्भगृह है है वर्ष में एक दिन के लिए माघ पूर्णिमा के दिन भगवान जगन्नाथ स्वामी श्री शिवरीनारायण भगवान मंदिर में विराजमान होते हैं।माघ पूर्णिमा का महाभोग, महा प्रसाद श्री शिवरीनारायण भगवान मन्दिर में ही लगता है। एक दिन भगवान जगन्नाथ स्वामी जी माघ पूर्णिमा मे श्री शिवरीनारायण भगवान मंदिर में विराजते है और श्री शिवरीनारायण भगवान जी का दर्शन पूजन करने से एक वर्ष तक भगवान जगन्नाथ स्वामी का दर्शन का फल प्राप्त होता है इसीलिए देश भर के श्रद्धालु, साधु संत बड़ी संख्या में शिवरीनारायण में शामिल होने के लिए आते हैं। माघ पूर्णिमा को भगवान श्री शिवरीनारायण का सुबह 4बजे ही भगवान श्री का वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य महा अभिषेक कर महास्नान कराया जाएगा जाएगा सुबह और शाम महाआरती किया जाएगा छप्पन भोग प्रसाद का भोग लगाया जाएगा।माघ पूर्णिमा की संध्या महाआरती के समय मंदिर परिसर में जमकर आतिशबाजी किया जाएगा तथा श्रद्धालुओ को महाप्रसाद वितरण किया जाएगा। माघी मेला मे प्रतिदिन श्री। नगर की जीवनदायनी नदी चित्रोत्पला गंगा महानदी के त्रिवेणी संगम मे देश भर के श्रद्धालुओ के साथ ही विभिन्न अखाड़ों के साधु संत भी माघ पूर्णिमा का पवित्र स्नान करने के लिए शिवरीनारायण में जुटेंगे।शिवरीनारायण भगवान जी का नवीन वस्त्रों से मनमोहक आकर्षक श्रृंगार किया जाएगा, रंग बिरंगे फूलों की विविध माला भगवान श्री को धारण कराया जाएगा। झकिया आकर्षण का केंद्र बिन्दु रहेगा/श्री शिवरीनारायण भगवान मंदिर परिसर में श्री राधाकृष्ण जी, माखन चोरी करते हुए बाल गोपाल, गोर्वधन पर्वत उठाए श्री कृष्ण, माता शबरी के झूठे बेर खाते हुए मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र, शंकर जी और माता पार्वती जी की झांकी तथा भगवान के विविध रूप वाले चलित झांकी श्रद्धालुओ के लिएआकर्षण का केंद्र रहेगा।

# आबकारी विभाग मालखरौदा वृत्त ने अवैध महुआ शराब करी जब्त

पायनियर संवाददाता ≺ सक्ती
www.dailypioneer.com



अवैध महुआ शराब पर आबकारी वृत्त मालखरौदा की कार्रवाई हुई है, सक्ती कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देश पर और उपा. आब. स. उ. द. बिलासपुर नोहर सिंह ठाकुर व प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी नितिन शुक्ला के मार्गदर्शन में 22 जनवरी को मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर ग्राम नवापारा थाना मालखरौदा निवासी मनोहर निराला पिता जूनिराम से एक सफेद रंग की 05 ली क्षमता वाली प्लास्टिक जरीकेन में भरी 05 ली व दो लीटर क्षमता वाली दो नग हरे रंग की प्लास्टिक बॉटल प्रत्येक में 02-02 ली भरी कुल 09 ली हाथभट्टी महुआ शराब बरामद होने से 34(2) के तहत प्रकरण कायम कर न्यायिक रिमांड पर जेल निरुद्ध किया गया, उपरोक्त कार्रवाई में मालखरौदा प्रभारी कोमल प्रसाद सिदार, वृत जैजैपुर प्रभारी घनश्याम प्रधान, आबकारी मुख्य आरक्षक रघुनाथ पैकरा, आरक्षक संजीव भगत, आबकारी स्टाफ कमलेश यादव, परस राम कहरा, भारती यादव का सराहनीय योगदान रहा।

# महाकुंभ में संस्कार भारती द्वारा भारत की नारी शक्ति का गौरव राष्ट्र रत्ना शोभायात्रा का आयोजन

## संस्कार भारती ने देश की वीरांगनाओ को याद करने का अनूठा कार्य किया है : गंजेंद्र सिंह शेखावत

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



कला एवं साहित्य के लिए समर्पित अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती द्वारा महाकुंभ प्रयागराज में राष्ट्र रत्ना शोभायात्रा समारोह का आयोजन केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र शेखावत के मुख्य आतिथ्य एवं अभिजीत गोखले अखिल भारतीय संगठन मंत्री संस्कार भारती, डॉ. हेमलता एस मोहन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संस्कार भारती, अनिता करकरे अखिल भारतीय मातृशक्ति संयोजिका संस्कार भारती, मिथिलेश तिवारी अखिल भारतीय मातृशक्ति सह संयोजिका संस्कार भारती, राजेंद्र राउत कार्यक्रम संयोजक के विशिष्ट आतिथ्य एवं भारत के विभिन्न प्रांतों से आए संस्कार भारती के स्वजनों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। समारोह का विधिवत उद्घाटन केंद्रीय मंत्री द्वारा नटराज की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर किया गया, अतिथियों के स्वागत उपरांत गोखले द्वारा स्वागत उद्बोधन के साथ शोभायात्रा की संकल्पना की संक्षिप्त जानकारी दी गई। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री शेखावत द्वारा आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहां की महाकुंभ देश का गौरव है, और संस्कार भारती ने जिस प्रकार इस शोभायात्रा के माध्यम से उन स्वरूपों का दर्शन हम सभी को कराया है, जिन्होंने भारत की सांस्कृतिक विरासत और गौरव की पुनर्स्थापना के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया, ये सब अपने आप में प्रशंसनीय है वंदनीय है। आस्था का यह महापर्व जिसमें देश ही नही बल्कि पूरे विश्व से लोग कुंभ को आत्मसात करने आ रहे है, उन्होंने कहां यदि किसी को भारत को जानना या समझना है, तो वे इस कुंभ में आए, कुंभ वास्तव में भारत का ही दर्शन है, जहां समरसता का वास्तविक और श्रेष्ठ उदाहरण देखने को मिलता है। मुख्य अतिथि ने शोभायात्रा की शुरुआत ध्वज दिखाकर किया, तत्पश्चात विभिन्न प्रांतों से वीरांगनाओ के स्वरूप में पहुंची कला साधिकाओं ने अनुशासित होकर शोभायात्रा के माध्यम से अपने अपने प्रांतों का प्रतिनिधित्व किया। शोभायात्रा का समापन गंगा घाट पर मां गंगा आरती के साथ हुआ, तत्पश्चात पूर्ण वन्देमातरम गीत के साथ मां भारती का आह्वाहन भी किया गया। शोभायात्रा में देश की वीरांगनाओ रानी दुर्गावती, लोकमाता अहिल्याबाई होलकर, सावित्रीबाई फुले, महारानी लक्ष्मीबाई, रानी चेन्नम्मा, अवंती बाई, सुभद्रा कुमारी चौहान, लता मंगेशकर, नागालैंड की रानी गाइदिन्ल्यू, सुचेता कृपलानी, सरोजनी नायडू, रानी पद्मिनी, भगिनी निवेदिता, मीराबाई, महादेवी वर्मा, कल्पना चावला, गौरा देवी, तीलू रौतेली इत्यादि सहित छत्तीसगढ़ की बिलासा देवी, डॉ.अनीता सेन, राधा बाई, मिनीमता, राजमोहनी देवी, प्रफुल्ल कुमारी देवी के स्वरूप में भी कला साधिकाएं उपस्थित हुई। छत्तीसगढ़ से इस विशाल, ऐतिहासिक और गौरवशाली समारोह एवं शोभायात्रा में डॉ.पुरुषोत्तम चंद्राकर सह महामंत्री, जागेश्वर सिंह मानसर कोषाध्यक्ष, रंजीत सारथी, सुधा देवांगन, शैल दुलारी सार्वा, सूर्यकांता कश्यप, सीमा देवांगन, डॉ. अर्चना पाठक, माधुरी जायसवाल, बालमुकुंद श्रीवास विशेष रूप से शामिल हुए।

# अब और खूबसूरत हुआ अपना ऑटो एक्सपो, मिला विस्तारित स्वरूप



## 22 जनवरी तक कुल 5964 वाहनों की हो चुकी है बिक्री, आज से शुरु हो रही है नए माडलों की लांचिंग

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

अब और खूबसूरत नजारा साइंस कालेज मैदान में ऑटो एक्सपो का नजर आ रहा है जब राडा की टीम ने दो दिन तक कड़ी मेहनत करके सभी स्टाल होल्डर्स के साथ मिलकर स्टालों को सजाया-संवारा। रौशनी की ऐसी हाईमास्ट व्यवस्था दी गई है दूर तक लाइट बिखर रही है। स्टॉल की न केवल साइज बढ़ गई बल्कि अब पूरा एक्सपो स्थल विशाल नजर आ रहा है। जिससे वाहनों का बढ़िया डिसप्ले हो पा रहा है और कस्टमर के साथ डीलर्स को वाहनों के प्रेजेंटेशन में सुविधा हो रही है। एक्सपो में गुरुवार को पहुंचे विजिटर्स ने स्वंय इसे महसूस भी किया और सराहना भी की। कई सारे नए माडलों की लांचिंग शुक्रवार से शुरु हो रही है और इसके लिए भी बड़ा डिस्प्ले बोर्ड तैयार किया गया है। ऑटोमोबाइल कंपनियों के उच्च अधिकारियों के आने का सिलसिला भी शुरु हो जायेगा। वहीं जिला प्रशासन, नगर निगम के उच्च अधिकारियों को भी आमंत्रित किया गया है। एसबीआई के डीजीएम शुक्रवार को विशेष तौर पर एक्सपो में उपस्थित रहेंगे। 22 जनवरी की तारीख तक एक्सपो में कुल 5964 वाहनों की बिक्री हो चुकी है। रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसियेशन (राडा) के अध्यक्ष रविन्द्र भसीन, उपाध्यक्ष कैलाश खेमानी, सचिव विवेक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मुकेश सिंघानिया ने बताया कि देश के बड़े ऑटो एक्सपो में शुमार रायपुर का नाम ऑटोमोबाइल सेक्टर में लिया जाने लगा है। कस्टमर को ही नहीं बल्कि अपने राज्य की अर्थव्यवस्था में सहभागी बनते हुए सरकार को भी बड़ा फायदा वे दे रहे हैं। सरकार ने भी सहयोग करते हुए आजीवन रोड टैक्स पर 50 फीसदी की छूट देकर बड़ी सौगात दी है और यही वजह है नित नए रिकार्ड को एक्सपो की बुकिंग व बिक्री के आंकड़े छू रहे हैं। पहला एक्सपो होगा जहां पर 200 से भी अधिक स्टाल एक जगह पर मौजूद हैं। शुक्रवार से छत्तीसगढ़ के लोगों को भी विभिन्न ऑटोमोबाइल कंपनियों के नए माडलों से रूबरू होने का मौका मिलेगा। अलग-अलग दिन इन वाहनों की लॉचिंग होगी। पहली कड़ी में एस्सेस 125, अपाचे 160 4 व्ही(यूएसडी) यूपी साइड डाउन, टी.व्ही.एस. आई क्यूब इलेक्ट्रिक न्यू वेरियंट, टीवीएस किंग ईव्ही मैक्स, रायल इनफील्ड स्क्रैम 440, रायल इनफील्ड वियर 650 जैसे शामिल हैं।

# अधिवक्ता देवाशीष तिवारी ने सर्वोच्च न्यायालय की एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड परीक्षा को पास किया

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के बलौदा बाजार-भाटापारा जिला अधिवक्ता संघ के सदस्य और हमारे नगर बलौदा बाजार के अधिवक्ता देवाशीष तिवारी ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने भारत के सर्वोच्च न्यायालय की एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड परीक्षा को सफ्लतापूर्वक पास किया है, जिससे वे अपने जिले से ऐसा करने वाले पहले अधिवक्ता बन गए हैं। एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड एक ऐसा अधिवक्ता होता है जो चार वर्ष की वकालत और एक वर्ष का प्रशिक्षण प्राप्त कर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा आयोजित वार्षिक परीक्षा को पास कर सर्वोच्च न्यायालय में मामले दायर करने और पैरवी करने के लिए विशेष रूप से अनुमोदित होता है। बिना इस परीक्षा में सफ्लता प्राप्त किए सर्वोच्च न्यायालय में अधिवक्ता को मामला दायर करने की अनुमति नहीं होती। यह परीक्षा अत्यंत कठिन और प्रतिष्ठित मानी जाती है, जिसमें केवल कुछ ही अधिवक्ता सफल हो पाते हैं।2023 में आयोजित इस परीक्षा में पूरे देश से सिर्फ 356 अधिवक्ताओं ने ही सफ्लता अर्जित की। देवाशीष तिवारी की इस उपलब्धि बलौदा बाजार-भाटापारा जिले के लिए गौरव का क्षण भी है। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय अपने पिता वरिष्ठ अधिवक्ता संजय तिवारी, माता वंदना तिवारी,गुरुजनो, परिवार जनों ,मित्रों,वरिष्ठ अधिवक्ता डॉक्टर निर्मल शुक्ला एवं सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता सुमीर सोढ़ी को दिया है।

# राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता



पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

स्वामी आत्मानंद (हिन्दी माध्यम) उत्कृष्ट विद्यालय कन्या बेमेतरा में गणित एवं विज्ञान में रुचि विकसित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अंतर्गत प्रारंभिक स्तर (6वीं से 8वीं कक्षा) पर जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिताओं का सफ्ल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जिले के चारों विकासखंड - बेमेतरा, नवागढ़, बेरला, और साजा से कुल 30 छात्रों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं के बीच गणित एवं विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाना और उन्हें नई जानकारी से लाभान्वित करना था। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों की घोषणा की गई। इस दौरान छात्रा कु. रुपाली, कक्षा आठवीं, शा. पू. मा. शाला नेवनारा, विकासखंड बेरला ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर खेमराज साहू, कक्षा आठवीं, शा. पू. मा. शाला सिंगदेही, विकासखंड बेरला रहे। तृतीय स्थान पर जनक सिन्हा, कक्षा आठवीं, शा. पू. मा. शाला बालक बेरला, विकासखंड बेरला ने कब्जा किया। इस क्विज प्रतियोगिता में जिले के जिला शिक्षा अधिकारी कमल कपूर बंजारे, जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा नरेन्द्र वर्मा, सहायक कार्यक्रम समन्वयक समग्र शिक्षा भूपेंद्र साहू एवं धनंजय शर्मा,प्रवीण सोनकर सहित निर्णायक दल के सभी सदस्य भी उपस्थित थे। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली कु. रुपाली, खेमराज साहू एवं जनक सिन्हा एवं सभी प्रतिभागी छात्रों को जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा ईनाम एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस प्रतियोगिता ने न केवल बच्चों को अपनी क्षमताओं को पहचानने का अवसर दिया, बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में अतिरिक्त जागरूकता भी फैलाई। इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों में विज्ञान एवं गणित के प्रति रुचि और प्रेरणा बढ़ी है, जो भविष्य में उनके शिक्षा और करियर के लिए लाभदायक सिद्ध होगी। बेमेतरा जिले में इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन आगे भी जारी रहने की उम्मीद है।

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती पर कुरूद प्रेस क्लब द्वारा भव्य समारोह



पायनियर संवाददाता ➤ कुरूद
www.dailypioneer.com

'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आज़ादी दूंगा' का प्रेरणादायक नारा देने वाले महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती के अवसर पर कुरूद प्रेस क्लब ने बड़े धूमधाम से समारोह का आयोजन किया। गुरुवार, 23 जनवरी को तहसील चौक स्थित नेताजी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर नगर के गणमान्य नागरिकों, पत्रकारों और प्रेस क्लब के सदस्यों ने एकजुट होकर नेताजी के महान योगदान को याद किया और उनके द्वारा दिए गए प्रेरणादायक नारों को गूंजते हुए 'जय हिंद' और 'सुभाष चंद्र बोस अमर रहे' के घोषणाओं से वातावरण को उत्साही बना दिया। समारोह में प्रेस क्लब के संरक्षक कृपा राम यादव, अध्यक्ष मूलचंद सिन्हा, उपाध्यक्ष चंदन शर्मा, महासचिव रूपेश साहू, पूर्व अध्यक्ष जमाल रिजवी, तथा वरिष्ठ पत्रकार धनसिंह सेन, रवि शर्मा, यशवंत गंजीर, दीपक साहू, कृष्णकांत साहू, विकास चंद्राकर, शशांक क्रिदत सहित नगर के अनेक प्रमुख नागरिकों और पत्रकारों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने नेताजी के प्रेरणास्त्रोत विचारों और उनकी देशभक्ति की भावना को श्रद्धापूर्वक याद किया। इस आयोजन ने उनके आदर्शों को नए सिरे से प्रेरित किया और देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का अहसास दिलाया। कुरूद प्रेस क्लब के अध्यक्ष मूलचंद सिन्हा ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा, नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने जिस समर्पण और साहस के साथ भारत की स्वतंत्रता संग्राम में योगदान दिया, वह हमारे लिए एक अमूल्य धरोहर है। हमें उनके आदर्शों को अपनाते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए। इस प्रकार, कुरूद प्रेस क्लब ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के योगदान को सम्मानित करते हुए उनके संघर्षों और बलिदान को नमन किया, साथ ही युवाओं को उनके आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया। इस आयोजन के माध्यम से सभी ने यह संकल्प लिया कि वे नेताजी के विचारों को अपनी जीवनशैली में अपनाएंगे और देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाएंगे।

# पुरानी यादों की मिठासः मंत्री का पुराने जगहों और दोस्तों से मिलन



पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

जब कोई व्यक्ति अपने पुराने दिनों की यादों में खो जाता है, तो वह समय मानो ठहर सा जाता है। हाल ही में, एक मंत्री ने अपने व्यस्त वन से कुछ पल निकालकर अपनी पुरानी जगहों और दोस्तों से मिलने का फैसला किया। यह यात्रा केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि उन पलों को फ्रि से ने का प्रयास था, जो कभी उनकी ज़िंदगी का हिस्सा थे। विधायक कैबिनेट मंत्री टैंक राम वर्मा लोकूमल होटल में जाकर चाय का जयका लिया गोल बाजार में भ्रमण करते हुए सभी से हाथ जोड़कर अभिनंदन किया अपने कॉलेज के जमाने के दोस्तों से मुलाकात कर राजा सैलून एवं चूड़ी वाले दुकान का भी जिक्र किया।

### पुरानी दुकानों की यादें

मंत्री ने अपनी पसंदीदा दुकानों पर जाना भी नहीं भूला। वह मिठाई की दुकान, जहाँ बचपन में गुलाब जामुन खाने का आनंद लिया करते थे, अब भी उनकी पसंदीदा बनी रही। दुकानदारों ने उन्हें पहचान लिया और वही प्यार और सम्मान दिया।

### पुरानी जगहों का दौरा, दोस्तों से मुलाकात

पुराने दोस्तों से मिलना हमेशा एक खास अनुभव होता है। मंत्री ने अपने स्कूल और कॉलेज के दोस्तों से मुलाकात की। कुछ लोग अब अलग-अलग शहरों में बस गए थे, तो कुछ वही पुराने स्थानों पर अपने काम-काज में व्यस्त थे। मिलते ही पुरानी शरारतों, मस्ती और संघर्ष की बातें होने लगीं। हँसी और मजाक के बीच वह पल भी आया जब सभी ने अपने संघर्ष और सफलता की कहानियाँ साझा कीं।

# विमल अजय ने जिला पंचायत सदस्य पद के लिए पेश की प्रबल दावेदारी

पायनियर संवाददाता ➤ कसडोल
www.dailypioneer.com



जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 14 में आगामी चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। इस बार क्षेत्र से युवा नेता विमल अजय ने जिला पंचायत सदस्य पद के लिए अपनी मजबूत दावेदारी पेश की है। युवाओं के जोश और जनता के विश्वास के साथ विमल अजय ने क्षेत्र के विकास और जनकल्याण के लिए अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की है। विमल अजय वर्तमान में युवा कांग्रेस के निर्वाचित जिला उपाध्यक्ष है। विमल ने 2011 में एनएसयूआई छत्तीसगढ़ के कार्यकर्ता के रूप में अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत की। तब से लेकर अब तक उन्होंने कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों को सफ्लता के साथ निभाया है। जिसमें वे ब्लॉक महासचिव, एनएसयूआई, कसडोल विधानसभा। 2015 में मनोनीत जिला संयोजक, युवा कांग्रेस। 2017 में मनोनीत जिला सचिव, युवा कांग्रेस।2019 में निर्वाचित पार्षद एवं सभापति प्रतिनिधि, नगर पंचायत कसडोल। 2019 में मनोनीत प्रभारी महासचिव, जिला युवा कांग्रेस। 2021 में निर्वाचित उपाध्यक्ष, जिला युवा कांग्रेस। 2022 में विधायक प्रतिनिधि, कसडोल विधानसभा रह चुके हैं। विमल अजय ने क्षेत्र के विकास को अपनी प्राथमिकता बताते हुए कहा कि यदि उन्हें जनता का आशीर्वाद और समर्थन मिला, तो वे शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं के क्षेत्र में बड़े बदलाव लाएंगे। उन्होंने युवाओं को राजनीति में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया और जनता को अपने विकासवादी दृष्टिकोण का भरोसा दिलाया। विमल अजय की लोकप्रियता युवाओं और क्षेत्रवासियों के बीच तेजी से बढ़ रही है। उनका मानना है कि जनसेवा और पारदर्शिता ही क्षेत्रीय विकास की कुंजी है। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 14 में विमल अजय की दावेदारी ने चुनावी माहौल को और रोमांचक बना दिया है। जनता को अब उनके वादों और कार्यों पर भरोसा है और वे परिवर्तन की उम्मीद कर रहे हैं।

# कन्ट्रोल रूम स्थापित

**गरियाबंद।** नगर पालिका एवं त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के लिए जिला कार्यालय में कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कन्ट्रोल रूम का दूरभाष क्रमांक 07706-241288 है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल के आदेश के तहत जिला बाल संरक्षण अधिकारी री अनिल द्विवेदी को कन्ट्रोल रूम का नोडल अधिकारी बनाया गया है। उनके सहयोग के लिए चाईल्ड हेल्पलाईन के समन्वयक तुलेश्वर साहू को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है।

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मैं बबीता साहू पति बलदाउ प्रसाद साहू (विवाह पूर्व हेमलता) निवासी ग्राम तिवरैया तहसील व थाना धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.) यह शपथ करती हूँ कि मैं अपना नाम हेमलता से बदलकर बबीता साहू पति बलदाउ प्रसाद साहू के नाम से जानी पहचानी जाउंगी।

अतः उक्त परिवर्तित नाम छत्तीसगढ़ के राजपत्र में प्रकाशित करवाना चाहती हूँ, मुझे अब मेरे नये नाम बबीता साहू के नाम से जाना पहचाना जावे, जिस हेतु यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

रायपुर, छ.ग.
दिनांक 15.01.2025

मुहर

बबीता साहू
पति बलदाऊ प्रसाद साहू
ग्राम तिवरैया, तहसील व थाना-
धरसीवां जिला रायपुर (छ.ग.)

**न्यायालय- न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय बालोद (छ.ग.)**

**// समंस //**

प्रोसेस क्रमांक 03/2025 प्रकरण क्रमांक 01/2025

**आवेदिका**-श्रीमती सुनीति निर्मलकर पति स्व. द्वारिका, जाति धोबी उम्र-33 वर्ष, पता वार्ड नं.-11 ग्राम सुर्रा, तहसील गुरुर जिला-बालोद (छ.ग.)

विरूद्ध

**अनावेदिका**-आम जनता (जिसका संबंध हो) (ऋषभ कुमार पिता स्व. द्वारिका, उम्र-14 (मंदबुद्धि एवं मानसिक रूप से 70 % विकलांग) पता वार्ड नं-11 ग्राम सुर्रा, तहसील गुरूर, जिला-बालोद (छ.ग.) जिसका आवेदिका को सरंक्षक घोषित किया जाना है।)

उपरोक्त आवेदिका श्रीमती सुनीति निर्मलकर पति स्व. द्वारिका, जाति धोबी उम्र 33 वर्ष, पता वार्ड नं.-11 ग्राम सुर्रा, तहसील गुरूर जिला-बालोद (छ.ग.) के द्वारा (ऋषभ कुमार पिता स्व. द्वारिका, उम्र-14 (मंदबुद्धि एवं मानसिक रूप से 70% विकलांग) पता वार्ड नं.-11 ग्राम सुर्रा, तहसील गुरूर, जिला-बालोद (छ.ग.) के विरुद्ध आवेदन पत्र अंतर्गत धारा-07(छ) कुटुम्ब न्यायालय अधिनियम 1984 के तहत आवेदन पेश किया है।

आपको इस समंस के जरिये हुक्म होता है कि, यदि आपको इस संबंध में कोई हक या किसी प्रकार से अधिकार प्राप्त हो तो आप स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस अदालत में सुनवाई दिनांक 17.02.2025 को प्रातः 11:00 बजे उपस्थित होकर अपना बचाव सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। यदि आप उक्त नियत दिनांक को समय पर उपस्थित नहीं होगें तो उक्त आवेदन की सुनवाई आपकी अनुपस्थिति में होगी। यदि उक्त नियत दिनांक को कोई अवकाश घोषित हो जाए अथवा न्यायालय के पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो आवेदन की सुनवाई आगामी कार्य दिवस को होगी।

आज दिनांक 04.01.2025 को न्यायालय की मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

स्थान- बालोद
दिनांक-04.01.2025

मुहर

(योगेश पारीक)
न्यायाधीश
कुटुम्ब न्यायालय बालोद (छ.ग.)

# कैम्पा ने चुनिंदा राज्यों में 10 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी हासिल की स्पार्कलिंग बेवरेज सेगमेंट में एक मजबूत ब्रांड के रूप में उभरा

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत के प्रतिस्पर्धी स्पार्कलिंग बेवरेज बाजार में एक महत्वपूर्ण विकास में, रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के तहत एक प्रतिष्ठित भारतीय ब्रांड कैम्पा ने चुनिंदा राज्यों में 10% बाजार हिस्सेदारी हासिल की है। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के क्यू3 एफवाय25 वित्तीय परिणाम प्रस्तुति के दौरान दिनेश तलुजा ने कहा, कैम्पा ने पहले ही चुनिंदा राज्यों में स्पार्कली बेवरेज श्रेणी में 10% बाजार हिस्सेदारी हासिल कर ली है। यह उपलब्धि कोका-कोला और पेप्सी जैसी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के वर्चस्व वाले सेगमेंट में ब्रांड की बढ़ती ताकत को दर्शाती है। भारत में स्पार्कलिंग बेवरेज बाजार एफएमसीजी क्षेत्र में सबसे गतिशील और तेजी से बढ़ते सेगमेंट में से एक है। कोका-कोला और पेप्सिको जैसी वैश्विक कंपनियों के ऐतिहासिक वर्चस्व वाले इस बाजार में नए स्वाद और ताज़गी भरे विकल्पों की मजबूत उपभोक्ता मांग है। इन ब्रांडों ने गहरी बाजार पैठ, मजबूत वितरण नेटवर्क और व्यापक विपणन रणनीतियों की विरासत बनाई है, जिससे नए प्रवेशकों के लिए प्रतिस्पर्धा कड़ी हो गई है। आरसीपीएल के तहत कैम्पा के पुनरुत्थान ने भारतीय उपभोक्ताओं के बीच इसकी अपील को पुनर्जीवित किया है, जो पुरानी यादों और समकालीन स्वादों का एक आदर्श मिश्रण पेश करता है। स्थापित वैश्विक खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करते हुए, कैम्पा ने प्रमुख क्षेत्रीय बाजारों में उल्लेखनीय उपस्थिति बनाकर अपनी बढ़ती लोकप्रियता का प्रदर्शन किया है। आरसीपीएल का गहन उपभोक्ता अंतर्दृष्टि का लाभ उठाने, विविध खुदरा प्रारूपों में उपलब्धता सुनिश्चित करने और स्थानीय प्राथमिकताओं के साथ वैश्विक मानकों को मिलाने वाले उत्पादों की पेशकश करने पर रणनीतिक ध्यान कैम्पा के विकास में सहायक रहा है।

# सेक्टर अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन हेतु नियुक्त 55 सेक्टर अधिकारियों को आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल ने मतदान केन्द्र के भौतिक सत्यापन के बारे में चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। कलेक्टर ने प्रशिक्षण में कहा कि पंचायत चुनाव को सम्पन्न कराने के लिए दिए गए सभी दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करे। सभी कार्यो को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करे। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्रों में आवश्यक सुविधा जैसे रैम्प, छाया, शौचालय, पानी, पर्याप्त प्रकाश, बिजली, फर्नीचर आदि की सुविधा हो यह भी सुनिश्चित कर ले। जर्जर भवन में मतदान केंद्र न बनाए, उसी परिसर में अच्छे भवन को मतदान के लिए उपयोग करे। मतदान के पहले और उसके बाद की कार्यवाहियों को भी अच्छे से तैयारी कर ले। निर्वाचन के लिए आवश्यक रिपोर्ट, फॉर्म और दस्तावेजों की भी अच्छे से जानकारी रख कर समयबद्ध तरीके से कार्य को संपादित करे। मतपेटियों की उपलब्धता, स्थिति आदि की तैयारी अच्छे से सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने सेक्टर अधिकारियों को संबंधित मतदान दलों का अच्छे से प्रशिक्षण पूर्ण हो जाए यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मतदान केन्द्र पर अद्यतन मतदाता सूची महिला-पुरूष की जानकारी अंकित करे। सेक्टर अधिकारी मतदान केन्द्रों में आने-जाने या कही खामिया है तो उसकी जानकारी जनपद सीईओ एवं एसडीएम से समन्वय कर दूरस्थ कराये। संबंधित अधिकारियों का समन्वय के लिए वाट्सअप ग्रुप बना ले। सेक्टर अधिकारियों को निर्वाचन संपादन के लिए उपलब्ध कराई गई पुस्तिका को अच्छे से पढ़े। मतपेटी को बंद करने और खोलने की प्रक्रिया को भी अच्छे से जान ले। सेक्टर अधिकारी मतदान के दिन अपने-अपने मतदान केन्द्रों का कम से कम दो बार अनिवार्य रूप से निरीक्षण कर रिपोर्टिंग करें। मतदान समाप्त होने के उपरांत तुरंत मतगणना कराये। इस दौरान प्रशिक्षण में जिला पंचायत सीईओ घासीदास मरकाम, जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर बंटी राय, आर.पी. मिश्रा एवं छन्नुलाल तारक एवं सभी सेक्टर अधिकारी उपस्थित थे।

# सीएमओ ने दुकानों में दी दबिश, 36 सेट चाइनीज मांझा और चकरी की गई जब्त, कुछ माँझो को दुकान के सामने जलाकर किया गया नष्ट

## सीएमओ ने चाइनीज मांझा नही बेचने दुकानदारों को दी कड़ी हिदायत, गैर इरादतन हत्या के तहत कार्यवाही करने की दी चेतावनी

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com



राजधानी रायपुर सहित देशभर के अलग अलग हिस्सों में चाइनीज मांझा से हुई घटना और हाईकोर्ट की फटकार के बाद कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के निर्देश पर नगरपालिका सीएमओ सौरभ शर्मा ने नगर में दुकानों में दबिश दी। और दुकानों में बिक रहे चाइनीज मांझे को जब्त करने की कार्यवाही के साथ दुकानदारों को चाइनीज मांझा नही बेचने की कड़ी हिदायत दी गई। सीएमओ सौरभ शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि कलेक्टर के निर्देश पर नगर के दुकानों में चाइनीज मांझे बिक्री की जांच की गई। नगर स्तिथ जम जम कार्नर, खान मनिहारी, यादव जनरल सहित सदर रोड और बुधवारी बाजार के दुकानों में छापेमार कार्यवाही करते हुए 36 नग मांझा और चकरी को जब्त करने की कार्यवाही की गई और कुछ माँझो को दुकान के सामने ही जलाकर नष्ट किया गया, ताकि दुकानदार दोबारा इस तरह के चाइनीज माँझो की बिक्री ने कर सके। दरअसल 3 दिनों पहले रायपुर राजधानी में चाइनीज मांझे से 7 साल के मासूम बच्चे की गर्दन कटने से मौत हो गई थी, वही एक महिला वकील भी मांझे में फंसकर बुरी तरह जख्मी हो गई थी, महिला का गला और अंगूठा दोनों कट गया था। जिसके बाद बच्चे की मौत मामले में हाईकोर्ट ने सरकार को फटकार लगाई है। चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा ने कहा कि ये बड़ा दुर्भाग्यपूर्ण है और बड़ा खतरनाक है। प्रतिबंध के नोटिफिक्रेशन के बावजूद बाजार में चाइनीज मांझा कैसे उपलब्ध हो रहा है। चीफजस्टिस ने कहा कि क्यों इस अधिनियम का पालन नहीं करवाया जा सका, क्या मुआवजा दिया गया है। क्यों राज्य सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की। दोनों घटनाओं पर सरकार के मुख्य सचिव को जवाब तलब किया है। दोनों मामलों को जनहित याचिका मानकर चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा और न्यायाधीश रविन्द्र कुमार अग्रवाल की डबल बेंच ने सुनवाई की। अब अगली सुनवाई 29 जनवरी 2025 को तय की गई है। बता दे को देश के कई हिस्सो से चाइनीज मांझे के इस्तेमाल करने से लोगों के जख्मी और मौत के मामले सामने आ चुके है।

**गैर इरादतन हत्या का मामला होगा दर्ज-** सीएमओ-सीएमओ सौरभ शर्मा ने बताया कि जिन भी दुकानदारों से चाइनीज माँझो को जब्त करने और नष्ट करने की कार्यवाही की गई है, उन्हें कड़ी हिदायत गई है कि दोबारा वे चाइनीज मांझे की बिक्री ने करे, अन्यथा उनपर गैर इरादतन हत्या का मामला भी दर्ज किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी दुकानदारों को कहा गया है कि जिनके पास भी चाइनीज मांझा चकरी होगी वे तत्काल उसे दुकान से हटा दे या नष्ट कर दे। वही सीएमओ ने परिजनों से भी अपील की है कि चाइनीज मांझे का उपयोग वे कतई न करे और बच्चों को भी न करने दे। सफेद सूत का उपयोग किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि जांच जे दौरान कुछ दुकानो में बरेली का भी मांझा मिला, जो सही निकला। उसे तोड़कर देखा गया, वह सही निकला, उसका उपयोग किया जा सकता है। लेकिन चाइनीज मांझे का उपयोग बिल्कुल नही किया जा सकता है। अगर किसी भी दुकान में चायनीज मांझा बेचते पाया गया तो कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

**तेज धार वाले चाइनीस मांझा होने की आशंका-** आमतौर पर पतंग उड़ाने के लिए दो तरह के मांझे का इस्तेमाल होता है। पहला सूती मांझा और दूसरा चाइनीज मांझा। सूती मांझे की अपेक्षा चाइनीज मांझा ज्यादा खतरनाक होता है। यह नायलॉन का बना होता है। इस मांझे पर कांच या मैटेलिक पाउडर से धार लगाई जाती है। यही वजह है कि ये सूत के मांझे से ज्यादा शार्प होती है। यह सामान्य मांझे की तुलना में कई गुना धारदार होती है। साथ ही बिजली के तार से संपर्क में आने पर चाइनीज मांझे में करंट भी आ सकता है।

# कलिंगा विश्वविद्यालय द्वारा नवीन शैक्षिक रणनीतियों पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन: एनईपी 2020 छत्तीसगढ़ और उससे आगे का आयोजन

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com





कलिंगा विश्वविद्यालय, रायपुर ने आईसीएसएसआर द्वारा प्रायोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन जिसका विषय था नवोन्मेषी शैक्षिक रणनीतियाँ, एनईपी 2020: छत्तीसगढ़ और उससे आगे का सफलतापूर्वक आयोजन किया, जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत शिक्षा के भविष्य पर चर्चा करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम था। यह सम्मेलन अनेक देशों के प्रतिष्ठित शिक्षाविदों, विशेषज्ञों और विचारकों को एकत्रित कर, शैक्षिक रणनीतियों और उनके छत्तीसगढ़ और उससे आगे के प्रभावों पर गहन चर्चाओं का मंच प्रदान करता है। इस कार्यक्रम में भारत और विदेशों से भाग लेने वाले प्रतिभागियों की बड़ी संख्या ने भाग लिया और यह सम्मेलन ज्ञान, विचार और अनुभवों के आदान-प्रदान के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर साबित हुआ। सम्मेलन की शुरुआत आर. प्रसन्ना, आई.ए.एस. सचिव, उच्च शिक्षा छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रेरणादायक उद्घाटन भाषण में हुई, जिनके विचारों ने चर्चाओं का मार्गदर्शन किया। प्रतिष्ठित संसाधन व्यक्तियों ने इस कार्यक्रम में महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिनमें प्रो. अनुराग श्रीवास्तव (इंदौर) ने एनईपी 2020 के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की, प्रो. राजीव चौधरी (पंडित, रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर) ने सतत विकास लक्ष्यों पर अपने विचार माझा किए, प्रो. नितिन मंगवडे (सिंबायोसिस, नागपुर) ने एनईपी 2020 पर गहन विश्लेषण प्रस्तुत किया, और प्रो. अनुज कुमार, डॉ. निशु आयेडी (नई दिल्ली), और प्रो. हैपेंग लियू (चीन) ने ऑनलाइन अपने दृष्टिकोण साझा किए। सत्रों का कुशलतापूर्वक संचालन सत्र अध्यक्षों ने किया, जिनकी विशेषज्ञता ने चर्चाओं को और भी रोचक और विचारोत्तेजक बनाया। सम्मेलन के समापन सत्र की शोभा मुख्य अतिथि, डॉ. अरुणा पलटा, पूर्व कुलपति हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग की उपस्थिति ने बढ़ाई, जिनके प्रेरणादायक शब्दों ने सभी प्रतिभागियों पर गहरी छाप छोड़ी। आईसीएसएसआर द्वारा प्रायोजित नवोन्मेषी शैक्षिक रणनीतियाँ, एनईपी 2020: छत्तीसगढ़ और उससे आगे विषय पर यह अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन न केवल शिक्षा के भविष्य पर संवाद को बढ़ावा देने में सहायक रहा, बल्कि इसने शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं और नीति निर्माताओं के बीच मूल्यवान कनेक्शन भी स्थापित किए। इस सम्मेलन की सफलता एनईपी 2020 के कार्यान्वयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और छत्तीसगढ़ और उससे आगे के शैक्षिक परिदृश्य पर इसके प्रभाव को रेखांकित करता है।

# जिला कांग्रेस कार्यालय में मनाई गई नेताजी सुभाष चंद्र की जयंती

पायनियर संवाददाता < कोरबा
www.dailypioneer.com



जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा द्वारा जिला कांग्रेस कार्यालय में नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की जयंती कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हे श्रद्धांजलि दी गई। नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए विधायक फुलसिंह राठिया ने कहा कि नेताजी सुभाषचन्द्र बोस ने देश की स्वाधीनता के संग्राम में अपने जीवन को समग्र न्यौछावर कर दिया। उन्होनें कहा कि सुभाष बाबू के पिता भी राष्ट्रभक्त थे उन्होने काफी आशाओं के साथ सुभाष बाबू को आई.सी.एस. परीक्षा के लिए भेजा सन् 1920 में आई.सी.एस. परीक्षा में चौथे स्थान पर आकर सुभाष बाबू ने सभी को अचंभित कर दिया था। लेकिन देशभक्ति से प्रेरित होकर सुभाष बाबू ने आई.सी.एस. की नौकरी छोड़ दी और उन्हे कांग्रेस स्वयंसेवक दल के कप्तान बनाए गए। पूर्व विधायक पुरूषोत्तम कंवर ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस को याद करते हुए कहा कि आजाद हिन्द फौज की स्थापना कर नेताजी ने भारतीय रीति से साम्प्रदायिक एकता का जो आदर्श प्रस्तुत किया वह सर्वथा स्मरणीय एवं अनुकरणीय है। महापौर राजकिशोर प्रसाद ने अपने उद्बोधन में नेताजी का नारा ''तुम मुझे खुन दो मैं तुम्हे आजादी दूंगा'' को याद करते हुए कहा कि नेताजी के इस नारा से देश का बच्चा-बच्चा सहित प्रत्येक नागरिकों के हृदयों में स्फूर्ति, आशा और नये प्राणों का संचार होने लगा था और प्रत्येक नागरिक आजाद भारत की परिकल्पना करने लगे थे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल ने बताया कि सन् 1992 में महान देशभक्त नेताजी सुभाष चन्द्र बोस को भारत के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से सम्मानित करने की घोषणा की गई।

## राजेंद्र कुमार का निधन



**रायपुर।** प्रियदर्शनी नगर रायपुर निवासी, राजेंद्र कुमार (छक्कू) राकेश कुमार जैन (सत्तू) के पिता कमल कुमार जैन ( मंडी बामोरा वाले) का बुधवार रात 10 बजे देवलोक गमन हो गया है। शोक सभा निज निवास में सुबह 11:00 बजे रखा गया था उसके तत्पश्चात अंतिम यात्रा 11:30 निज निवास से मैकाहारा मेडिकल कॉलेज में देहदान (अंतिम इच्छा) हेतु ले जाया गया।

# दुर्घटना की रोकथाम हेतु पुलिस प्रशासन द्वारा ग्रामीणों को बाटे हेलमेट

पायनियर संवाददाता < कोरबा
www.dailypioneer.com



पाली थाना परिसर में यातायात पुलिस एवं पाली पुलिस द्वारा बैठक बुला कर ग्रामीणों को यातायात नियमों का पालन करने जागरूक कर हेलमेट वितरण किया गया। सड़क सुरक्षा माह के दौरान यातायात पुलिस सड़क दुर्घटना की रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान चलाने के साथ जरूरी पहल भी कर रही है। इसी कड़ी में कोरबा पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी एवं यातायात प्रभारी आईपीएस रविंद्र कुमार मीणा के दिशानिर्देश पर यातायात पुलिस की संयुक्त टीम एवं पाली पुलिस के सहयोग से आमजन को सड़क सुरक्षा व प्राथमिक उपचार की जानकारी देने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। यातायात पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पाली के डॉ. लक्ष्मी नारायण पटेल, डॉ.देवेंद्र कुर्रे, के सहायोग से प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण दिए। जिससे सड़क दुर्घटनाओं में त्वरित सहायता प्रदान करके लोगों की जान बचाई जा सके। सीपीआर देने व खून को बहने से रोकना सिखाया गया। चिकित्सकीय टीम ने सड़क दुर्घटनाओं के दौरान घायलों की त्वरित सहायता के लिए प्राथमिक उपचार, सीपीआर, खून का बहाव (रक्तस्त्राव) रोकने व आपातकालीन सहायता बुलाने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया।वहीं उपस्थित ग्रामीणों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी देते हुए सड़क पार करने के सही तरीके, जेब्रा क्रॉसिंग के उपयोग ट्रैफिक सिग्नलों के महत्व और गति सीमा के पालन के बारे में जागरूक किया गया। इसी तरह यातायात नियमों व सड़क सुरक्षा उपायों के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई, ताकि वे सड़क पर दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने में सहयोग कर सकें। नियमों का पालन कर जीवन को सुरक्षित बना सके। उपस्थित पाली थाना में ग्रामीणों को प्रोत्साहित करने एवं उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यातायात पुलिस ने हेलमेट बांटे। एवं आमजन से अपील किए कि यातायात नियमों का पालन करें।

# कोलंबिया के छात्रों का सीएसएम टेक्नोलॉजी में चयन



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

कोलंबिया इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी मे विगत दिनो सीएसएम टेक्नोलॉजी के द्वारा, अंतिम वर्ष में अध्ययनरत, बी.टेक. कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के छात्रों के लिए कैम्पस रिक्युटमेंट का आयोजन हुआ। जिसमें छात्रों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। कंपनी की तरफ से आए सीनियर एच.आर, दाश एवं इनकी टीम ने विद्यार्थीयों का चयन किया। कंपनी ने इंटरव्यू से 5 (पांच) होनहार छात्रों चंदन बाला रामपुरिया, शीतल वर्मा, विवेक साहू, गिरीज साहू, राजेश निषाद का चयन किया। चयनित छात्रों को महाविद्यालय प्रबंधन, प्रिसिंपल एंव प्राध्यापकगण ने शुभकामनायें प्रेषित की है। कोलंबिया इंस्टीट्यूट के विभागाध्यक्ष प्रो. उदय कुमार रजक एवं सहायक विभागाध्यक्ष निशा देवांगन ने बताया कि प्रशिक्षण और प्लेसमेंट विभाग शिक्षा और कार्यबल के बीच प्रभावी संबध बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसे ध्यान में रखते हुये कोलंबिया संस्थान, अपने इंजीनियरिंग, बी.टेक. कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के छात्रा को बेहतर प्लेसमेंट करते हुये उच्चतम कंपनीयों मे कैपंस रिक्युटमेंट और तकनीकी टेंनिंग कराने मे हमेशा तत्पर है। छात्रों का चयन 3,00,000/- रू सालाना वेतन की दर से हुआ है।

# सैमसंग ने लॉन्च की गैलेक्सी एस25 सीरीज, आपका सच्चा एआई साथी

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

सैमसंग ने अपने नवीनतम गैलेक्सी एस25 अल्ट्रा, गैलेक्सी एस25+ और गैलेक्सी एस25 स्मार्टफोन को लॉन्च कर दिया, जो सैमसंग के अब तक के सबसे नैचुरल और कॉन्टेक्स्ट-अवेयर मोबाइल अनुभवों के साथ एक वास्तविक एआई सहयोगी के रूप में नए मानक को स्थापित करता है। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स में मोबाइल एक्सपीरिएंस बिजनेस के हेड और प्रेसिडेंट टी एम रो ने कहा, सबसे बेहतरीन इनोवेशन यूजर्स के अनुभव का प्रतिबिंब होता है और यही वजह है कि हमने गैलेक्सी एआई विकसित किया है ताकि हर कोई अपने डिवाइस के साथ अधिक स्वाभाविक और सहजता से बातचीत कर सके और यह भरोसा रख सके कि उनकी निजता सुरक्षित है। उन्होंने कहा, गैलेक्सी एस25 सीरीज एआई-एकीकृत ओएस की तरफ लेकर जाती है, जो टेक्नोलॉजी का उपयोग करने के तरीके और हम अपना जीवन कैसे जीते है, को लेकर हमारे नजरिए को बदल देता है। गैलेक्सी एस25 सीरीज वन यूआई 7 के साथ आने वाला पहला स्मार्टफोन है, जो सैमसंग का एआई-फर्स्ट प्लेटफॉर्म है। इसे सबसे सहज नियंत्रण प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है, जो एआई-संचालित व्यक्तिगत मोबाइल अनुभव को सक्षम बनाता है। मल्टीमॉडल क्षमताओं वाले एआई एजेंट गैलेक्सी एस25 को टेक्स्ट, स्पीच, इमेज और वीडियो को इंटरप्रेट करने में सक्षम बनाते हैं, जिससे बातचीत स्वाभाविक लगती है। गैलेक्सी एस25 नैचुरल लैंग्वेज समझने में भी एक बड़ी सफलता है, जिससे रोजाना की बातचीत आसान हो जाती है। गैलेक्सी एस25 सीरीज संचार, उत्पादकता और रचनात्मकता के लिए गैलेक्सी एआई के लोकप्रिय टूल में कई अपग्रेड लाती है, जिसमें गूगल का सर्किल टू सर्च, कॉल ट्रांसक्रिप्ट, राइटिंग असिस्ट और ड्रॉइंग असिस्ट शामिल है। गैलेक्सी एस25 सीरीज के साथ, आप अगले चरणों के लिए कॉन्टैक्स्ट-अवेयर सुझावों के साथ एक्शनेबल सर्च भी कर सकते हैं। इसके अलावा, गैलेक्सी एस25 क्विक फॉलो-अप के लिए ऐप्स के बीच स्विच करना आसान बनाता है, जिसमें जीआईएफ साझा करना या ईवेंट डिटेल्स को साझा करना शामिल है।

# कीवे इंडिया ने एक्सक्लूसिव लॉन्च ऑफर के साथ के300 एसएफ लॉन्च किया

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



आदिश्वर ऑटो राइड इंडिया के तहत संचालित कीवे इंडिया ने अपनी लोकप्रिय के300 मोटरसाइकिल सीरीज के एक विशेष संस्करण कीवे के300 एसएफ (स्ट्रीट फाइटर) को लॉन्च किया है। लॉन्च ऑफर के तहत पहले 100 ग्राहकों को यह शानदार बाइक मात्र 1.69 लाख (एक्स-शोरूम) की विशेष कीमत पर उपलब्ध होगी। के300 एसएफ, के300एन का उन्नत संस्करण है और सीमित समय के लिए यह ऑफर परफॉर्मेंस मोटरसाइकिल के शौकीनों के लिए इसे एक आकर्षक विकल्प बनाता है। 300सीसी सेगमेंट में तेजी से बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बीच, के300 एसएफ की यह विशेष कीमत पहले 100 ग्राहकों को प्रीमियम 300सीसी सेगमेंट में कदम रखने का एक अनूठा अवसर प्रदान करती है, जिससे वे भारतीय बाजार में दूसरों से अलग दिख सकें। लॉन्च पर बोलते हुए कीवे इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर, विकास झाबख ने कहा, कीवे के300 एसएफ हमारी उस सोच को दर्शाती है, जिसमें हम भारतीय राइडर्स की जरूरतों के अनुसार वर्ल्ड-क्लास प्रोडक्ट्स तैयार करते हैं। पहले 100 ग्राहकों के लिए विशेष कीमत पर के300 एसएफ पेश कर, हम उन शुरुआती ग्राहकों को एक विशेष अनुभव देना चाहते हैं, जो हमारे इनोवेशन और परफॉर्मेंस के प्रति उत्साह साझा करते हैं। यह पहल के300 एसएफ को एक मूल्यवान और आकर्षक विकल्प बनाती है। हमें पूरा विश्वास है कि यह मोटरसाइक्लिंग के शौकीनों को खूब पसंद आएगी। के300 एसएफ एक स्पोर्टी डिजाइन और बेहतरीन प्रदर्शन का बेहतरीन मेल है, जो एक अद्वितीय राइडिंग अनुभव का वादा करती है।

# एसएसआईपीएमटी, आरआरसी और एनएसएस इकाई ने किया जागरूकता अभियानों के साथ युवा सप्ताह का सफलतापूर्वक समापन

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



एसएसआईपीएमटी आरआरसी और एनएसएस इकाई ने विभिन्न गतिविधियों और जागरूकता अभियानों के साथ युवा सप्ताह का सफलतापूर्वक समापन किया। श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी, रायपुर (एसएस आईपीएमटी) ने 12 जनवरी से 19 जनवरी तक युवा सप्ताह मनाया, जिसमें इसके आरआरसी और एनएसएस इकाई द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। सप्ताह भर चलने वाली इस पहल का उद्देश्य युवाओं को सशक्त बनाना और विविध प्रतियोगिताओं और सामुदायिक गतिविधियों के माध्यम से महत्वपूर्ण सामाजिक और स्वास्थ्य मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाना था, जो आनंद ताम्रकार (कार्यक्रम अधिकारी, एनएसएस) और आयुष कुमार साहू (सह कार्यक्रम अधिकारी, एनएसएस) के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। समारोह की शुरुआत में एक फ्लैशमोब के साथ हुई, जहां छात्रों ने एकता और युवा सशक्तिकरण का संदेश देते हुए ऊर्जावान प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। एचआईवी/एड्स पर पोस्टर इसके अतिरिक्त, नशा मुक्ति (व्यसन-मुक्त समाज) पर एक भाषण प्रतियोगिता ने छात्रों को मादक द्रव्यों के सेवन के खिलाफ संदेश साझा करने के लिए प्रेरित किया, जिससे एक स्वस्थ और व्यसन-मुक्त जीवन शैली को बढ़ावा मिला। इस कार्यक्रम में एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी शामिल थी, जिसने प्रतिभागियों के विभिन्न क्षेत्रों में ज्ञान का परीक्षण किया, बौद्धिक विकास और टीम वर्क को बढ़ावा दिया। सप्ताह का समापन ग्राम मुझगहन में रक्तदान शिविर के साथ हुआ, जहाँ छात्र और स्वयंसेवक एक महान उद्देश्य में योगदान देने के लिए एक साथ आए, जिससे सामुदायिक सेवा के मूल्य को बल मिला।

# किसना डायमंड ज्वेलरी ने बांटी 100 से ज्यादा खुशियों की चाबी

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



भारत की अग्रणी ज्वेलरी रिटेल चेन में सेएक किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने देशभर के 100 भाग्यशालीग्राहकों को मारुति सेलेरियो कारें उपहार में दीं। ये कारें 11 शहरों मेंविजेताओं को एक साथ सौंपी गईं, जो अब की बार आपके लिए कैंपेन के भव्य समापन का हिस्सा था। इस शानदार पहल में 51,219 से अधिक लोगोंने भाग लिया, जिससे यह न केवल किसना के इतिहास में बल्कि पूरे उद्योग में सबसे बड़ी मुहिमों में से एक बन गई। यह कैंपेन 1 सितंबर, 2024 को शुरू हुआ और 18 जनवरी, 2025 को समाप्त हुआ। इसके तहत, ग्राहकों को 20,000 या उससे अधिक की डायमंड, प्लेटिनम, या सॉलिटेयर ज्वेलरी खरीदने पर और 50,000 या उससे अधिककी गोल्ड ज्वेलरी खरीदने पर कार जीतने का मौका दिया गया था। ग्राहकों को एक लकी ड्रा में भाग लेने का विकल्प दिया गया, जिसमें वे मारुति सुजुकी सेलेरियो जीत सकते थे। यह किसना की अपने ग्राहकों के लिए यादगार क्षण बनाने की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। कैंपेन के ग्रैंड फिनाले के हिस्से के रूप में, किसना ने पूरे भारत से 104 विजेताओं का चयन किया। उत्तर भारत में सबसे अधिक 20,795 ग्राहकों नेभाग लिया, इसके बाद अन्य क्षेत्रों में भी भारी उत्साह देखा गया। विजेताओं को उनकी कारों की चाबियां विशेष आयोजनों में सौंपी गईं, जो दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, महाराष्ट्र और तमिलनाडु जैसे राज्यों में आयोजित किए गए। हरि कृष्णा ग्रुप के फाउंडर और मैनेजिंग डायरेक्टर, घनश्याम ढोलकिया ने कहा, अब की बार आपके लिए कैंपेन में ज्वेलरी खरीदारों की जबरदस्त भागीदारी इस बात का प्रमाण है कि हमारे ग्राहकों का किसना पर गहरा भरोसा और स्नेह है।

## हर्षित अर्बन सिटी में शुरू होगा प्लॉट मेला

# सिंघानिया बिल्डकॉन के 'शहर के बीच में, अपना जहां' स्कीम में प्रीमियम रेशिडेंशियल प्लॉट्स खरीदने का बेहरीन मौका







पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ और मध्य भारत में रियल एस्टेट के क्षेत्र में अग्रणी ब्रांड सिंघानिया बिल्डकॉन के हर्षित अर्बन सिटी में प्लॉट मेला का आयोजन 24, 25 और 26 जनवरी को किया जा रहा है। सिंघानिया बिल्डकॉन के शहर के बीच में, अपना जहां स्कीम के तहत हर्षित अर्बन सिटी के प्लॉट मेला में बुकिंग कराने वाले ग्राहकों के लिए कई आकर्षक स्कीम का लाभ दिया जा रहा है। अगर आप राजधानी रायपुर में घर बनाने के लिए प्राइम लोकेशन पर किफायती प्लॉट खरीदने की सोच रहे हैं तो हर्षित अर्बन सिटी आपके लिए बेस्ट आप्शन साबित होगा। रायपुर शहर के बीच रिंग रोड नं.-1, डी-मार्ट के सामने, रायपुरा में पूर्ण विकसित हर्षित अर्बन सिटी में 1000-3000 वर्गफुट साइज के प्रीमियम रेशिडेंशियल प्लॉट्स किफायती कीमत पर रेडी हैं। रेरा द्वारा पंजीकृत हर्षित अर्बन सिटी में विश्व स्तरीय सुविधाएं निवेशकों को दी जा रही हैं। जिसमें कवर्ड कैम्पस, गेटेड समुदाय, सीसीटीवी सुरक्षा, 24x7 जल आपूर्ति, लैंडस्केप गार्डन, स्ट्रीट लाइट, भूमिगत पानी की टंकी वॉकिंग ट्रैक पार्टी लॉन, बच्चों के लिए प्लेइंग ग्राउंड के साथ पर्यावरण मानकों के अनुरूप ग्रीन प्लांटेशन आपको लक्जरी जीवन का अहसास कराएगा।

### जो दिखाते हैं वही बनाते हैं

सिंघानिया बिल्डकॉन ग्रुप के पास 32 वर्षों से अधिक का अनुभव है, और उन्होंने रायपुर और अन्य क्षेत्रों में 25 से अधिक लैंडमार्क प्रोजेक्ट्स पूरे किए हैं, जिससे उन्होंने 20,000+ खुशहाल परिवारों को घर उपलब्ध कराए हैं। उनकी गुणवत्ता, नवाचार और ग्राहक संतुष्टि के प्रति प्रतिबद्धता हर प्रोजेक्ट में झलकती है, जिससे वे रियल एस्टेट क्षेत्र में एक विश्वसनीय नाम बने हुए हैं। सिंघानिया बिल्डकॉन ग्रुप ने रियल एस्टेट में अपने कई शानदार प्रोजेक्ट सफलता के साथ पूरे किए हैं जहां हजारों परिवार निवास कर रहे हैं। ..सिंघानिया बिल्डकॉन ग्रुप की पहचान ''जो दिखाते हैं वही बनाते'' के आदर्श वाक्य के साथ रियल्टी सेक्टर में लोगों के भरोसे का प्रतीक बना चुका है।

शहर के बीच घर बनाना हर किसी की सपना होता है। इसके लिए हर्षित अर्बन सिटी की लोकेशन बेस्ट है। प्लॉट मेला में मिलने वाली स्पेशल स्कीम का लाभ उठाने मैंने यहां प्लाट बुकिंग कराई। यह शानदार फैसला है।

**- योगेश भारती**

शहर के करीब अपने बजट के अनुरूप प्रीमियम रेजिडेंशियल प्लॉट्स खरीदने के लिए हर्षित अर्बन सिटी बेस्ट है। रिंग रोड नं. 1, डी-मार्ट के सामने पूर्व विकसित हर्षित अर्बन सिटी में प्लाट की बुकिंग मेरे लिए अच्छा सौदा है।

**- आशुतोष शर्मा**

हर्षित अरबन सिटी में किफायती दामों पर प्रीमियम रेजिडेंशियल प्लॉट्स उपलब्ध हैं। मैंने परिवार के साथ हर्षित अर्बन सिटी का लोकशन देखा। यह प्रोजेक्ट मुझे और मेरे परिवार को बेहद पसंद आया। मैंने यहां प्लाट बुकिंग कराई है।

**-सिद्धार्थ सोनी**

मैं पिछले कुछ सालों से शहर के बीच रेजिडेंशियल प्लॉट्स की तलाश कर रहा था.. मेरी से तलाश हर्षित अर्बन सिटी में आकर पूरी हुई। सिंघानिया बिल्डकॉन के पास 32 वर्षों से अधिक का अनुभव है। मैं यहां बुकिंग करा कर बहुत खुश हूं।

**- संतोष साहू**

# 23 जनवरी प्रणवानंद अकैडमी मैं विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



भारत सेवा श्रम प्रणवानंद अकादमी परिसर में 23 जनवरी 2025 को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के उपलक्ष्य पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। सबसे पहले शाला प्राचार्या अनंदिता घोष एवं शाला प्रबंधक महादेव की शुभ कर कमलों द्वारा ध्वजारोहण एवं श्रीमद् स्वामी प्रणवानंद महाराज, भारत माता एवं वीर योद्धा नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के फोटो पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन किया गया। नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती के शुभ अवसर पर शाला की छात्र-छात्राओं द्वारा एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने नेताजी के विचार उनके नारे एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस के द्वारा रचित गानों को जोश पूर्ण ढंग से गाया। बच्चों के द्वारा ओजस्वी, वीर रस से परिपूर्ण कविता का पाठ किया गया। तत्पश्चात शाला की प्रधानाचार्या अनंदिता घोष द्वारा नेताजी जयंती के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों उन्होंने कहा कि एक साथ चलकर हम बड़े से बड़े समस्याओं का समाधान कर सकते हैं और अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। बच्चों को नेताजी के पद चिह्नों पर चलने और देश को ऊंचा बनाने के लिए देश के प्रति प्रेम एवं समर्पण के भाव रखने के लिए प्रेरित किये।

# कोदवा में धूमधाम से मनाया गया रामलला स्थापना वर्षगांठ

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com




जिलें के ग्राम कोदवा में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा 22 जनवरी को श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ पर भव्य आयोजन किया गया। जिसमें बजरंगी भाईयों के द्वारा ग्राम में भगवा ध्वज व झंडा लगाया गया। ग्रामवासियों व बजरंगी भाईयों द्वारा ग्राम के मंदिर में सुबह से ही पूरे ग्राम में ध्वज, तोरण आदि लगाया गया। वहीं बाजे गाजे के साथ कलश यात्रा निकाल कर पूरे ग्राम का भ्रमण किया गया। मंदिर में पंडित से पूरे विधि विधान से भव्य पूजा अर्चना भी की गई। पूजन पश्चात सभी को प्रसादी बांटी गई। साथ ही सभी ने पूरे उत्साह से एक दूसरे को गले लग कर बधाई व शुभकामनाएं दिया गया। कोदवा के इस आयोजन पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जिला सह संयोजक गणेश वैष्णव ने बताया कि बजरंगी भाईयों व ग्रामवासियों के द्वारा पूरे उत्साह व उमंग के साथ प्रभु श्रीराम का पूजन कर अयोध्या में उनकी बाल स्वरूप प्रतिमा की प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूरे होने पर प्रथम वर्षगांठ धूमधाम से मनाया गया। ग्रामीणों व हिंदुओं में आयोजन का अपना ही अलग जोश देखने को मिला। इस आयोजन में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जिला सह संयोजक गणेश वैष्णव, जित्तु कुर्रे, हेमंत साहू, रमाकांत जोशी, शंकर साहू, देवेंद्र साहू, नंदलाल साहू, संदीप वर्मा, महादेव यादव सहित सैकड़ों बजरंगी भाई, ग्रामवासी महिला पुरुष बच्चें युवा शामिल रहें। धर्म के ध्वज को राजनीति बता कर लगाने से मना, विद्युत विभाग के खिलाफ उग्र आंदोलन व प्रदर्शन की तैयारी - ग्राम कोदवा में मुख्य मार्ग पर सड़क में हिंदू धर्म का ध्वज लगाने से मना करने को लेकर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ता में भारी आक्रोश, कर रहे विभाग के खिलाफ उग्र आंदोलन व प्रदर्शन की तैयारी। मामला हैं 22 जनवरी को श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ पर जिलें के ग्राम कोदवा में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के द्वारा आयोजन किया गया। जिसमें बजरंगी भाईयों के द्वारा ग्राम में भगवा ध्वज व झंडा लगाया गया। वहीं भव्य पूजा अर्चना भी की गई। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जिला सह संयोजक गणेश वैष्णव ने बताया कि बजरंगी भाईयों के द्वारा ग्राम के दुर्ग बेमेतरा मुख्य मार्ग पर सड़क में विशाल ध्वज लगाया जाना था, जिसके लिए विद्युत विभाग को पूछ कर अनुमति लेना चाहा गया, जिस पर विद्युत विभाग साजा के उच्च अधिकारी मनीष शुक्ला द्वारा साफ साफ आचार सहिंता की बात करते हुए मना कर दिया गया। जबकि यह ध्वज किसी राजनीतिक पार्टी का नहीं हैं, बल्कि हिंदू धर्म का हैं। जबकि उनके मना करने के बाद जिला सह संयोजक वैष्णव ने जिला दंडाधिकारी, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा से पूरी बात बताए जाने पर उनके द्वारा ध्वज लगाने की बात कहीं गई। मगर फिर भी कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी की बातों को दरकिनार करते हुए विद्युत विभाग के अधिकारी अपनी बात पर अड़े हुए ध्वज को नहीं लगाने की ही बात करते रहें। उनका यह रवैया हिंदू धर्म व समाज के खिलाफ लग रहा हैं। इससे ग्राम के सैकड़ो हिन्दू भाईयों व सनातनियों में भारी गुस्सा व आक्रोश व्याप्त हैं। जिसको लेकर वे सभी विद्युत विभाग के खिलाफ उग्र आंदोलन व प्रदर्शन करने की बातें कह रहें हैं। उक्त आंदोलन व प्रदर्शन अब उनके द्वारा माफी मांगने व ध्वज लगाने की अनुमति के पश्चात ही समाप्त होगा। साथ ही इसकी संपूर्ण जवाबदारी विद्युत विभाग के अधिकारी की होगी।

> विद्युत विभाग के अधिकारी द्वारा ध्वज लगाने से साफ मना किया जाना उनके हिंदू विरोधी होने की पुष्टी करता हैं। साथ ही वे कलेक्टर की भी बातों को दरकिनार कर रहें हैं। उनके इस रवैये के लिए अब पूरे जिलेंभर के बजरंगी भाईयों के साथ उग्र आंदोलन व प्रदर्शन किया जायेगा। यह प्रदर्शन ध्वज लगने पर ही समाप्त होगा। इसकी आंदोलन व प्रदर्शन की सारी जवाबदारी उक्त अधिकारी की होगी।
>
> **-गणेश वैष्णव, जिला सह संयोजक, विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल बेमेतरा**

# विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षण दिया गया



पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए जिला कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन कक्ष में विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन मतदान केंद्रों पर की गई व्यवस्था के साथ-साथ वहां पर नियुक्त कर्मचारियों के निष्पक्षता, सजगता और कार्य कुशलता पर ही निर्भर करता है। मतदान केंद्र के प्रमुख अधिकारी के रूप में पीठासीन अधिकारी को निर्वाचन की विधि, प्रावधान एवं मतदान की संपूर्ण प्रक्रिया का पूरा ज्ञान होना जरूरी है। उन्होंने विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर को राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मार्गदर्शिका का गहन अध्ययन करने और पीठासीन अधिकारियों को बेहतर प्रशिक्षण देने के लिए प्रोत्साहित किया। कलेक्टर ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान कोई भी शंका उत्पन्न होती है, तो उसका समाधान प्रशिक्षण सत्र में ही कर लें। निर्वाचन के दौरान किसी भी प्रकार की त्रुटि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रशिक्षण को गंभीरता से लेते हुए मतदान की सम्पूर्ण प्रक्रिया को बारीकी समझें। प्रशिक्षण में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर द्वारा विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनरों को पीठासीन अधिकारी के समस्त कर्तव्य एवं अधिकार, मतदान सामग्री की प्राप्ति, मतदान केंद्र में व्यवस्था, मतपेटी, मतदान का समय, मतगणना, मतदान दल का प्रशिक्षण, मतदान दल की नियुक्ति, मतदान केंद्र में प्रवेश, अभ्यर्थियों और उनके अभिकर्ताओं का प्रवेश, मतदान केंद्र के पास प्रचार पर रोक, अभ्यर्थियों द्वारा चुनाव कैंप लगाया जाने पर प्रतिबंध, भारतीय दंड संहिता, आदर्श आचरण संहिता, मतदान स्थगित करने पर तत्काल की जाने वाले कार्यवाही, पीठासीन अधिकारी की डायरी, मतों की पुनर्गणना, मतगणना के बाद की कार्यवाहियां, मतदान उपरांत सामाग्री वापसी इत्यादि के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी मेनका प्रधान, डिप्टी कलेक्टर सारिका मित्तल सहित संबंधित अधिकारी और जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर राघवेन्द्र सोनी, चन्द्रशेखर उपाध्याय, संजय सोनी, मोहन उपाध्याय और के. अहमद मौजूद रहे।

# ग्राम अकलवारा में प्रथम वर्षगांठ पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीरामचंद्र की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ पर ग्राम अकलवारा विकासखण्ड साजा में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। रामधुनी मंडली के गायन के साथ शोभा यात्रा ग्राम के मुख्य मार्ग से होते हुए विभिन्न स्थलों से निकाली गई। इस दौरान भक्तों ने रघुपति राघव राजा राम पतित पावन सीताराम गीत भी गाये। इस यात्रा में गांव की बालिकाओं एवं महिलाओं ने अपने सिर पर कलश धारण कर पूरे गांव में भक्ति भाव के साथ भ्रमण किया। इस धार्मिक आयोजन में ग्राम वासियों ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ भाग लिया। भक्तों ने प्रभु श्रीरामचंद्र की आरती उतारी और खुशहाल जीवन के लिए प्रार्थना की। ग्राम के ध्रुव साहू ने बताया कि 22 जनवरी 2024 को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा अयोध्या में की गई थी। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा को 1 साल पूरा हो गया है। इसी के उपलक्ष में सनातन धर्म के लोग भगवान श्रीरामचंद्र की प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ को आस्था एवं हर्षोल्लास के साथ मना रहे हैं। इस अवसर पर लोगों ने मंदिरों और अपने घरों में पूजा अर्चना कर भगवान श्रीराम का गुणगान किया। तत्पश्चात संध्या की बेला में अपने-अपने घरों में व दरवाजे पर दीप प्रज्वलित किये। इसके पश्चात भोजन भंडारा हुआ। इस अवसर पर प्रसाद का भी वितरण किया गया। इस भव्य शोभा यात्रा एवं आयोजन में ध्रुव साहू, विजय कुमार साहू, गोविंद साहू, तेजराम साहू, अश्वनी सिन्हा, पवन साहू, कौशल साहू, कमलनारायण साहू, भुनेश्वर साहू, महावीर निषाद, रामनाथ निषाद, लक्ष्मी नारायण सिंहा, राजू साहू, मोहित सिन्हा, सियालाल सिन्हा, नंद कुमार साहू, नारायण सिन्हा, श्याम यादव, हरिराम सिन्हा, रामगोपाल साहू, सहित भारी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया।

# कलेक्टर ने खपराडीह में हेल्थ कैम्प का लिया जायजा और स्कूली बच्चों से की मुलाकात

## समझाईश देकर बच्चों का बढ़ाया मनोबल

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दीपक सोनी ने सिमगा विकासखंड अंतर्गत ग्राम खपरीडीह के मिडिल स्कूल और हाई स्कूल के छात्रों से की मुलाकात और ग्रामीणों के स्वास्थ्य जांच शिविर क़ा जायजा लिया। उन्होने बच्चों क़ो समय पर भोजन करने, स्वच्छता अपनाने, मन में डर या घबराहट न लाने तथा घबराहट होने पर शिक्षकों क़ो बताने क़ी समझाई देते हुए उनका मनोबल बढ़ाया। कलेक्टर ने शिक्षकों से स्कूली गतिविधियों, मध्यान्ह भोजन, साफ - सफाई आदि क़ी जानकारी लेते हुए बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ाने कहा। उन्होंने बताया कि सीमेंट सयंत्र के एएफआर क़ो सील कर दिया गया है और अब तीव्र दुर्गन्ध नहीं आएगी। उन्होंने स्कूल के सभी क्लास रूम में एक्झास्ट फैन लगवाने कहा ताकि कमरों में वायु क़ी ताजगी बनी रहे। कलेक्टर ने स्वास्थ्य जांच शिविर में मौजूद चिकित्सकों से बच्चों के स्वास्थ्य जांच के साथ आहार चार्ट बनाने के भी निर्देश दिए ताकि बच्चों में चार्ट के अनुसार समय पर जरूत के अनुसार आहार लेने क़ी आदत विकसित हो। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से भी स्वास्थ्य जांच कराने और संयम बनाए रखने कहा। गौरतलब है कि खपराडीह स्थित सीमेंट सयंन्त्र के एएफआर एरिया से तीक्ष्ण दुर्गन्ध के कारण खपराडीह हायर सेकेण्डरी स्कूल के कुछ बच्चों के स्वास्थ्य समस्या होने पर पीड़ित बच्चों अस्पताल में स्वास्थ्य जांच कराया गया था। ज़िला प्रशासन द्वारा विभिन्न विभागो की संयुक्त जांच टीम गठन प्लांट साइट के निरीक्षण हेतु निर्देशित किया और प्रबंधन द्वारा ए एफ आर साइट प्रबंधन मे पाई गई लापरवाही को संज्ञान में लेते हुए तत्काल रूप से सीमेंट कम्पनी के ए एफ आर एरिया, फीडर एरिया और श्रेडर एरिया को सील किया गया है।

# महाविद्यालय सांकरा मे विद्यार्थियों को विभिन्न सुविधाओं का दिया आश्वासन



पायनियर संवाददाता < पाटन
www.dailypioneer.com

उद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय सांकरा में कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) आर.आर.सक्सेना नें 22 जनवरी को महाविद्यालय का निरीक्षण कर स्टाफ और विद्यार्थियों से मिले, छात्र हित मे अनेक निर्णय लेते हुये बहुत जल्द सर्व सुविधा युक्त नई बिल्डिंग मे महाविद्यालय लगाने की आश्वासन दिये साथ ही विद्यार्थियों के रहने के लिए बालक एवं कन्या छात्रावास बहुत जल्द उपलब्ध होगी। कुलपति द्वारा ठेकेदारों को नई बिल्डिंग का निर्माण जल्द से जल्द समय सीमा में गुणवत्तापूर्वक करने को कहां जिसमें नई तकनीकों से लैस लैब ,उच्च क्वालिटी के 24 घंटे वाई फाई, स्मार्ट क्लासरूम, डिजिटल लाइब्रेरी, ग्रीन एंड क्लीन कैम्पस इत्यादि, कुलपति महोदय के कुशल मार्गदर्शन से विश्वविद्यालय में शिक्षा, अनुसंधान एवं प्रसार में क्रांति आयेगी। कुलपति के साथ विश्वविद्यालय के कुलसचिव .आर एल खरे, एसपीपी कोमरे, उप लेखा नियन्त्रण मनोज तिवारी, उद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय सांकरा-पाटन के अधिष्ठाता प्रोफेसर (डॉ) अमित दीक्षित एवं महाविद्यालय के अधिकारीगण, कर्मचारी गण एवं छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

# अपर कलेक्टर ने गणतंत्र दिवस की तैयारी किया निरीक्षण



पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय जशपुर के रणजीता स्टेडियम में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस गरिमापूर्ण ढंग से मनाने के लिए तैयारी जोरो से की जा रही है। जशपुर जिले में श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन मुख्य समारोह में ध्वजारोहण करेंगे और परेड की सलामी लेंगे। अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू ने आगामी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर रणजीता स्टेडियम आयोजित होने वाले मुख्य समारोह का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम ओंकार यादव, जिला शिक्षा अधिकारी सहित अन्य विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।अपर कलेक्टर ने गणतंत्र दिवस समारोह के लिए मंच व्यवस्था, जनप्रतिनिधियों गणमान्य नागरिकों एवं पत्रकारों के लिए बैठक व्यवस्था व निमंत्रण पत्र, साउण्ड, पानी, बिजली, साफ-सफाई, गाड़ी पार्किग, प्रवेश द्वार, परेड आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए है। उन्होंने बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि के द्वारा संदेश का वाचन किया जाएगा।

# पीठासीन एवं मतदान अधिकारियों को नगरीय निकायों में निर्वाचन कराने हेतु दिया गया प्रशिक्षण

■ विकासखंड स्तर पर मास्टर ट्रेनरों द्वारा दिया गया प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



नगरीय निकायों एवं त्रिस्तरीय पंचायतों हेतु अधिसूचना जारी होने के साथ जिले में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रोहित व्यास के मार्गदर्शन में निर्वाचन हेतु तीव्र गति से तैयारियां की जा रही हैं। जिसके तहत पीठासीन एवं मतदान अधिकारियों को नगरीय निकायों में सफलतापूर्वक चुनाव कराने हेतु सभी विकासखंड स्तर पर एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनरों के द्वारा मतदान प्रक्रिया, मतदान सामग्री की जांच, ईवीएम की क्रियाविधि, पीठासीन अधिकारी एवं प्रथम मतदान अधिकारी, द्वितीय मतदान अधिकारी और तृतीय मतदान अधिकारी के कार्यो की विस्तार पूर्वक जानकारी देने के साथ ही उन्हें सौंपे गए कर्तव्यों के निर्वहन के बारे में बताया गया। साथ ही वास्तविक मतदान हेतु सीलिंग आदि के बारे में जानकारी दी गई। पीठासीन और मतदान अधिकारियों को राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान के दौरान संपादित किए जाने वाले कार्यों के संबंध में जारी किए गए दिशा-निर्देशों एवं आदेशों को ध्यानपूर्वक अध्ययन कर उसके पालन करने के बारे में भी बताया गया। ज्ञात हो कि नगरीय निकायों हेतु निर्वाचन की सूचना एवं नाम निर्देशन पत्र प्राप्ति 22 जनवरी से प्रारंभ होगी तथा नाम निर्देशन पत्र 28 जनवरी अपराह्न 03 बजे तक प्राप्त किए जा सकेंगे। अभ्यर्थी 31 जनवरी तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। मतदान की प्रक्रिया 11 फरवरी को प्रातः 8 बजे से अपराह्न 5 बजे तक की जाएगी और मतगणना एवं परिणामों की घोषणा 15 फरवरी को की जाएगी।

# कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने किया जरहागांव धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने जरहागांव धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां समिति प्रभारी से लक्ष्य के विरूद्ध अब तक की कुल धान खरीदी की मात्रा, मिलर्स द्वारा उठाव की स्थिति, विक्रय कर चुके पंजीकृत किसानों की संख्या आदि के संबंध में जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धान खरीदी शासन का महत्वपूर्ण कार्य है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। धान खरीदी का कार्य अंतिम पड़ाव पर है। शेष बचे पंजीकृत किसानों से धान खरीदी का कार्य समय पर पूर्ण कर लिया जाए। कोई भी पंजीकृत किसान धान विक्रय करने से वंचित नहीं होना चाहिए। उन्होंने धान खरीदी केन्द्र में धान के उठाव एवं रखरखाव की व्यवस्था देखी और अधिकारियों को जल्द से जल्द निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि धान खरीदी कार्य में किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर जिला प्रशासन को तत्काल अवगत कराएं। उन्होंने संबंधित एसडीएम और राजस्व अधिकारियों को अवैध रूप से धान खपाने वाले कोचियों-बिचैलियों पर कड़ी निगरानी रखने, कोटवारों से सतत संपर्क बनाए रखने, खरीदी केंद्रों में जाकर भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अवैध रूप से धान खपाने वालों की सूचना मिलने पर राजस्व और पुलिस की टीम द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई की जा रही है। कहीं भी धान खरीदी के दौरान कोई गड़बड़ी की आशंका होती है, तो तत्काल सूचित करें। धान खरीदी के अंतिम समय में कोचियों-बिचैलियों द्वारा अवैध रूप से धान खपाने की संभावना बढ़ जाती है। इस पर कड़ी निगरानी रखें और गंभीरतापूर्वक कार्य करते हुए धान खरीदी कार्य को संपादित करें।

## रायपुर जिला कलेक्टर की रिपोर्ट नही मिलने पर कार्य आगे नही बढ़ पा रहा, जमीन व मिट्टी परीक्षण का कार्य पूर्ण

# रायपुर-बरगढ़ रेल लाइन निर्माण समिति के सदस्यों ने भूवनेश्वर रेल भवन में मुख्य अभियंता से की मुलाकात

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com



रायपुर से संबलपुर नई रेलवे लाईन निर्माण हेतु रायपुर बरगढ़ रेल लाईन निर्माण संघर्ष समिति के सदस्यों द्वारा 3 अगस्त को दिल्ली रेलभवन में रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर मांग पत्र सौंपा गया था। मामले की गंभीरता व क्षेत्र में रेल लाईन निर्माण की आवश्यकता को देखते हुवे अश्विनी वैष्णव द्वारा एक माह के अंदर ही निर्माण विभाग को सर्वे किये जाने का आदेश जारी कर दिया गया था । खुर्दा की एसएम कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा जमीनी व मिट्टी परीक्षण का कार्य समाप्त कर दिए जाने के बाद विभाग को सर्वे रिपोर्ट सौप दिया गया था। आगे की कार्यवाही, जानकारी व अन्य विषयों पर चर्चा किये जाने हेतु समिति का एक प्रतिनिधिमंडल 22 जनवरी को भुवनेश्वर स्थित रेलभवन जाकर मुख्य अभियंता से मुलाकात कर वस्तु स्थिति से अवगत होते हुवे जानकारी ली । इस संबंध में समिति के दिलीप गुप्ता, अविजित प्रतिहार व सत्यजीत प्रधान द्वारा 22 जनवरी को भुवनेश्वर स्थित रेल भवन में मुख्य अभियंता शशिमोहन सिंह से मुलाकात कर उन्हें रायपुर संबलपुर रेललाइन प्रोजेक्ट पर सक्रियता पूर्वक व गंभीरता से कार्य कर उसे आगे बढ़ाने में योगदान दिए जाने को देखते हुवे शाल व पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। इस संबंध में महासमुन्द सांसद रूपकुमारी चौधरी द्वारा रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव व जनरल मैनेजर को 22/6/24 को जारी पत्र भी प्रदान किया गया। अनौपचारिक चर्चा में बताया गया कि रेलमंत्री के निर्देशानुसार जमीन व पुल पुलियो के निर्माण हेतु सर्वे का कार्य पूर्ण हो चुका है । रायपुर से संबलपुर के बीच 270 किलोमीटर रेल लाइन निर्माण हेतु संबलपुर , बरगढ़ , महासमुन्द व रायपुर जिले के अंतर्गत पड़ने वाली भूमि से संबंधित जानकारी संबंधित रायपुर जिला को छोड़कर अन्य सभी जिलों की जानकारी प्राप्त हो चुकी है । रायपुर जिले के अंतर्गत आने वाले भूमि की जानकारी प्रदाय किये जाने हेतु रायपुर जिला कलेक्टर को बार बार पत्र लिखा गया है किंतु अभी तक इसकी कोई भी जानकारी इस विभाग को उपलब्ध नही कराये जाने के कारण आगे की कार्यवाही नही बढ़ पा रही है। रायपुर कलेक्टर से जानकारी प्राप्त होते ही शीघ्र रिपोर्ट तैयार कर जनरल मैनेजर भुवनेश्वर कोअग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित किया जाएगा। इस संबंध में बताया गया कि कलेक्टर रायपुर को जिले के 3 तहसील क्रमश रायपुर, आरंग व मंदिर हसौद के 22 ग्रामो के रेल लाईन निर्माण में आने वाले भूमि की जानकारी मांगी गई थी जो निम्नानुसार है रायपुर तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम रायपुर, खमतराई, शंकरनगर, तेलीबांधा, लाभांडी व गुमा, आरंग तहसील के ग्राम आकोली खुर्द, बोहारडीह, फरफौद, घोंट, बाना, पारासाठी, हरदी, सेमरिया व कागदेही तथा मंदिर हसौद के अंतर्गत आने वाले ग्राम बकतरा, पिपरहट्टा, खमरिया, दिगहरी, भानसोज, मालिडीह व बरचा ग्राम से संबंधित भूमि की जानकारी अप्राप्त होने के कारण फाइल आगे नही बढ़ पा रही है।

# 12.5 लीटर कच्ची शराब एवं 20 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त



पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब पर नियंत्रण के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। आबकारी विभाग के सहायक आयुक्त राजेश जायसवाल ने बताया कि मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम टिंगीपुर में मुरलीधर कौशिक से 6.3 लीटर देशी मदिरा प्लेन जब्त किया गया। इसी तरह पथरिया विकासखण्ड के ग्राम डिघोरा में बहादुर जांगड़े से 6.2 लीटर कच्ची महुआ शराब और 20 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया। उन्होंने बताया कि आरोपियों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान आबकारी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे।

# केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के वैज्ञानिक पहुंचे रायपुर, स्वच्छ वायु गुणवत्ता सुधार हेतु किए जा रहे कार्यों की हुई समीक्षा

## प्रदूषण मुक्त शहर विकास के प्रयासों को मिली सराहना, नवाचारों से जुड़कर देश में अपनी बड़ी पहचान बनाएगा रायपुर





पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के वैज्ञानिक डॉ. योगेंद्र कुमार सक्सेना ने रायपुर आकर राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के अंतर्गत 15 वें वित्त आयोग मद से वायु गुणवत्ता सुधार हेतु किए जा रहे प्रबंधों व नवाचारों की विस्तार से जानकारी ली एवं उपयोगी सुझाव भी अधिकारियों को दिए। उन्होंने रायपुर नगर निगम द्वारा शवदाह गृहों में नवाचारों के तहत फिल्टर लगाए जाने के प्रोजेक्ट को सराहा और कहा है कि इस दिशा में पहल करने वाला रायपुर संभवतः देश का पहला नगर निगम है। इसी तरह बीरगांव नगर निगम द्वारा सीएसआर अंतर्गत बृहद वृक्षारोपण व पेवर लगाए जाने के कार्यों की भी प्रशंसा की है एवं उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सामूहिक प्रयासों से स्वच्छ वायु के गुणवत्ता स्तर तक पहुंचने में रायपुर को सफलता मिलेगी। बैठक में नगर निगम के अपर आयुक्त कृष्णा खटिक, छ.ग. पर्यावरण संरक्षण मंडल क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर के क्षेत्रीय अधिकारी पी.के. रबड़े सहित परिवहन, नगर निगम बीरगांव व रायपुर के अधिकारी शामिल हुए। राजधानी रायपुर पहुंचे डॉ. सक्सेना छत्तीसगढ़ में रायपुर-बीरगांव, दुर्ग व भिलाई शहर हेतु राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के अंतर्गत नोडल अधिकारी हैं एवं इसी तारतम्य में उन्होंने राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के अंतर्गत 15 वें वित्त आयोग मद से किए जा रहे कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। रायपुर निगम द्वारा विस्तार से अवगत कराया गया कि अब तक 72 हजार से अधिक पौधा रोपण किया जा चुका है। सड़कों को धुल मुक्त रखने सघन आवागमन वाले क्षेत्रों में जल छिड़काव के अलावा बी.टी. रोड व कॉक्रीट सड़कों का निर्माण किया गया है। रायपुर नगर निगम द्वारा सी. एण्ड डी. प्रोसेसिंग प्लांट पूर्व क्षमता 15 टन से बढ़ाकर 65 टन प्रति दिवस कर ली गई है एवं स्वसहायता समूह की महिलाएं इस संयंत्र का संचालन कर रही है। इलेक्ट्रानिक व्हीकल्स के लिए 4 चार्जिंग स्टेशन बनाए गए हैं एवं अगले वित्तीय वर्ष में इनकी संख्या बढ़ाई जाएगी। शहर के तीन शवदाह गृहों में ए.पी.सी.डी. फिल्टर लगाए जाने के कार्य की डॉ. सक्सेना सराहना की एवं नगर निगम के माध्यम से गौ काष्ठ की सुलभता सुनिश्चित करते हुए दाह संस्कार हेतु इसके उपयोग हेतु प्रेरित करने का सुझाव दिया। इसी तरह जल के शोधन व दुर्गंध नाशक के तौर पर बायो एन्जाइम्स के उपयोग को भी बढ़ावा देकर एक नए नवाचार को प्रेरित करने का सुझाव भी उन्होंने दिया है। बैठक में बीरगांव नगर निगम के पेवर कार्य व वृक्षारोपण गतिविधियों को उन्होंने सराहा साथ ही परिवहन विभाग को पी.यू.सी. सर्टिफिकेट देने वाले एजेंसियों व सभी वाहनों का सघन प्रदूषण जांच के साथ ही अपशिष्ट के साथ जमें लीचेट्स के समयबद्ध निपटान के निर्देश भी दिए हैं। बैठक में रायपुर नगर निगम के मुख्य अभियंता यू.के. धलेंद्र, अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर, कार्यपालन अभियंतागण अंशुल शर्मा, रघुमणी प्रधान, नवसिंह फरेंद्र, द्रोणी कुमार पैंकरा, बीरगावं नगर निगम के कार्यपालन अभियंता धन्नूलाल देवांगन, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण मंडल के सलाहकार डॉ. पोखराज साहू, सहायक अभियंता कृष्ण विजय सिंह, उपअभियंता रमेश पटेल, ए.एस.ओ. रोहित कुमार मेहरा सहित जिला परिवहन विभाग के अधिकारी शामिल हुए।

# जशपुर विधायक रायमुनी को कोर्ट से मिली बड़ी राहत लोअर कोर्ट में दर्ज एकपक्षीय अपराध को किया खारिज








पायनियर संवाददाता ∢ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

विधायक रायमुनी पर प्रभु ईसा मसीह को लेकर की गई टिप्पणी मामले में न्यायालय में लाए गए परिवाद में एक नया मोड़ आ गया है। 6 जनवरी को प्रथम न्यायिक मजिस्ट्रेट अनिल कुमार चौहान के द्वारा विधायक के खिलाफ प्रथम दृष्टिया मामले में अपराध करते हुए कोर्ट में पेश होने का आदेश जारी किया था। इस मामले को अधिवक्ता सत्यप्रकाश तिवारी ने पुनरीक्षण का आवेदन विधि अनुरूप जिला एवं सत्र न्यायाधीश के पास लगाया गया था। इसकी सुनवाई करते हुए जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने प्रथम न्यायाधीश के द्वारा जारी आदेश को दोनों पक्ष को सुने बगैर एकपक्षीय आदेश बताते हुए 6 जनवरी के विधायक के खिलाफ दर्ज अपराधिक प्रकरण को अपास्त यानि खारिज करने का निर्देश जारी कर दिया है और दोनों पक्ष को सुनने के आदेश दिए हैं।

### इस तरह हुई सुनवाई

न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी जशपुर द्वारा आपराधिक प्रकरण क्र. 10/2025 हेरमोन कुजूर विरुद्ध रायमुनी भगत में पारित आदेश 6 जनवरी 25 जिसके द्वारा पुनरीक्षणकर्ता के विरुद्ध धारा 196, 299, 302 बी.एन.एस. एवं सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2008 की धारा 66 का अपराध पंजीबद्ध किया जाकर पुनरीक्षणकर्ता की उपस्थिति के लिए समंस जारी करने का आदेश दिया गया। उक्त मामले में न्यायालय सत्र न्यायाधीश जशपुर जिला ने महत्वपूर्ण आदेश जारी करते हुए मामले में अपना फैसला सुनाया है। जिसमें विधायक रायमुनी भगत को राहत देते हुए उनके विरुद्ध हुए एकतरफा एफआईआर को निरस्त कर दिया गया है। न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी जशपुर के द्वारा आदेश में कहा गया कि पुनरीक्षणकर्ता द्वारा लिया गया प्रथम आधार कि न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी जशपुर के द्वारा अपराध का संज्ञान लिए जाने से पूर्व पुनरीक्षणकर्ता को सुनवाई का अवसर नही दिया उचित प्रतीत होता है। न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी जशपुर के द्वारा 06.01.2025 को पुनरीक्षणकर्ता के विरुद्ध धारा 196, 299, 302 बी.एन.एस. एवं सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2008 की धारा 66 के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध करने से पूर्व पुनरीक्षणकर्ता को सुनवाई का अवसर नहीं दिया गया, जिसके कारण न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी जशपुर द्वारा आप. प्रकरण क्रं. 10/2025 हेरमोन कुजूर विरुद्ध रायमुनी भगत मे पारित आदेश 6 जनवरी 25 पूर्णतः 4 विधिक आधारो पर आधारित न होने से स्थिर रखे जाने योग्य प्रतीत नहीं होता। अतः आलोच्य आदेश 6 जनवरी 25 अपास्त किया जाता है तथा प्रकरण न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी जशपुर को इस निर्देश के साथ प्रतिप्रेषित किया जाता है कि वे परिवाद पर संज्ञान लेने से पूर्व पुनरीक्षणकर्ता को सुनवाई का अवसर प्रदान करें और उसके पश्चात पुनः आदेश पारित करें।

# गौवंशों के लिए अखिल जैन के कार्य प्रशंसनीय : अनुसुइया उईके

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

पूर्व राज्यपाल अनुसुइया उईके गौशाला खैरागढ़ के ट्रस्टी डॉ. अखिल जैन (पदम डाकलिया) के देवेंद्रनगर स्थित निज निवास पहुंची। उन्होंने परिवार के सदस्यों से मुलाकात की और मनोहर गौशाला के संबंध में पूर्ण जानकारी ली। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में गौ आधारित कृषि ही हमारे जीवन को सुरक्षित कर सकती है। मनोहर गौशाला में बनने वाले उत्पाद वर्तमान समय की मांग है और इनका प्राकृतिक चक्र की सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान है। गौवंशों की सेवा कर डॉ. जैन गोबर-गौमूत्र से बहुत अच्छे उत्पाद बना रहे हैं, जो सराहनीय है। इस दौरान पूर्व राज्यपाल ने गोबर और गौमूत्र से बनने वाले प्रोडक्ट पर चर्चा कर मनोहर आर्गेनिक गोल्ड की पैकेजिंग को लॉन्च किया। उन्होंने घर के भ्रमण के दौरान साधु-साध्वी भगवंत की सेवा के लिए बने सदन की सराहना की। उन्हें मनोहर गौशाला की तरफ से महेंद्र लोढ़ा, इंदु देवी लोढ़ा, शीलू कोठारी, सपना डाकलिया ने 'गाय एक वरदान' पुस्तक भेंट की गई।



# उद्योगपतियों की तरह ही डीजल की वैट दर और बिजली दर में आम जनता को भी छूट दे : दीपक बैज



पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा की सरकार महंगाई से राहत देने में भेदभाव कर रही है। उद्योगपतियों से डीजल में प्रति लीटर 17 प्रतिशत वैट चार्ज लिया जा रहा है। उद्योगपतियों को डीजल में प्रति लीटर 6.50 रु. की छूट दी जा रही है। वही आम जनता, किसान, छोटे मंझौल व्यापारी, ट्रांसपोर्टर, बस मालिक, ट्रेक्टर मालिक, ऑटो, टेम्पो मालिको को 6.50 रु. की छूट से वंचित किया गया है। इनसे डीजल में प्रति लीटर 24 प्रतिशत की दर से वैट लिया जा रहा है। यह कैसा भेदभाव है? महंगाई से तो हर वर्ग पीड़ित है। हर वर्ग परेशान है और सरकार की जवाबदेही है। जब कोई नीति निर्धारित करता है तो उसका लाभ सर्वहारा वर्ग को मिलना चाहिए। उद्योगपतियों को बिजली दर में 1 रु. की छूट दी गई है, वही आम उपभोक्त ाओं को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है, बल्कि प्रदेश के आम उपभोक्त ा महंगी बिजली दरों से परेशान है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा की सरकार पूंजीपतियों एवं खास वर्गों को लाभ पहुंचाने के लिए काम करती है, यह प्रदेश के 3 करोड़ जनता के साथ अन्याय हैं। कांग्रेस सरकार ने छोटे जमीन खरीदने पर रजिस्ट्री में 30 प्रतिशत छूट जो गरीबों को और मध्यम वर्गों को दिया था, उस छूट को खत्म कर दिया गया है। छोटे प्लाट खरीद कर मकान बनाने वालों के सपनों को चूर किया है।

# गणतंत्र दिवस और महात्मा गांधी निर्वाण दिवस पर मांस-मटन की बिक्री पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर नगर निगम क्षेत्र में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस और 30 जनवरी को महात्मा गांधी निर्वाण दिवस पर मांस-मटन का विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुपालन में रायपुर नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग की ओर से इस संबंध में आदेश जारी किए गए हैं। रायपुर नगर निगम ने 26 जनवरी और 30 जनवरी को पशुवध गृहों और मांस-मटन विक्रय की सभी दुकानों को बंद रखने के संबंध में आदेश प्रसारित किया है। इन दोनों दिवसों में किसी भी दुकान में मांस-मटन की बिक्री करते पाए जाने पर जप्ती के साथ ही संबंधित व्यक्ति के विरूद्ध यथोचित कार्यवाही की जाएगी। गणतंत्र दिवस और महात्मा गांधी निर्वाण दिवस पर रायपुर नगर निगम के सभी जोनों के स्वास्थ्य अधिकारी तथा स्वच्छता निरीक्षक मांस-मटन के विक्रय पर प्रतिबन्ध के आदेश का व्यवहारिक पालन सुनिश्चित करवाएंगे। इसके लिए उन्हें अपने-अपने जोन में मांस-मटन की दुकानों के सतत पर्यवेक्षण के लिए निर्देशित किया गया है।

# कलेक्टर परिसर के 100 मीटर के परिधि में धरना प्रदर्शन प्रतिबंधित

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर परिसर के 100 मीटर के परिधि में धरना प्रदर्शन प्रतिबंधित कर दिया गया है। छत्तीसगढ राज्य निर्वाचन आयोग ने 20 जनवरी को निर्वाचन की घोषणा कर दी है। जिसके अंतर्गत रायपुर जिले में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। इसके तहत ही यह प्रतिबंध लगाया गया है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह ने आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार 22 जनवरी से नाम निर्देशन का कार्य प्रारंभ हो गया है और नागरिकों के आवाजाही की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टोरेट परिसर के 100 मीटर की परिधि मे रैली, जुलूस, धरना और विरोध प्रदर्शन को प्रतिबंधित किय गया है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रदत्त अधिकारो का प्रयोग करते हुए कलेक्टर परिसर के 100 मीटर की परिधि मे रैली, जुलूस धरना और विरोध प्रदर्शन को प्रतिबंधित किया गया है। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले समूह एवं व्यक्ति के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी। यह आदेश दिनांक से मतदान समाप्ति तक प्रभावशील रहेगा।

24 Jan 2025 Pride Of Raipur

HAPPY BOX CO
Yummy ! Ghar ka Khana !!
Freshness Guaranteed
Lunch & Dinner Takeaway Boxes
Snacks Menu for Kitty Parties
Main Course for Family Functions
87700 16830 www.happyboxco.in

TENSILE SHADE
CAR PARK SHADE
Tensile + Membrane + Structure
Your Vision Our Craftmanship
R.B.Plus RAIPUR 81091 11313 86028 11220

Turnkey Projects Modular Ot Setup and Hospital Setup
• HOUSEKEEPING CHEMICAL
• KITCHEN • LAUNDARY
• SURGICAL ALL TYPES OF CLEANING CHEMICAL RANGE IS AVAILABLE
COSMIC MEDTECH SYSTEM
92015 83434, 7974994955

जय श्री कृष्णा
अंकित बाउण्ड्रीवॉल
प्रीकास्ट चैनलिंक जाली पोल फेंसिंग
अब आपके बेशकीमती प्लाट को सुरक्षित रखना हुआ आसान
प्रिकास्ट, ब्रिक्स बाउण्ड्रीवाल, डी.पी. सी पोल फेंसिंग करवाने हेतु संपर्क करें ।
V.I.P. रोड रायपुर
98279-59655

RIDERZONE
SINCE 2017
▪ हेलमेट ▪ राइडिंग जैकेट ▪ राइडिंग ग्लव्स
▪ राइडिंग पैंट ▪ राइडिंग जूता ▪ एसेसरीज
A Complete Riding Gear Store
श्याम नगर, रायपुर (छ.ग.)
CONTCAT - 80162-38584

जगह उपलब्ध
कोचिंग एवं ट्यूशन क्लास
के लिए शहर के प्राइम लोकेशन में फुल्ली फर्निश्ड जगह उपलब्ध।
1. सिविल लाइन, 2. चौरसिया कॉलोनी, संतोषी नगर, रायपुर में, पार्किंग सुविधा के साथ। संपूर्ण सुविधायुक्त क्लासरूम, टेबल, चेयर और बोर्ड्स सहित।
समय - 2 बजे से रात 10 तक
संपर्क - 7828253335, 9300253335

होमलोन व मार्डगेज लोन
10 लाख से 10 करोड़ तक
राष्ट्रीयकृत एवं प्रतिष्ठित बैंक द्वारा
होम लोन ब्याज दर मात्र 8.70%*
मार्डगेज लोन ब्याज दर मात्र 9.50%*
वर्तमान होमलोन को ट्रांसफर करायें कम ब्याज दर पर 8.70%
पायें उतना ही अतिरिक्त लोन, होम लोन दर पर 8.70%*
SHRI SIDDHI VINAYAK FINACE
Near Samudayik Bhawan, Jorapara, Raipur
Mob.: 9329002356
नोट - बैंकिंग एवं फायनेंस सेक्टर में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़कों की आवश्कता है।

क्या आपके यहां बार - बार चोरी हो रही है ?
तो ब्रांडेड कैमरे ही लगवायें
हम सामान ही नही, सर्विस भी अच्छी देते है
शहर से बाहर गोडाउन, घर एवं शॉप को मोबाईल पर लाईब देखें
क्या आप सस्ते कैमरे लगवाकर नाखुश है ?
सेल्स एण्ड सर्विस के लिए संपर्क करें -
लक्ष्मी सिक्यूरिटी सिस्टम
91652-22223, 93292-94567

Cartridge Refilling
Refiling @ Your Door Step
JB Mall, Lower Ground Floor, M.G. Road, Raipur (C.G.)
Callaway Print Your Omagination With Us..
9302787900, 9425211789

विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567

### गणतंत्र दिवस पर नगर निगम मुख्यालय भवन में ध्वजारोहण कार्यक्रम

**रायपुर।** गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2025 रविवार को प्रातः 7.30 बजे रायपुर नगर पालिक निगम के मुख्यालय भवन महात्मा गाँधी सदन के प्रांगण में ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। रायपुर जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक डॉक्टर गौरव कुमार सिंह नगर निगम मुख्यालय भवन के प्रांगण में राष्ट्र ध्वज तिरंगा फहराएंगे। इस अवसर पर रायपुर नगर पालिक निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा सहित रायपुर नगर पालिक निगम के सभी अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहेंगे।

### लेन-देन के आरोप में खाद्य सुरक्षा अधिकारी निलंबित

**रायपुर।** खाद्य सुरक्षा अधिकारी एहसान तिग्गा को खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने निलंबित कर दिया है। अधिकारी पर कार्यवाही के दौरान अवैध रूप से किये जा रहे पैसों के लेनदेन का आरोप है। इस मामले में सरकार ने तत्काल संज्ञान लेते हुये फूड एंड ड्रग्स डिपार्टमेंट के अफसर एहसान तिग्गा को सस्पेंड कर दिया गया है।

# पॉवर कंपनी में नेत्र एवं चर्म रोग शिविर संपन्न




पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के डंगनिया स्थित औषधालय में रायपुर नेत्र चिकित्सालय एवं मिश्राज हॉस्पिटल के सहयोग से नेत्र एवं चर्म रोग शिविर का आयोजन किया गया। चिकित्सा अधिकारी डॉ निलेश सिंह व डॉ इंदु साहू के नेतृत्व में शिविर संपन्न हुआ। जिसमें लगभन 110 से अधिक रोगी लाभान्वित हुए। डॉ सिंह ने बताया कि डॉ मिश्राज हॉस्पिटल नयापारा फूलचैक रायपुर के अंतर्गत नेत्र, दांत, बाल चिकित्सा, कान-नाक-गला, चर्म और बालों के रोग के डॉक्टरों की विशेष टीम है। यहां सर्वसुविधायुक्त सभी आधुनिक तकनीकी की मशीनें उपलब्ध हैं। यह चिकित्सालय पॉवर कंपनीज में सूचीबद्ध है। जिसकी सुविधा पॉवर कंपनी के अधिकारी-कर्मचारी ले सकते हैं। उल्लेखनीय है कि जनवरी माह में यह दूसरा बड़ा शिविर था और पहली बार चर्म रोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आए डॉ. प्रांजल मिश्र (नेत्र रोग विशेषज्ञ) व डॉ. सृष्टि मिश्र (चर्म, बाल, सौंदर्य विशेषज्ञ) द्वारा निःशुल्क नेत्र, चर्म और बालों के रोगों का परीक्षण और परामर्श किया गया। शिविर में आए रोगियों के जांच हेतु पंजीयन किया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि अधिकांश रोगियों की आंखों मे जलन, लालपन, सूखापन और कम दृष्टि की समस्या थी। इसका एक प्रमुख कारण लम्बा स्क्रीन टाईम है। उन्होनें अधिकारी-कर्मचारी को इससे बचने हेतु घरेलू टिप्स भी दिये और आवश्यक दवाइयों का सुझाव दिया गया। साथ ही बड़ी समस्या वाले रोगियों को ऑपरेशन की सलाह दी गई। इसी प्रकार चर्म रोगियों को भी समस्या अनुसार दवाई और संबंधित उपचार के बारे मे जानकारी प्रदान की गई। पॉवर कंपनीज के औषधालय प्रबंधन ने बताया कि नये साल की शुरूआत जन सेवा अभियान के साथ हुआ है और कंपनी के समस्त अधिकारी-कर्मचारी, पेंशनर्स और परिवारजन के लिए अनेक सुविधा उपलब्ध हैं।

# नगर निगम मुख्यालय के कक्ष क्रमांक 217 एवं सभी 10 जोन कार्यालयों में अदेय प्रमाणपत्र जारी करने कुल 11 काउंटर

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम रायपुर की उपायुक्त राजस्व डॉक्टर अंजलि शर्मा ने जानकारी दी है कि रायपुर जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार और नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार नगर निगम राजस्व विभाग द्वारा नगर पालिक निगम रायपुर के मुख्यालय भवन महात्मा गाँधी सदन के कक्ष क्रमांक 217 और नगर निगम के सभी 10 जोन कार्यालयों में नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 हेतु समस्त प्रकार के कर बकाया के सम्बन्ध में निर्वाचन अदेय प्रमाण पत्र जनप्रतिनिधियों को जारी करने हेतु कुल 11 काउंटर खोले गए है। इनमें से किसी भो काउंटर में सम्पर्क कर इच्छुक जनप्रतिनिधि सम्पर्क कर अदेय प्रमाणपत्र प्राप्त करने अपना आवेदन दे सकते है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403